हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 23.04.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 269 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# पहलगाम में आतंकी हमला : 26 की मौत, कई घायलों की हालत गंभीर

- बैसरन, पहलगाम में घुड़सवारी कर रहे पर्यटकों पर आतंकी हमला।
- आतंकियों ने धर्म पूछकर लोगों को मारी गोलियां।
- आतंकी पुलिस/आर्मी की वर्दी में थे, टीआरएफ का हाथ होने की आशंका।
- हमले में कई घोड़े भी घायल हुए।
- सीआरपीएफ की क्यूएटी मौके पर रवाना, सर्च ऑपरेशन जारी।
- पर्यटक डरे-सहमे, स्थानीय लोगों ने दुकानें बंद कीं।
- बीजेपी और पीडीपी ने हमले की निंदा की।
- अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल।



एजेंसी

**पहलगाम :** जम्मू-कश्मीर का शांत और सुरम्य इलाका पहलगाम मंगलवार को गोलियों की आवाज से दहल उठा। एक ओर पर्यटक बर्फ से ढकी वादियों और घोड़ों की सवारी का लुत्फ उठा रहे थे, वहीं दूसरी ओर आतंकी घात लगाकर उन्हें निशाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। इस कायराना हमले में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। आतंकी धर्म पूछ-पूछकर लोगों को गोली मार रहे थे। मरने वालों में दो विदेशी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से बात कर जरूरी कदम उठाने को कहा है।

बैसरन इलाके में कुछ पर्यटक घोड़े पर सवार होकर ऊंची पहाड़ियों की ओर जा रहे थे। तभी अचानक छुपे हुए आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर आर्मी या पुलिस की वर्दी में थे, जिससे कोई उन्हें पहचान नहीं पाया। हमले में न सिर्फ इंसानों को गोली लगी, बल्कि कई घोड़े भी बुरी तरह घायल हो गए। हमले के तुरंत बाद अफरा-तफरी मच गई। पर्यटक अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।

### घायल हुए लोगों में कौन-कौन शामिल?

घायलों में 3 स्थानीय नागरिक और 9 पर्यटक शामिल हैं। कई घायलों की हालत बेहद गंभीर है, जिन्हें एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर भेजा गया है।

### आतंकी कौन थे?

सूत्रों के मुताबिक, इस हमले के पीछे TRF (The Resistance Front) नाम की आतंकी तंजीम का हाथ बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दो से तीन हमलावर पुलिस/आर्मी यूनिफॉर्म में थे। घटना के बाद इलाके में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सीआरपीएफ की क्विक रिएक्शन टीम (QAT) को मौके पर रवाना किया गया है। पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है।

### क्या कहा नेताओं ने

बीजेपी नेता रविंदर रैना ने इस हमले को 'कायराना हरकत' बताते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकी हमारे जवानों का सामना नहीं कर सकते, इसलिए मासूम पर्यटकों को निशाना बना रहे हैं। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी हमले की निंदा की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

### स्थानीय लोगों की चिंता

हमले के बाद कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। कई स्थानीय लोग रोते-बिलखते नजर आए। एक महिला पर्यटक का वीडियो सामने आया है जिसमें वह रोते हुए कहती हैं, मेरे बेटे को गोली लगी है, कोई मदद करो।

इस हमले के बाद अमरनाथ यात्रा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है, क्योंकि पहलगाम यात्रा का प्रमुख बेस कैंप है। जून-जुलाई में लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## पीएम मोदी के निर्देश पर जम्मू कश्मीर पहुंचे गृह मंत्री



**नयी दिल्ली :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण हमले में एक पर्यटक की मौत हो गई है। 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा है। जिसके बाद गृह मंत्री जम्मू कश्मीर पहुंचें। बता दें कि मंगलवार दोपहर पहलगाम के बेसराण में आतंकियों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में कई लोगों की मौत हो गई और कम से कम 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिनमें पर्यटक और स्थानीय शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री अमित शाह ने आपात बैठक बुलाई है। बैठक में कई शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के डीजीपी वर्चुअली इस बैठक से जुड़े थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं।

## एक नजर

### पहली बार 1,00,000 रुपये पहुंची सोने की कीमत

**नयी दिल्ली :** सोने ने मंगलवार को नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार इसकी कीमत 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 96,670 रुपये था, जो दिखाता है कि बीते 24 घंटे में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 97,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के 5 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट्स 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98,991 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थे। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह फेड रेट कट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बीच मतभेद होना है। वहीं, अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने को माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों और विशेषज्ञों से की मुलाकात

# झारखंड निवेश को शीघ्र और सहज रूप से धरातल पर उतारने के लिए वचनबद्ध है : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड में निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्पेन के बार्सिलोना में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं और झारखण्ड में निवेश की संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान झारखंड सरकार को आरसीडी एसपेनियोल फुटबॉल क्लब ने खेल विकास, विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया है। यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम, झारखंड में खेल खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा।






मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों और प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस दौरान स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखंड में एक जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखंड आने और राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप एएस (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की। उन्होंने झारखंड में एक गीगा फैक्टरी स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी। यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किए गए निवेश के समान होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि झारखंड में स्टार्टअप्स और उनके मेंटर्स का मैपिंग किया जाए और उन्हें वैश्विक इनक्यूबेटरों से जोड़ा जाए। खाद्य प्रसंस्करण, विशेष रूप से झारखंड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी), अनुसंधान और विकास, फार्मास्युटिकल, मेडटेक तथा बायोटेक में अनुसंधान जैसे विषय शामिल रहे। मौके पर मुख्यमंत्री सोरेने ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन और अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय प्रगति की है और निवेश को शीघ्र और सहज रूप से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हरिओम टावर समेत रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े कई ठिकानों पर ईडी की रेड



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में मंगलवार सुबह ईडी ने रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई मुख्य रूप से राजवीर कंस्ट्रक्शन और अन्य बिल्डरों से जुड़े दफ्तरों व परिसरों पर की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम लालपुर थाना क्षेत्र और हरिओम टावर स्थित राजवीर कंस्ट्रक्शन के कई ठिकानों पर तलाशी ले रही है। हालांकि, अभी तक ईडी ने इस छापेमारी से जुड़े मामले या आरोपों के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

स्थानीय सूत्रों की मानें तो छापेमारी के दौरान ईडी ने कई अहम दस्तावेजों की जांच की है, साथ ही डिजिटल डाटा और लेन-देन से जुड़ी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। मौके पर ईडी अधिकारी तैनात हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह छापेमारी किस आर्थिक अपराध या मनी लॉन्ड्रिंग के मामले से जुड़ी है, लेकिन जांच के बाद इसकी पूरी जानकारी सामने आने की संभावना है।

बोकारो वन भूमि घोटाले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो गई है। बोकारो में हुए 100 एकड़ से ज्यादा के वन भूमि घोटाले मामले में ईडी ने झारखंड की राजधानी रांची सहित कई अन्य शहरों के करीब एक दर्जन के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। प्रवर्त्तन निदेशालय की टीम ने मनमोहन कंट्रक्शन ऑफिस,वन विभाग ऑफिस, निबंधन कार्यालय, अंचल कार्यालय और इजहार हुसैन के आवास छापेमारी की है। सरकारी कार्यालय में ईडी की छापेमारी से हड़कम्प मचा है। इधर रांची के लालपुर, बरियातू सहित बोकारो और रामगढ़ इलाके के कुछ जगहों पर रेड हुआ है। छापेमारी के दायरे मे बोकारो में 74.38 एकड़ जमीन खरीदने वाले उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े लोगों को भी शामिल किया गया है। इडी ने बोकारो भूमि घोटाले के सिलसिले में विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज करने के बाद इडी ने यह कार्रवाई शुरू की है।


# 21 तोपों की सलामी और देशभक्ति गीतों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जेद्दा में हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी

**जेद्दा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार दोपहर जेद्दा हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और इस अवसर पर सऊदी अरब के एक शख्स ने उन्हें बॉलीवुड फिल्म 'राजी' का गाना 'ए वतन, मेरे वतन आबाद रहे तू' गाकर सुनाया।

### जेद्दा में 21 तोपों की सलामी और औपचारिक स्वागत

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, ऐतिहासिक बंदरगाह शहर जेद्दा में 21 तोपों की सलामी और औपचारिक स्वागत। मक्का के उप-राज्यपाल एचआरएच प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद, वाणिज्य मंत्री एच.ई. माजिद बिन अब्दुल्ला अल कसाबी और जेद्दाह के मेयर एच.ई. सालेह अली अल-तुर्की की तरफ से गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



### पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा दोनों देशों के बीच दोस्ती होगी और अधिक मजबूत

पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, सऊदी अरब के जेद्दाह में उतरा। इस यात्रा से भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती और मजबूत होगी। आज और कल विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। यह प्रधानमंत्री तीसरी सऊदी अरब यात्रा है इससे पहले वह 2016 और 2019 में सऊदी अरब का दौरा कर चुके हैं।

### सऊदी एयर स्पेस में एक अनोखा नजारा देखने को मिला

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के प्लेन की जेद्दा में लैंडिंग से पहले सऊदी एयर स्पेस में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पीएम मोदी के प्लेन को रॉयल सऊदी वायु सेना के लड़ाकू वीमानों ने एस्कॉर्ट किया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दोस्ती की ऊंची उड़ान! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजकीय यात्रा के एक विशेष संकेत के रूप में, उनके विमान को सऊदी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही रॉयल सऊदी वायु सेना ने एस्कॉर्ट किया।

यह प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक शहर जेद्दा की पहली यात्रा है, जहां रणनीतिक साझेदारी परिषद (एसपीसी) की दूसरी बैठक होनी है। द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अक्टूबर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब की पिछली राजकीय यात्रा के दौरान एसपीसी की स्थापना की गई थी।

### भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे

शाम को, (भारतीय समय के अनुसार), प्रधानमंत्री मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की दिवसीय सऊदी अरब यात्रा ने भारतीय समुदाय को उत्साह और गर्व से भर दिया है। जेद्दा में भारतीय समुदाय सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परफॉर्मेंस के साथ इस अवसर का जश्न मना रहा है। भारतीय समुदाय सऊदी अरब में सबसे बड़ी प्रवासी आबादी में से एक है। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ पेशेवरों तक, हर कोई प्रधानमंत्री की यात्रा पर खुशी और गर्व व्यक्त कर रहा है। इससे पहले मंगलवार को प्रस्थान से पहले पीएम मोदी ने कहा, आज, मैं क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री महामहिम महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहा हूं। उन्होंने कहा, भारत सऊदी अरब के साथ अपने पुराने और ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता है, जिसने हाल के वर्षों में रणनीतिक गहराई और गति हासिल की है।


# यूपीएससी : प्रयागराज की शक्ति ने किया टॉप, झारखंड की बेटी आस्था बनी आईएएस

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने यूपीएससी सिविल सेवा अंतिम परीक्षा 2024 का परिणाम जारी हो गया है। इस बार उत्तर प्रदेश का परिणाम पर दबदबा रहा है। शक्ति दुबे ने यूपीएससी सिविल सेवा अंतिम परीक्षा 2024 में अव्वल स्थान हासिल किया है। वह प्रयागराज की हैं। वहीं, हर्षिता गोयल ने दूसरा, डोंगरे अर्चित पराग ने तीसरा, शाह मार्गी चिराग ने चौथा, आकाश गर्ग ने पांचवां, कोमल पुनिया ने छठा और आयुषी बंसल ने सातवां स्थान हासिल किया है।

वहीं बरही प्रखंड के जरहिया गांव की बेटी आस्था शरण ने अपने दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और अथक प्रयास से वह मुकाम हासिल किया है, जिसकी तमन्ना देश के लाखों युवा करते हैं। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में उन्होंने ऑल इंडिया 354वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने गांव और परिवार का, बल्कि पूरे हजारीबाग का नाम रोशन कर दिया है। आस्था शरण एयरफोर्स से सेवानिवृत्त शिव शरण की इकलौती बेटी हैं। उनके दादा दिनेश यादव जरहिया गांव के प्रतिष्ठित नागरिक हैं, जबकि उनके चाचा शशि भूषण यादव और शम्भू शरण यादव भी समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। आस्था की सफलता से पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है, वहीं गांव में भी जश्न का माहौल है। आस्था की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, चंडीगढ़ में हुई। उन्होंने यहीं से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा





उत्तीर्ण की। इसके बाद देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी बीएचयू से उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। कॉलेज के दौरान ही उनका कैंपस सिलेक्शन हुआ, जहां उन्होंने दो वर्षों तक वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से सेवाएं दीं। हालांकि इंजीनियरिंग और नौकरी की राह पर सफल होने के बावजूद, आस्था का सपना था भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने दिल्ली में एक वर्ष तक पूरी निष्ठा से यूपीएससी की तैयारी की।

## एक नजर

### पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : बटेश्वर प्रसाद

**इचाक** : कोडरमा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह का निधन से कोडरमा संसदीय क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उक्त बातें स्वतन्त्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष और बरकट्ठा विस के पूर्व प्रत्यासी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि स्व सिंह 1984 और 1999 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। इसके पूर्व इन्होंने 1972 में गिरिडीह जिला परिषद के अध्यक्ष रहे। फिर 1977 में गिरिडीह जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बने, और 1980 में धनवार विधान सभा के विधायक चुने गए। 1984 और 1999 में लगातार सांसद बन कर कोडरमा संसदीय क्षेत्र के सासंद बनकर क्षेत्र की जो सेवा की है वह अविस्मर्णीय है। श्री मेहता ने यह भी कहा कि स्व सिंह हमारे राजनीतिक गुरु थे। 1984 में उनके पहल पर मुझे हजारीबाग जिला शिक्षा समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। उन्ही के प्रयास से मुझे धनबाद रेल मंडल का सदस्य भी बनाया गया था। उनका निधन से मैं काफी मर्माहत हूँ। ईश्वर उनको अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

### विधायक कक्ष में लगा जनता दरबार दर्जनों लोगों की सुनीं गई समस्याएं

**बरही** : बरही प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने जनता दरबार लगाया। इस मौके पर दर्जनों लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे, जिनकी शिकायतों को उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना और यथासंभव समाधान भी किया। जनता दरबार के दौरान रमेश ठाकुर ने कहा कि हमारे विधायक मनोज कुमार यादव जनसेवा की भावना से पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। हम भी उनके निदेर्शों का पालन करते हुए जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान आने वाले नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं जैसे पेंशन, राशन, आवास, और स्थानीय विकास से जुड़ी परेशानियों को सामने रखा। श्री ठाकुर ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। मौके पर युगल यादव, टेकलाल यादव, पिंटू ठाकुर, विकास यादव, दीपक भगत सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में 50 घंटे बाद शव उठाने पर बनी सहमति

**केरेडारी**: केरेडारी प्रखंड 20 अप्रैल को कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी ओएसएल के हाइवा वाहन के चपेट में आने से मृत बीजीआर कर्मी विकास कुमार राम पिता तेतर राम पांडु गांव निवासी के शव को 56 लाख 50 हजार रुपए मुआवजा देने के सहमति के आधार पर उठा लिया गया। और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय विधायक रौशन लाल चौधरी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के एजीएम सुभाष प्रसाद गुप्ता पांडु मुखिया पति रवानी मियां इंटक नेता परमेश्वर कुमार ओ एस एल कंपनी के प्रतिनिधि परवेज समेत अन्य के पहल पर मृतक के पत्नी ग्रामीणों और परिजनों के बीच 56 लाख 50 हजार रुपए मुआवजा देने मृतक की पत्नी कविता देवी को नौकरी भत्ता मृतक के तीनों बच्चों को शिक्षा के सुविधा एनटीपीसी द्वारा देने तथा किसी भी व्यक्ति पर मुकदमा नहीं दर्ज करने के लिखित सहमति के आधार पर 50 घंटे से बंद केरेडारी कोल माइंस में कोयला खनन और परिवहन कार्य शुरू हो गया।

## बरही की आस्था बनी आईएएस, यूपीएससी में 354वां रैंक हासिल कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

# शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना होगी हमारी प्राथमिकता : आस्था शरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के जरहिया गांव की बेटी आस्था शरण ने अपने दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और अथक प्रयास से वह मुकाम हासिल किया है, जिसकी तमन्ना देश के लाखों युवा करते हैं। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में उन्होंने ऑल इंडिया 354वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने गांव और परिवार का, बल्कि पूरे हजारीबाग का नाम रोशन कर दिया है। आस्था शरण एयरफोर्स से सेवानिवृत्त शिव शरण की इकलौती बेटी हैं। उनके दादा दिनेश यादव जरहिया गांव के प्रतिष्ठित नागरिक हैं, जबकि उनके चाचा शशि भूषण यादव और शम्भू शरण यादव भी समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। आस्था की सफलता से पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है, वहीं गांव में भी जश्न का माहौल है। आस्था की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, चंडीगढ़ में हुई। उन्होंने यहीं से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी बीएचयू से उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। कॉलेज के दौरान ही उनका कैंपस सिलेक्शन हुआ, जहां उन्होंने दो वर्षों तक वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से सेवाएं दीं। हालांकि इंजीनियरिंग और नौकरी की राह पर सफल होने के बावजूद, आस्था का सपना था भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने दिल्ली में एक वर्ष तक पूरी निष्ठा से यूपीएससी की तैयारी की। पहले प्रयास में वे महज 9 अंकों से असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर में 354वीं रैंक प्राप्त की। आस्था की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जरहिया गांव, बरही प्रखंड और संपूर्ण हजारीबाग में खुशी की लहर है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह सिर्फ आस्था की चर्चा है। लोग गर्व से उनका नाम ले रहे हैं और उन्हें आने वाले प्रशासनिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। उनका कहना है कि अगर सपनों को हकीकत में बदलना है, तो समर्पण, अनुशासन और धैर्य जरूरी है। असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उसे अनुभव के रूप में लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनकी सफलता यह भी दशार्ती है कि छोटे गांवों से निकलने वाले युवा भी यदि संकल्प लें, तो देश की सबसे कठिन परीक्षा में भी सफलता पाई जा सकती है। आज आस्था न सिर्फ एक होनहार बेटी हैं, बल्कि हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन चुकी हैं। आस्था शरण की यह उपलब्धि साबित करती है कि दृढ़ निश्चय और कठिन परिश्रम से कोई भी सपना असंभव नहीं है। उनका सफर यह भी बताता है कि असफलता, सफलता की पहली सीढ़ी हो सकती है, अगर इंसान में उसे स्वीकार कर दोबारा प्रयास करने का साहस हो। आस्था की यह यात्रा आने वाले कई युवाओं को अपने सपनों के पीछे भागने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती रहेगी।

**32 लाख की नौकरी छोड़ यूपीएससी की तैयारी शुरू की**


एक शानदार मिसाल पेश करते हुए एक युवा ने 32 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज की नौकरी छोड़कर सिविल सेवा की तैयारी का जोखिम उठाया और मेहनत रंग लाई। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 354वीं रैंक हासिल की है। उच्च वेतन और कॉरपोरेट जीवन की सुविधा छोड़कर इस युवा ने राष्ट्र सेवा का सपना देखा और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की। अब यह सफलता न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उन तमाम युवाओं के लिए प्रेरणा है जो जीवन में बड़ा लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। संघ लोक सेवा आयोग में 354वीं रैंक हासिल करने वाली प्रतिभाशाली उम्मीदवार पहले भी शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखा चुकी हैं। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की पूर्व छात्रा रह चुकी हैं और उन्होंने आईआईटी बीएचयू से अपनी पढ़ाई पूरी की है।

### बरही की बेटी आस्था शरण की यूपीएससी में सफलता पर मनोज यादव ने दी बधाई



बरही : बरही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जरहिया बरही की बेटी आस्था शरण ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 354वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर बरही विधायक मनोज यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह अभूतपूर्व सफलता आस्था के कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि आस्था एक उत्कृष्ट आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करेंगी। विधायक ने कहा कि इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र को गर्व है और यह सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने आस्था शरण और उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सांसद ने जिले में 108 एम्बुलेंस की दयनीय स्थिति पर लिया संज्ञान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा की दयनीय स्थिति और विशेषकर जिस प्रखंड क्षेत्र में 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता नहीं है वहां तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मंगलवार को हजारीबाग जिले के सिविल सर्जन डॉ.सरयू प्रसाद सिंह उर्फ. डॉ. एस.पी.सिंह से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की और विस्तार से चर्चा किया। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सीएस से पूरे हजारीबाग जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा सुदृढ़ कराने, मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड में बीते श्रावणी मेला-2024 के समय से इस प्रखंड में एम्बुलेंस विहिन रहने और एक्सीडेंटल जोन वाले इलाके चौपारण, बरही, चरही, टाटीझरिया, विष्णुगढ़, बड़कागांव, केरेडारी, कटकमसांडी रोड़ और डेमोटांड़ क्षेत्र में प्रयाप्त मात्रा में 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के बातों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सीएस डॉ.एस.पी.सिंह ने जिले के 108 एम्बुलेंस को-ऑर्डिनेटर को एम्बुलेंस विहीन टाटीझरिया प्रखंड में अविलंब 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दिशा- निर्देश दिया। अन्य क्षेत्रों में भी एम्बुलेंस की सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की रीढ़ है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विशेष कर एक्सीडेंटल जोन इलाके में एम्बुलेंस की समुचित उपलब्धता से जरूरतमंद मरीजों की जीवन रक्षा हो सकेगी और उन्हें इलाज में इसका लाभ मिलेगा ।

## मेन रोड की समस्याएं मेरी अपनी हैं, जल्द मिलेगा हर मुद्दे का स्थायी समाधान : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को मेन रोड का दौरा कर व्यापारिक क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं वहां के व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर मेन रोड के व्यापारियों ने विधायक प्रसाद का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें मोमेंटो एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को खुलकर विधायक के समक्ष रखा और क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या, सार्वजनिक शौचालय की कमी,व्यापारियों ने बताया कि मैन रोड और आसपास के क्षेत्र में सामूहिक शौचालय की अत्यधिक आवश्यकता है। ग्राहकों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

डिवाइडर निर्माण की आवश्यकता, दुकानों में बढ़ती चोरी की घटनाएं, बिना वजह ट्रैफिक चालान कटने की शिकायत सामूहिक शौचालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, विशेष रूप से सदर थाना के पास की जगह को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। डिवाइडर निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा जिससे मेन रोड की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। ट्रैफिक समस्या को लेकर पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गई है आगे एक विशेष बैठक की जाएगी व्यापारियों के साथ. चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुलिस गश्ती दल की संख्या बढ़ाने की मांग पुलिस प्रशासन से की जाएगी. बिना कारण ट्रैफिक चालान काटने पर रोक लगाने हेतु ट्रैफिक विभाग को निर्देशित किया जाएगा कि पारदर्शिता के साथ नियमों का पालन कराया जाए और व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के व्यापारी शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी हर समस्या को वे गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि आप सबकी समस्याएँ मेरी अपनी समस्याएँ हैं। मैं खुद आपके बीच आकर स्थिति को देखकर गया हूँ, और मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही सभी आवश्यक विकास कार्य प्रारंभ होंगे। अंत में व्यापारियों ने विधायक के सक्रिय सहयोग और संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उनके साथ खड़े रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

# सरकार भरोसे लायक नहीं, अब खुद करना होगा काम : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के बाबूगांव, कोर्रा निवासी आलेख गौरव की सोमवार की सुबह झील में डूबने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। जैसे ही यह समाचार उनके परिजनों और स्थानीय लोगों को मिला, सभी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सभी ने अपने स्तर पर खोजबीन का प्रयास किया, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिजनों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को संपर्क किया। विधायक प्रसाद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जिला प्रशासन से संपर्क स्थापित किया और एनडीआरएफ की टीम को बुलाने का आग्रह किया। श्री प्रसाद सोमवार की देर शाम स्वयं घटनास्थल पहुँचे और जिला प्रशासन व उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद करते रहे। परंतु, बार-बार प्रयासों के बावजूद एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी, जो अत्यंत पीड़ादायक और चिंता का विषय था। सरकारी तंत्र की निष्क्रियता को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए चौपारण की एक प्रशिक्षित गोताखोर टीम को अपने निजी खर्च पर हजारीबाग बुलवाया। यह टीम रात्रि करीब 11:00 बजे तक झील में खोजबीन करती रही, परंतु शव नहीं मिल सका। अगले दिन मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से पुनः खोजबीन का कार्य शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे के अथक प्रयास के बाद, सुबह 6:30 बजे आलेख गौरव का शव बरामद कर लिया गया। इस पूरी घटना में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की सक्रियता और मानवीय संवेदनशीलता ने उन्हें पीड़ित परिवार के लिए एक मसीहा के रूप में प्रस्तुत किया। घटनास्थल पर उपस्थित पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक श्री प्रसाद ने कहा की हजारीबाग जैसे महत्वपूर्ण जिले के लिए यह अत्यंत दुखद बात है कि जब एक युवक की जान गई और तत्काल राहत की आवश्यकता थी, तब एनडीआरएफ की टीम उपलब्ध नहीं हो सकी। सरकार की तरफ से केवल आश्वासन दिए जाते रहे, लेकिन जमीन पर कोई ठोस सहायता नहीं मिली। उन्होंने आगे कहा की चौपारण जैसे छोटे से गाँव से आई टीम ने, जिसमें एक 65 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल थे, अपनी मेहनत के बल पर शव को बरामद किया। ये लोग अपनी सूझबूझ और साहस से वह कर गए, जो सरकार के पास संसाधनों के बावजूद नहीं हो सका। मेरा प्रयास रहेगा कि इस टीम को बेहतर प्रशिक्षण दिलाया जाए और उन्हें गोताखोरी व राहत कार्यों के लिए आवश्यक सभी औजार निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं। इतना ही नहीं, ऐसे टीम के 1-2 सदस्यों को मासिक वेतन पर नियुक्त करने का प्रयास करूंगा, ताकि भविष्य में इस तरह की किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल और प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके। प्रसाद ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा की सरकार के भरोसे सिर्फ घोषणाएं मिलती हैं, जमीन पर कार्य खुद करना पड़ता है। अगर हमने चौपारण की टीम को नहीं बुलवाया होता, तो शायद शव मिलना और भी मुश्किल हो जाता। यह टीम मात्र 1 से डेढ़ घंटे के भीतर हजारीबाग पहुंच गई और रात्रि 11 बजे तक लगातार कार्य करती रही। यह घटना एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि जब जनप्रतिनिधि संवेदनशीलता के साथ जनता के दुःख-सुख में भागीदारी निभाते हैं, तब जनता का विश्वास लोकतंत्र में और अधिक मजबूत होता है। प्रदीप प्रसाद ने अपने कर्मों से यह दिखाया कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जनता के सच्चे सेवक हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तिलकधारी बाबु के निधन से कांग्रेस ने अपना एक सच्चा सिपाही खो दिया : शशि मोहन सिंह

**हजारीबाग** : दारू प्रखंड 20 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति तथा जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति ने कोडरमा लोकसभा से दो बार सांसद रहे तिलकधारी सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दारू प्रखंड 20 सुत्री के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि तिलकधारी बाबु के निधन से कांग्रेस ने अपना एक सच्चा सिपाही खो दिया है ।उन्होंने कहा कि तिलकधारी बाबु मृदुभाषी, मिलनसार और अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे ।जिला 15 सुत्री के सदस्य निसार खान ने अपने शोक संदेश में कहा कि तिलकधारी बाबु एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी थे। उनके निधन से कांग्रेस की एक बड़ी क्षति है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में कैलाश पति देव, दिगम्बर प्रसाद मेहता, अनुरूद्ध सिंह, प्रदीप मंडल, लाल मोहन रविदास, लखन मेहता, नगीना सिंह, मो. मोइनुद्दीन आदि शामिल हैं।

### पृथ्वी हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण और अभिन्न पक्ष है : दिनेश कुमार सिंह



**हजारीबाग** : पृथ्वी नहीं तो आजीविका नहीं। हमारी पूरी कृषि पृथ्वी पर निर्भर है। प्रत्येक जीवित प्राणी के लिए पृथ्वी ही जीवन रेखा है। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह ने कही। मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को वह बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण ही पृथ्वी दिवस को मनाने का सबसे उत्कृष्ट तरीका है। ऐसा इसलिए क्योंकि पौधा रोपण से भूमि का संरक्षण का कार्य संपन्न होता है। पृथ्वी पर ऊपर के एक मीटर की भूमि उर्वर होती है और इसी पर पूरी खेती निर्भर है। अतः इसे संरक्षित करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। ज्ञात हो कि कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह उत्तराखंड के पंतनगर में अवस्थित जीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी में सेवा का लंबा अनुभव रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पृथ्वी दिवस के दिन हमें संकल्प लेनी चाहिए कि हम पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में हर संभव योगदान देते रहेंगे। इस संबंध में जागरूक होने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि एक समय हजारीबाग में गर्मी नहीं के बराबर पढ़ती होगी। परंतु जैसे-जैसे वृक्षों की कटाई होती चली गई और वन क्षेत्र कम होती गई वैसे-वैसे हजारीबाग का मौसम भी बदलता चला गया। अब यहां भी गर्मी पड़ने लगी है। कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार ने कहा की पृथ्वी दिवस किसी विशेष दिन नहीं बल्कि प्रतिदिन पृथ्वी के लिए अपनी जवाबदेही निभाने के लिए है । पृथ्वी दिवस मनाने की प्रासंगिकता एवं आने वाले चुनौतियों से निपटने के लिए सभी से आग्रह किया। पृथ्वी दिवस के अवसर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के अभी आयोजन किया गया था जिसमें अलग-अलग विभाग से कुल 26 प्रतिभागियों ने अर्थपूर्ण पोस्टर बनाकर सबको मंत्रम मुक्त कर दिए। प्रतियोगिता में भूगोल विभाग के तरुण कुमार दास को प्रथम, वनस्पति विज्ञान विभाग के रसिया वारिस को द्वितीय तथा भूगर्भ विभाग के तिल्सतमां भारती को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त वनस्पति विज्ञान विभाग की संध्या कुमारी तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग की निशा कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं का कुलपति ने पुरस्कार एवं पौधा भेंट कर उत्सवर्धन किया। जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ किशोर कुमार गुप्ता तथा शिक्षा शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ अमिता कुमारी निर्णायक की भूमिका में रहे। डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भिन्न विभाग के अध्यक्ष, निदेशक, शिक्षक एवं विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

### दुधपनिया में श्री शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**बरही** : बरही प्रखण्ड के ग्राम दुधपनिया करियातपुर में आयोजित श्री शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। धार्मिक उल्लास और आस्था से ओतप्रोत इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी देखी गई, जिसमें महिला श्रद्धालु कलश सिर पर धारण कर गाजे-बाजे के साथ यात्रा में शामिल हुईं। पूरा वातावरण जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कलश यात्रा में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मनोज कुमार, पूर्व पंसस राजकुमार रविदास जैसे गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के मुख्य जजमान गोगल प्रजापति, गणेश साव एवं विजेश्वर साव सपरिवार विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर आयोजन की शुरूआत की। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा और समर्पण भाव से पूजा में भाग लिया। इस कलश यात्रा ने क्षेत्र में सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का उदाहरण पेश किया। कलश यात्रा में उपमुखिया संतोष प्रजापति, चन्दन केशरी, नंदकिशोर कुमार, निरंजन केशरी, पूजा कमिटी अध्यक्ष अर्जुन पंडित, सचिव नारायण राणा, कोषाध्यक्ष राजकुमार राणा, उपाध्यक्ष गणेश साव, शिव कुमार प्रजापति समेत सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। पूरे आयोजन के सफल संचालन में पूजा कमिटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्रखंड में हांथी हुए फिर सक्रिय, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

**दारू** : दारू प्रखंड में हाथी फिर से सक्रिय हो गए हैं इसी क्रम में प्रखंड के कई पंचायतों में लगातार भ्रमण करते हुए निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं एवं किसानों के गर्मी की सब्जियां जैसे लौकी,तरबूज,खिरा आदि फसलों को भी खा रहे हैं एवं कुचल रहे हैं। इसी क्रम में हाथी दारू प्रखंड के कविलासी पंचायत के सिलाडिह गांव में तकरीबन 10 दिन से सूर्यास्त के बाद सक्रिय हो जाते हैं एवं बाउंड्री वालों, निजी संपत्तियों और किसानों के फसलों को नष्ट करते हैं। एक सप्ताह पहले ग्राम सिलाडीह के रंजीत सिंह का बाउंड्री तोड़ दिया और 21 अप्रैल को हाथियों ने राजकुमार महतो जो कि जमीन लीज पर लेकर सब्जी लगाया था हाथी कल रात 8:00 बजे खेती में घुस गया एवं उनके पाटवन के पाइप, कृषि उपकरण को को नष्ट किया। तत्पश्चात पेट भर हरी सब्जियों को चट किया और कई टन सब्जी की खेती को बर्बाद करते हुए तकरीबन 3:00 बजे सुबह गए। इसमें राजकुमार महतो की खेती को काफी नुकसान पहुंचा। क्योंकि पिछले साल ही अशोक रविदास की दर्दनाक मौत हाथियों के कुचलने से हुआ इस कारण लोग हाथियों से दहशत में है और भगाने में भी विफल रहते हैं।

## एक नजर

### राज्य में कहीं लू तो कहीं बारिश की संभावना

**रांची :** राज्य के कई इलाकों में लू तो कुछ क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। अलग-अलग भागों में लू और बारिश होने को लेकर मौसम विभाग ने मंगलवार को येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 26 अप्रैल को उत्तर-पूर्वी जिलों देवघर, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा सहित अन्य इलाकों में लू चलने की आशंका है। वहीं 26 अप्रैल को राज्य के कुछ इलाकों में हल्के दर्जे की बारिश होने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। वहीं राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है, जबकि पलामू और गढ़वा सहित कई जिलों में भयंकर लू चल रही है। पलामू में तापमान बढ़कर 43 डिग्री को भी पार कर गया है। यही वजह है कि इस क्षेत्र के लोग दोपहर में घर से निकलने से बच रहे हैं। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री, जमशेदपुर में 41.6, डालटेनगंज 43.6 और बोकारो में तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### टेरर फंडिग मामले में महेश अग्रवाल की याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

**रांची :** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को महेश अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले में नौ अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था। महेश अग्रवाल ने अपने खिलाफ किए गए चार्जफ्रेम और खारिज किए गए डिस्चार्ज पिटीशन को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में ट्रायल चल रहा है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। एनआईए ने जांच के दौरान यह पाया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया। टेरर फंडिंग मामले के आरोपितों में आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, टीपीसी का जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी, क्षेत्रीय कमांडर ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, भीखन गंझू उर्फ दीपक गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, मुनेश गंझू, बीरबल गंझू, मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, कोहराम एवं अनिश्चय गंझू शामिल हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए 'दो पैकेट प्रणाली' (पैकेट- I: तकनीकी बोली और पैकेट- II: वित्तीय बोली) में ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: ई-निविदा सूचना संख्या: आरएसओ-आरआर-एसआईएनआई-25-27-7; कार्य का नाम: 730 दिनों के लिए सिनी में रनिंग रूम का रख-रखाव; निविदा मूल्य: ₹ 72,41,630.84; बयाना राशि: ₹ 1,44,800.00; निविदा फॉर्म की लागत: 5,000.00; ई-निविदा खोलने का स्थान: वरिष्ठ डीईई (ओपी)/सीकेपी, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय; निविदा बंद होने की तिथि और समय: 13.05.2025 को 15:00 बजे; निविदा खुलने की तिथि और समय: 13.05.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल के तहत पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-69)

# सरकार के प्रयासों से महिलाओं की बढ़ रही पहचान : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो और मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन, आपदा राहत कोष, सड़क दुर्घटना के आश्रितों को मुआवजा, ओलावृष्टि से नुकसान का मुआवजे का वितरण लाभुकों में किया। मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के कथन को याद रखने की जरूरत है, जिसमें उन्होंने कहा था समाज का विकास उस समाज में महिलाओं की स्थिति से परखा जाता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में राज्य सरकार के प्रयासों से सशक्त हो रही हैं। राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के लिए सम्मान के तौर पर हैं।




मंत्री ने कहा कि कल्याण विभाग के सौजन्य से सिलाई मशीन के वितरण करने से महिलाएं सामूहिकता के साथ स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ा रही हें। सरकार के इन प्रयासों से महिलाओं की पहचान रोजगार के क्षेत्र में स्थापित हो रही है। महिलाएं बेहतर ट्रेनिंग कर सहकारी समितियों से जुड़कर अपना भविष्य खुद संवार सकती हैं। समाज में कई मौके ऐसे आते हैं जब महिलाएं सामूहिक रूप से काम करते हुए पैसा अर्जित करती हैं। ग्रामीण मंत्री ने कहा कि ग्रामीण सरकार की योजनाओं से अब भी अनभिज्ञ हैं। लाभुकों को इस बात की भी जानकारी नहीं है कि उनके बैंक खाते में आपदा राहत कोष का पैसा आ रहा है। इसके लिए प्रखंड के अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। वहीं इस दौरान चान्हो प्रखंड कार्यालय के जेएसएलपीएस सभागार में 36 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इसके अलावा आपदा राहत कोष, सड़क दुर्घटना के आश्रितों के बीच चेक का वितरण किया गया। वहीं मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, मुखिया शिव उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, यास्मीन, सरिता देवी, अजीत सिंह, दिलीप सिंह, जमिल मल्लिक सहित अन्य मौजूद थे।

## 2017 से लंबित रिम्स चिकित्सकों की प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** वर्ष 2017 से रिम्स चिकित्सकों की लंबित प्रोन्नति का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इसकी तरकीब निकाल ली है। पूर्व में दी गयी प्रोन्नति की संपुष्टि के लिए विभाग ने सह प्राध्यापक के 34 एवं प्राध्यापक के 16 छाया पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया है। विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दे दी है। मालूम हो कि रिम्स में चिकित्सकों की प्रोन्नति को लेकर पिछले कई वर्षों से उहापोह की स्थिति बनी हुई है। कनीय चिकित्सकों को प्रोन्नति के बाद वरीय पद पर पदस्थापित चिकित्सकों को प्रोन्नति नहीं मिलने से असंतोष की भी स्थिति बनी हुई है। इसको लेकर रिम्स के चिकित्सक कई बार सरकार और विभाग के सामने अपनी आपत्ति जता चुके हैं। विधानसभा में भी चिकित्सकों की प्रोन्नति को लेकर कई बार मामला उठा था। स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव में कहा गया है कि रिम्स रांची एक स्वायत्त शासी संस्था है। जो रिम्स अधिनियम 2002 एवं रिम्स विनिमय 2014 द्वारा शासित है। साधारणतया रिम्स के प्रशासनिक विषयों पर निर्णय लेने के लिए रिम्स शासी परिषद सक्षम है। शासी परिषद की स्वीकृति के आलोक में वर्ष 2017 34 सहायक प्राध्यापकों को सह प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नति दी गयी थी। उक्त प्रोन्नति से कोई वित्तीय भार नहीं पड़ा था। क्योंकि सभी प्रोन्नत चिकित्सक पूर्व से ही प्रोन्नत पद के समान अथवा इससे अधिक का वेतनमान डीएसीपी के माध्यम से प्राप्त कर रहे थे। विभागीय मंत्री के अनुमोदन से रिम्स द्वारा दी गयी उक्त प्रोन्नति की अनुशंसा को संपुष्ट किया गया था। साथ ही उक्त सभी चिकित्सक वर्ष 2017 से सह प्राध्यापक का कार्य कर रहे हैं। इसलिए वर्ष 2017 में उन्हें दी गयी प्रोन्नति पर घटनोत्तर स्वीकृति प्राप्त करने के लिए झारखंड चिकित्सा शिक्षा सेवा में वर्ष 2017 के प्रभाव से एकवारीय सुविधा के तहत सह प्राध्यापक के 34 छाया पदों का सृजन आवश्यक है।

## झारखंड की मतदाता सूची में सुधार के लिए एक भी अपील नहीं है लंबित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड के सभी 24 जिलों में से किसी भी जिले में मतदाता सूची में संशोधन के लिए कोई भी अपील लंबित नहीं है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, डीईओ या सीईओ कार्यालय की बात हो, किसी के समक्ष मतदाता सूची में संशोधन के लिए कोई भी अपील लंबित नहीं है। इसका मतलब है कि झारखण्ड में मतदाता सूची से मतदाता एवं अन्य सभी शत-प्रतिशत संतुष्ट हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार हर मतदान केंद्र पर एक बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाता है और हर बूथ पर हर राजनीतिक दल को बूथ लेवल एजेंट नामित करने का अधिकार होता है। देश का हर नागरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह निर्वाचक बन सकता है। इसलिए नए मतदाता के रूप में नाम




जोड़ने के लिए फॉर्म छह, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म सात एवं मतदाता सूची में प्रविष्टि में सुधार या बदलाव करने के लिए फॉर्म आठ का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बाद बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा इसका सत्यापन किया जाता है एवं उक्त सूची पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) द्वारा संशोधन करने हेतु अंतिम निर्णय लिया जाता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24(क) के तहत अगर किसी व्यक्ति को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के निर्णय पर आपत्ति है तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, डीईओ के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी, डीईओ के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील दायर की जा सकती है। झारखंड में लगभग 2 करोड़ 62 लाख मतदाता हैं। राज्य में 29 हजार से भी अधिक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमों में घरझघर जाकर मतदाता सूची में पंजीकृत निर्वाचकों को सत्यापित एवं नये निर्वाचकों का पंजीकरण का कार्य किया जाता है। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ लेवल एजेंट्स ने भी बूथ स्तर पर इन सूचियों को सत्यापित करने का कार्य किया है। वर्तमान में झारखंड में एक भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, डीईओ या सीईओ कार्यालय के समक्ष मतदाता सूची में संशोधन के लिए कोई भी अपील लंबित नहीं है, जिसका मतलब है कि झारखंड में मतदाता सूची मतदाताओं एवं अन्य सभी के शत-प्रतिशत संतुष्टि के करीब है।

## कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक में 'संविधान बचाओ अभियान' को लेकर बनी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक आज प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रदेश प्रभारी के. राजू का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। बैठक में विशेष रूप से 19 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित एआईसीसी की बैठक में पारित ऐतिहासिक प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस प्रस्ताव को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने प्रस्तुत किया था, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके तहत कांग्रेस ने संविधान




बचाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान मोदी सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण और सामाजिक-आर्थिक न्याय के सिद्धांतों पर हो रहे हमलों के खिलाफ केंद्रित है। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि झारखंड में इस अभियान को गाँव-गाँव तक पहुँचाया जाएगा। आम जनता को जागरूक कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट संघर्ष किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस ने दोहराया कि वह संविधान, लोकतंत्र और जनता की आवाज के संरक्षण के लिए पूरी निष्ठा से प्रतिबद्ध है।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर लगेगी लगाम : एसोसिएशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने उपायुक्त रांची की ओर से निजी स्कूलों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और न्याय की दिशा में एक अहम कदम बताया है। इस बैठक में पीटीए (पैरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन) के गठन से लेकर बीपीएल कोटे की सीटों पर हो रही गड़बड़ियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में सामने आई अनियमितताओं ने यह साफ कर दिया कि कई निजी स्कूल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का सही तरीके से पालन नहीं कर रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उपायुक्त रांची की यह पहल लंबे समय से



अभिभावकों की ओर से उठाई जा रही मांगों को गंभीरता से लेने का संकेत है। उन्होंने कहा कि झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन लगातार यह मांग करता रहा है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जा सके।

## झारखंड की नींव खोद रहे बालू माफिया : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में अवैध बालू खनन को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिल्ली के राढु नदी पर बने एक पुल का हवाला देते हुए कहा कि यह पुल अब कभी भी गिर सकता है, क्योंकि वह बालू माफियाओं के निशाने पर है। उन्होंने आरोप लगाते हुए लिखा कि हेमन्त सोरेन के पोषित बालू तस्कर सिर्फ पुल की बुनियाद नहीं खोद रहे, बल्कि विकास की संभावनाएं, युवाओं का भविष्य और सरकार की नींव खोद रहे हैं। भ्रष्टाचार और अवैध खनन की भेंट चढ़ चुका सिल्ली में राढु नदी पर बना पुल कभी भी भरभरा कर ध्वस्त हो सकता है। जर्जर पुल झारखंड की अंदर से कमजोर होती व्यवस्था का प्रतीक है। मरांडी ने लिखा कि मैंने पूर्व में भी सिल्ली में धड़ल्ले से चल रहे अवैध बालू कारोबार को सरकार के संज्ञान में लाया था लेकिन अब ऐसा प्रतीत होता है कि इनका एकमात्र लक्ष्य झारखंड के नदियों, पहाड़ों को चीरकर अपनी तिजोरी भरना ही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि खनन विभाग सिर्फ कागजों पर टास्क फोर्स बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है जबकि जमीनी स्तर पर सिल्ली से रांची के बीच पड़ने वाले सभी



थानों की पुलिस पूरी ईमानदारी से बालू ढोने वाले वाहनों से वसूली कर राशि सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचा रही है। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि अब भी चुप्पी साधी गयी, तो यह इस लूट में भागीदार बनने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस के सामने नतमस्तक होने से बेहतर है कि अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और झारखंड को लूटने से बचाएं। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में आरोप लगाते हुए लिखा है कि ये अबुआ सरकार नहीं, 'ठगुआ' सरकार है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से करोड़ों रुपये के अवैध निकासी के आरोपित कैशियर सह अपर डिविजनल क्लर्क ने स्वीकार किया है कि कमीशन की राशि विभाग के तत्कालीन मंत्री, तत्कालीन सचिव और अभियंताओं में बंटी थी। तत्कालीन सचिव ने पैसे ठिकाने लगाने के लिए 'गिरिडीह' जैसे कोडवर्ड का ईस्तेमाल किया है। पूरी संभावना है कि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के माध्यम से कमीशन की राशि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन तक पहुंची है। प्रश्न यह है कि झामुमो कांग्रेस आखिर किस हद तक हमारे झारखंड को लूटते रहेंगे? कब तक जनादेश को अपमानित करते रहेंगे? जब पूरी सरकार और उसके मातहत अधिकारियों का ध्यान सिर्फ लूट खसोट में ही लगा रहेगा, तो युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कैसे पैदा होंगे? निवेश के द्वार कहां से खुलेंगे? हेमन्त सोरेन ने झारखंड की साख को जो धक्का पहुंचाया है, वो अकल्पनीय है।

## संक्षिप्त खबरें

### देवेंद्रनाथ महतो की डीसी से मांग : बीट संख्या के आधार पर हो चौकीदार बहाली, वरना आंदोलन



**रांची :** झारखंड के गठन के 25 साल बाद पहली बार चौकीदार के रिक्त पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू की गई है। लेकिन रांची जिले में इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगने लगे हैं। इन्हीं शिकायतों को लेकर झारखंड लोकराज्य कर्मचारी महासंघ (जेएलकेएम) के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महतो ने यह ज्ञापन रांची के जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार को सौंपा और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने कहा कि विज्ञापन संख्या 01/2024 के तहत रांची जिले में चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। स्क्रूटनी के बाद 6564 आवेदकों को योग्य पाया गया, जिनकी लिखित परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जानी है। इसके लिए राजधानी रांची में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि, कई आवेदकों के प्रवेश पत्र या तो डाउनलोड नहीं हो रहे हैं या उनमें त्रुटियां पाई जा रही हैं। महतो ने दावा किया कि परीक्षा प्रक्रिया में रसेटिंग-गेटिंगर की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चौकीदार बहाली में स्थानीयता का ध्यान रखते हुए बीट संख्या के आधार पर खतियानधारी मूल झारखंडियों को ही नियुक्त किया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। महतो ने प्रशासन से मांग की है कि सभी योग्य आवेदकों का प्रवेश पत्र समय से निर्गत किया जाए और सभी तकनीकी त्रुटियों को परीक्षा से पहले ही सुधार लिया जाए।

### पैनम माइंस विवाद में कोर्ट सख्त, सरकार से वसूली की कार्रवाई का मांगा ब्योरा

**रांची :** पैनम कोल माइंस में कथित अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल शोकॉज के जवाब पर असंतोष जताया। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि अवैध खनन के मामले में वसूली से जुड़ी अब तक की सभी कानूनी कार्रवाइयों को रिकॉर्ड पर लाया जाए। मामले की अगली सुनवाई 11 जून को तय की गई है। इससे पहले सरकार ने कोर्ट को बताया था कि लीज से अधिक खनन की वसूली के लिए कार्रवाई शुरू की गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि उस प्रक्रिया के तहत अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। गौरतलब है कि दुमका और पाकुड़ जिलों में पैनम माइंस को कोयला खनन का लीज दिया गया था। आरोप है कि कंपनी ने निर्धारित सीमा से ज्यादा खनन कर राज्य को 100 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व नुकसान पहुंचाया। सरकार की ओर से कराई गई जांच में भी अवैध खनन और वित्तीय नुकसान की पुष्टि हुई थी, लेकिन रिपोर्ट आने के बावजूद अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रभावित इलाके के लोगों को आज तक न तो पुनर्वास मिला है और न ही कोई बुनियादी सुविधाएं। याचिका अधिवक्ता राम सुभग सिंह की ओर से दाखिल की गई है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन




**रांची :** रांची के हेहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने धरती मां के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक प्रार्थना से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने धरती मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी संरक्षण पर भाषण, कविता-पाठ तथा लघु नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कार्यक्रम में कहा कि हमारी धरती मां संकट में है और उसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक बच्चा अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाए और उसका पालन-पोषण करे तो यह धरती पुनः हरी-भरी हो सकती है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें, जल का संरक्षण करें और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील बनें। उन्होंने यह भी कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि प्रतिदिन का संकल्प बनना चाहिए। बाद में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर में पौधारोपण के लिए जगह चिन्हित की, जहां बारिश में नीम, गुलमोहर, अमरूद, अशोक के पौधे लगाए जायेंगे। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे पर्यावरण की रक्षा करेंगे और अपनी आदतों में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। विद्यालय के विज्ञान विभाग और पर्यावरण समिति ने धरती बचाओ विषय पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### 150वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 150 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जो सत बार पाठ कर कोई छुटई बंदी महासुख होई के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजीव सिन्हा सुजाता सिन्हा ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। राजीव सिन्हा ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने केला फल प्रसाद ओम प्रकाश छावनीका ने सेब संतरा सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवन ढानढनिया राजीव सिन्हा सुजाता सिन्हा रोहित सिन्हा नम्रता सिन्हा श्यामसुंदर जोशी अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### रामकनाली के फटामाहुल से बाइक चोरी

**धनबाद** : रामकनाली ओ पी क्षेत्र के फटामाहुल निवासी बबलू मंडल के स्पेलेंडर बाइक संख्या खल्10इह 8714 चोरी हो गयी। घटना की सूचना भुगतभोगी ने रामकनाली ओ पी पुलिस को दे दी है,घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुचकर जांच की।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में बाह्य विभाग की स्वास्थ्य सेवा शुरू




**धनबाद** : मंगलवार से भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद में बाह्य विभाग की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा डा. जिम्मी अभिषेक के द्वारा सुचारू रूप से शुरू की गई जिसमें 9 पेशंट ने परामर्श एवं मुफ्त में आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार दवा और मलहम लिया।इसी क्रम में गणेश चक्रवर्ती ने अपने द्वारा ऑडियोमेट्री परीक्षण का नि:शुल्क सेवा देने का एलान किया। वो प्रत्येक गुरुवार को नि:शुल्क बहरेपन की जांच, ऑटिज्म बच्चे एवं हकलेपन के लिए स्पीच थैरेपी की सेवा देंगे। प्रत्येक बुधवार को डाक्टर मेजर चंदन के द्वारा वाह्य विभाग की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं आजीवन सदस्य लीला मांजी एवं गणेश चक्रवर्ती एवं अन्य उपलब्ध रहें।

### एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने पृथ्वी के संरक्षण का दिया संदेश

बोकारो : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में इको क्लब की ओर से पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि वनों की कटाई व प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। पृथ्वी गर्म हो रही है। मौसम में बदलाव जारी है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ध्रुवों पर जमा बर्फ पिघल रहा है। इसलिए पृथ्वी का संरक्षण करना आवश्यक है। कहा कि वृक्ष की पत्तियां प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से कार्बन डाई आक्साइड गैस का अवशोषण करती हैं। वहीं आक्सीजन गैस का उत्सर्जन करती हैं। वृक्ष के कई लाभकारी उत्पाद की प्राप्ति होती है। वृक्ष की जड़ें मिट्टी का कटाव रोकती हैं। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है। इसलिए लोगों को पौधारोपण करना चाहिए। कक्षा एक से पांचवीं के विद्यार्थियों ने आकर्षक बर्ड फीडर बनाया। जिन्हें विद्यालय के विभिन्न हिस्से में लगाया गया। विद्यार्थियों को अपने घर से पौधे के सैप्लिंग्स लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बोकारो में 31 गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग किया सुकन्या ट्रस्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निदेर्शानुसार एक सप्ताह में बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों जैसे चंदनकियारी, चास, गोमिया, जरूडीह चंद्रपुरा, नावाडीह प्रखंड विभिन्न गांवों के 31गरीब लड़की की शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच हजार रूपए के चेक ग्रामीणों के उपस्थिति में संस्थापक अमल दास एवं उनके सहयोगी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो चेक सोपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए प्रभारी ने कहा कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों में भी संस्था जो कार्य कर रही है जो बहुत ही सरणीय बात है। संस्था जो स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,कियुकी आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है, इसे देखते हुए संस्था निशुल्क दवा हर घर पहुंचना संस्था के अहम भूमिका निभा रही है । संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था की मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम कर रही है ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो, इसे देखते हुए संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोला जा रहा है ताकि गरिबो को बच्चा सही और अच्छा शिक्षा प्राप्त कर सके। आगे बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं जिस महिला अपने आप में आत्मनिर्भर बन सके। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना, और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी जन कल्याणकारी कार्य कर रही है। मौके पर जिला प्रभारी अशोक दास, उप जिला प्रभारी श्रीकांत दास, सुमित्रा देवी, रेणुका बाउरी,ममता बाउरी, साबित महतो , अनीता देवी, शिवानी कुमारी, महजबी प्रवीण,वीणा देवी, लक्ष्मी देवी, विजेता वर्मा के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

## छात्रों ने शिक्षक पर लगाया फीस लेकर भाग जाने का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या बताई। जनता दरबार में बलियापुर इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के छात्रों ने उपायुक्त को बताया कि वहां के एक शिक्षक, जो कोचिंग सेंटर भी चलाता है, से सैंकड़ों छात्र ट्यूशन पढ़ते हैं। इंस्टिट्यूट में छात्रों की ट्यूशन फीस जमा कराने के लिए उक्त शिक्षक ने लगभग 70 छात्रों से 10 - 10 हजार रूपए लिए। छात्रों ने आरोप लगाया कि शिक्षक ने इसमें से केवल 2000 इंस्टिट्यूट में जमा कराए। बाकी रकम लेकर भाग गए। इस संबंध में बलियापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। छात्रों ने उपायुक्त से रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उनके पिता भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड में कार्यरत थे। उनके पेंशन की राशि बैंक में जमा हो रही थी। पिता की मृत्यु के बाद भूलन बरारी के कार्मिक पदाधिकारी बैंक में आवश्यक कागजात नहीं भेज रहे हैं। इसके कारण बैंक एकाउंट से राशि नहीं निकाल पा रहे हैं। उपायुक्त ने इस मामले पर भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के निदेशक कार्मिक से बात कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। एक अन्य बुजुर्ग ने उपायुक्त को बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की चिरकुंडा शाखा में पत्नी का खाता था।

## झामुमो ने नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव के नेतृत्व में झामुमो चास नगर कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज चास के अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार से मुलाकात की और उन्हें चास नगर निगम क्षेत्र में कचरे के जमाव और भीषण गर्मी में पानी की गंभीर समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को 9 सूत्री ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कचरे के ढेर और भीषण गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आए दिन लोगों की समस्या अखबारों में देखने को मिल रही है, जिससे जनता में आक्रोश है। झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने नगर आयुक्त से कहा कि जल्द से जल्द जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की परेशानी को लेकर पार्टी हर समय सजग है और आम लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। साथ ही मंटु यादव ने अपर नगर आयुक्त से नगर निगम क्षैत्र में शामिल विस्थापितों के पुनर्वास जमीन पर तथा ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के खेतीहर जमीन को होल्डिंग टैक्स फ्री करने का मांग भी रखा। मंटू यादव ने अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार से 10 दिनों के अंदर इन सभी समस्याओं से जनता को निजात दिलाने की मांग की। नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और उनका तत्काल समाधान करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से बोकारो महानगर उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, बैजनाथ पाल इत्यादि शामिल थे।

## एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ प्रोग्रामेबल वीपी शंट का पहली बार ऑपरेशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : स्थित एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। झारखंड में दूसरी बार तथा धनबाद में पहली बार मरीजों पर प्रोग्रामेबल वेंटरिकुलो-पेरिटोनियल शंट तकनीक के माध्यम से सफल सर्जरी की गई है। यह सर्जरी हाइड्रोसिफैलस नामक स्थिति से पीड़ित मरीजों पर की गई, जिसमें मस्तिष्क में सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूड का असामान्य संचय होता है। इस स्थिति में समय पर इलाज न हो तो मरीज को गंभीर दुष्परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। परंपरागत वीपी शंट प्रणालियों में एक बार शंट लगाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का बदलाव करने के लिए पुनः सर्जरी की आवश्यकता होती थी। किंतु प्रोग्रामेबल वीपी शंट एक उन्नत तकनीक है, जिसमें मस्तिष्क में जमा द्रव के बहाव की मात्रा को शरीर के बाहर से, बिना दोबारा ऑपरेशन किए, नियंत्रित किया जा सकता है। इस तकनीक से न केवल रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि चिकित्सकों को भी द्रव प्रवाह को सूक्ष्म स्तर पर समायोजित करने की सुविधा मिलती है, जिससे इलाज अधिक प्रभावी होता है। एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह प्रबंधन ने बताया कि यह उपलब्धि धनबाद एवं पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है। अब मरीजों को उन्नत न्यूरोसर्जरी सुविधा हेतु महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि अब यह सेवा स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध है। इस सफल सर्जरी से न केवल क्षेत्र में उन्नत चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ा है, बल्कि यह साबित करता है कि छोटे शहरों में भी विश्वस्तरीय तकनीक और विशेषज्ञता उपलब्ध कराई जा सकती है।

## टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व में आर एंड आर पॉलिसी के तहत लिए गए निर्णय को किस हद तक और कैसे कार्यान्वित किया जा रहा है, पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही भविष्य में आने वाली चुनौतियां एवं विस्थापित होने वाले लोगों को बेहतर सुविधा तथा आवश्यकता अनुसार रोजगार देने की चर्चा की गई। इसके अलावा समाज में समानता और आर्थिक मजबूती बनाए रखने के लिए नन टाइटल होल्डर को पुनर्व्यवस्थापित करने पर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सेल के प्रतिनिधि को बैठक में उठाए गए मुद्दों को अगली बैठक से पहले, सभी विकल्पों पर कंपनी की सहमति से एक अच्छा पैकेज बनाने का निर्देश दिया। वहीं विधायक सिंदरी ने स्थानीय लोगों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर रोजगार मुहैया कराने का अनुरोध किया। साथ ही उनको दिए जाने वाले आवास के संबंध में अपने सुझाव दिए। बैठक में सेल के महाप्रबंधक ने विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कई बिल्डिंग प्लान तथा विस्थापन पैकेज के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से प्रस्तुति दी। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, माननीय विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, वार्ड 53 की निवर्तमान पार्षद चंपा देवी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्टील प्लांट के यूटिलिटीज विभाग में सुझाव मेला का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : स्टील प्लांट के यूटिलिटीज विभाग तथा औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सुझाव मेला का उद्घाटन संजीव रंजन सिंह, मुख्य महा प्रबंधक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को संगठनात्मक सुधार हेतु नवीन विचारों और रचनात्मक सुझावों के लिए प्रेरित करना था। सुझाव मेला में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक संचालन दक्षता, सुरक्षा सुधार, ऊर्जा संरक्षण तथा उपभोक्ता सेवा में सुधार से संबंधित कई प्रभावशाली सुझाव प्रस्तुत किए। औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के महा प्रबंधक हिमांशु गुप्ता एवं वरीय प्रबंधक प्रीति प्रिया, ने सुझाव मेला में समन्वयक की भूमिका निभाई। सुझाव मेला में कुल 200 से ज्यादा सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से 20 सुझावों को व्यावहारिकता और प्रभाव के आधार पर चयनित किया गया। श्रेष्ठ सुझाव देने वाले कर्मचारियों को प्रमाण पत्र और सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। मुख्य महा प्रबंधक संजीव रंजन सिंह ने सुझाव मेला आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए प्लांट की समृद्धि के लिए कर्मचारियों को सुझाव मेला में बढ-चढ कर हिस्सा लेने और रचनात्मक सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र की बेहतरी के लिए प्रत्येक कार्मिक का रचनात्मक सुझाव जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन अमन कुमार मिश्रा, प्रबंधक द्वारा किया गया।

## देश के हर कोने से आ रही है, एक ही आवाज हमें न्याय चाहिए : दीपंकर भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : निजीकरण भूमि लूट के खिलाफ, विस्थापितों और स्थानीयों को न्याय और सुरक्षित रोजगार के लिए, भाकपा माले ने स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय जन कन्वेंशन का आयोजन किया गया। सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों से जुड़े दर्जनों संगठन और सैकड़ों संगठनकर्ता शामिल हुए। आज जन कन्वेंशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा किजन कन्वेंशन में आने से पहले शहीद प्रेम महतो के घर जाना हुआ। 23 साल के नौजवान, बीटेक की डिग्री लिए, अप्रेंटिसशिप का अनुभव लिए, रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे थें पर उन्हें सिर पर लाठी मिली और फिर मौत। आखिर क्यों यह सवाल पूछते हुए उनके परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। देश के हर कोने से एक आवाज निकल रही है हमें न्याय चाहिए। फासीवादी ताकतें बड़ी चालांकि से न्याय की लड़ाइयों को धर्म, मजहब, भाषा, स्थानीयता में बांट रहे हैं। पर आज आपको न्याय चाहिए तो न्याय की हर लड़ाई में शामिल होना होगा तभी हम सबको पूरा न्याय उपरोक्त बातें आज सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक। संविधान को टुकड़े में नहीं देखना चाहिए. आरक्षण, लोगों के अधिकार और अल्पसंख्यकों की धार्मिक आजादी एक दूसरे से अलग नहीं हैं। इस बात को हमें समझ लेना होगा। वक्फ सिर्फ मुसलमानों का सवाल नहीं हैं. अलग अलग भाषा, अलग अलग धर्म, में बंटकर नहीं देखना होगा। वक्फ का सवाल केवल मुसलमानों की जमीन का सवाल नहीं, आनेवाले दिनों में सबकी जमीन छिनी जानेवाली हैं। जिस देश के प्रधानमंत्री अपनी डिग्री नहीं दिखा रहे, जनता से सैकड़ों वर्षो से काबिज जमीन का कागज माँगा जा रहा हैं। वक्फ बोर्ड में में गैर मुस्लिम को शामिल करना गलत हैं और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्तिस को यह बताना की वे हिन्दू हैं यह बेहद शर्मनाक। और उससे भी शर्मनाक हैं उन पर देश में गृह युद्ध भड़काने का आरोप -सुप्रीम कोर्ट को सुपर पार्लियामेंट बताकर उसकी खिल्ली उड़ाना। देश में संविधान ने हमें जो अधिकार दियें हैं उसपर किसी भी किस्म के हमले के खिलाफ हम सबको एकजुट होकर खड़ा होना होगा। हमें रोहित वेमुला और प्रेम महतो जैसे नौजवानों को युवाओं का आइकन बनाना होगा। हम जिस बुलडोजर राज को झेल रहे हैं वही फासीवाद का नया प्रतीक हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएसटी 2 नंबर खदान से बायोमेट्रिक मशीन चोरी




**धनबाद** : तेतुलमारी के पी एस टी 2 नंबर खदान में कोलकमीयी के उपस्थिति (हाजरी) बनाने के लिये प्रबंधन द्वारा लगवाये गये बायोमेट्रिक मशीन को बीते रात्रि चोरों या असामाजिक तत्वों ने चुरा लिया। सूत्रों ने बताया कि रात्रि पाली में मजदूरो का हाजरी बायोमैट्रिक से बना था, उक्त घटना के कोयला कर्मियों व यूनियन प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है,हाजरी बनाने को लेकर मजदूरो द्वारा लागये गये मशीन की चोरी होने से हाजरी बनाने को लेकर हंगामा किया,जिसे बाद में प्रबंधन में तत्काल वैकलिपक व्यवस्था करवाने की आश्वासन मिलने के बाद मजदूर शांत हुये। आज मजदूरो का खाता में हाजरी बनवाया गया। उक्त स्थान पर बीसीसीएल की सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात थी। यह जांच की विषय है।

### अपर्णा पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस समारोह पर बाल पर्यावरण संरक्षकों को किया प्रेरित



**धनबाद** : अपर्णा पब्लिक स्कूल, कुसुम विहार में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को एक प्रेरणादायक और जीवंत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यह आयोजन विद्यालय के निदेशक करुणेश कौशल के दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिन्होंने सभी को पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाई।इस अवसर पर विद्यालय में कई शैक्षिक, रचनात्मक और जागरूकता से भरपूर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्रों ने पौधारोपण, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, पर्यावरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति और रिसाइकलिंग ड्राइव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में सतत विकास की भावना को जगाना और हरित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।शिक्षिकाएँ अनुप्रिया, केया, दीप्ति और अंचल ने इन सभी गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें सफलतापूर्वक संचालित करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से यह सुनिश्चित हुआ कि प्रत्येक छात्र केवल भागीदार ही नहीं बना, बल्कि उसने पृथ्वी दिवस के गहरे संदेश को समझा भी। विद्यालय परिसर को छात्रों द्वारा बनाए गए पर्यावरणीय पोस्टरों, नारों और पुनर्चक्रित सजावटों से सुसज्जित किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण हरियाली के रंग में रंग गया। निदेशक करुणेश कौशल ने कहा हम गर्वित हैं कि हमारे छात्रों ने आज के पृथ्वी दिवस समारोह में इतनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। शिक्षा और जागरूकता से प्रेरित ये छोटे कदम भविष्य में पर्यावरण के प्रति हमारे दृष्टिकोण में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम का समापन एक प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने की शपथ ली।

### कोयला क्षेत्र के बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर निकाली एक अनूठी रैली




**धनबाद** : बच्चों ने अपने सिर पर पृथ्वी का मॉडल रखा और नारे लगाए धरती मां क्या चाहती है, मेरा पुराना रूप लौटा दो,धरती मां क्या चाहती है,मेरी हवा को शुद्ध कर दो। पेड़ लगाओ और धरती बचाओ आदि। रैली की अवधारणा पृथ्वी सबके लिए है, कुछ बच्चे पशुओं की मुखटा पहन कर रैली में चल रहे थे, कुछ बच्चें पृथ्वी दिवस की तख्तियां लिए हुए थे। कुछ रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह में रैली राजापुर कोलियरी क्षेत्र के पास रजवार बस्ती और कोरीबांध और सहनपहाड़ी क्षेत्र से गुजरी, जहां भूमि पूरी तरह से विनाश हो चुका है। रैली के उपरांत एक कार्यक्रम वसुंधरा वंदना आयोजित किया गया,जहां पृथ्वी के पांच तत्वों वायु, पृथ्वी, जल, अग्नि और आकाश को नमन किया गया। कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा यह एक रैली नहीं है यह अगली पीढ़ी का आग्रह है, यह पृथ्वी को बचाने की पुकार है। सभी को लगता है कि प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और असंतुलित कोयला खनन अभ्यास से पृथ्वी बर्बाद हो रही है। यदि पृथ्वी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानव का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा।कार्यक्रम में पिनाकी रॉय, कला शिक्षक संजय पंडित, शिक्षिका मौसमी रॉय के अलावा केंदुआ इकाई के बच्चे सुमन कुमारी, दुर्गा कुमारी, राजवीर कुमार, राधिका कुमारी, अंजलि कुमारी, मुस्कान कुमारी, दुर्गी कुमारी। सहानापहाड़ी की छात्रा सोनाली कुमारी, सपना कुमारी और खुशी कुमारी, नंदनी कुमारी, सोनू निगम, पंकज कुमार, नंदन कुमार एवं बस्ताकोला से पायल कुमारी, निधि कुमारी, लवली कुमारी, काजल कुमारी खुशी कुमारी उपस्थित थे।

### 50 से अधिक बच्चों ने मनायी पृथ्वी दिवस




**बोकारो** : पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में स्वस्थ एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पृथ्वी बचाओ संकल्प पूजा का आयोजन कर पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा ने पृथ्वी मां की विधिवत पूजा किया और कहा कि दुनिया का अस्तित्व तभी है जब पृथ्वी मां सुरक्षित हैं । अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर विकास के नाम पर मानव प्रकृति को अंधाधुंध मिटाने पर लगा हुआ है । जंगल काटे जारहे हैं, नदियों के किनारों को अतिक्रमित कर उनमें घरों और कल कारखानों के गंदे पानी को प्रवाहित किया जारहा है, पहाड़ों को तोड़ा जारहा है और वातावरण में जिस प्रकार जहरीली और ग्रीन गैसों को उत्सर्जित किया जारहा है ये सब हम धरती पर प्रदूषण को बढ़ाने का ही काम कर रहे हैं । धरती की बढ़ती गर्मी से ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, असमय मौसम का परिवर्तन सब तो आने वाले समय में अनेक समस्याओं को ही जन्म देगा । अगर हम चाहते हैं कि हमारा जीवन सुरक्षित रहे, आने वाली पीढ़ियों को विपदाओं का सामना नहीं करना पड़े तो सबों को पृथ्वी मां को बचाने के लिए संकल्पित होना होगा और प्रकृति को बचाना होगा। इस बैठक में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', पं. चंदन शास्त्री, वैद्य गणेश साव, अधिवक्ता रमण ठाकुर, मृणाल चौबे, वीरेंद्र चौबे, लक्ष्मण शर्मा, गौरी शंकर सिंह, जादूगर दयाराम परमार, मिली मनी चौबे, ललित कुमार, शिवजी ओझा, ललन दुबे, राम लखन द्विवेदी, प्रो. गणेश सिंह, अक्षय दुबे, गोलू, अनुराग मिश्र सहित कई पर्यावरण संरक्षक उपस्थित हुए ।

# झारखंड को कुपोषण से मुक्त करना हम सबों का दायित्व : लोकेश मिश्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) खूंटी की ओर से पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त लोकेश मिश्रा शामिल हुए। आठ से 22 अप्रैल तक चले इस पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में मिलेट्स और मोटे अनाज से बने पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शित कर पोषाहार के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। समापन समारोह के दौरान समाहरणालय परिसर में मिलेट्स, मोटे अनाज और विभिन्न साग-सब्जियों से बने विविध प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका निरीक्षण उपायुक्त ने किया और उनकी सराहना की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर तैयार इन व्यंजनों को पोषण के क्षेत्र में एक सशक्त पहल बताया। पोषण पखवाड़ा समापन समारोह के दौरान जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण उपायुक्त ने किया। उल्लेखनीय है कि जिले के कुल 840 आंगनबाड़ी केंद्रों की सभी सेविकाओं को सरकार की ओर से स्मार्टफोन दिया गया है। उपायुक्त ने सेविकाओं की ओर से किए जा रहे कार्यों को सराहा और कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से पोषण ट्रैकर में योग्य गर्भवती, धात्री महिलाएं, बच्चों की प्रविष्टि समय पर दर्ज की जाए। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी पोषण ट्रैकर में ऑनलाइन ससमय अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह सशक्त हों। समारोह में पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुरहू की सेविका को प्रथम, कर्रा की सेविका को द्वितीय और अड़की की सेविका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उपायुक्त ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कुपोषण मुक्त झारखंड का निर्माण करना। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर पोषाहार को जन-जन तक पहुंचाएं और विशेष रूप से गर्भवती, धात्री महिलाओं और बच्चों को पोषाहार अपनाने के लिए प्रेरित करें।

## एक नजर

### सोन नदी से लिफ्ट कर फटहा बांध और तालाबों तक पहुंचेगा पानी

**पलामू :** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत मोकहर कला पंचायत के किसानों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी योजना की शुरुआत हो गई है। मंगलवार से शुरू हुई इस योजना के तहत पलामू पाइप लाइन इरिगेशन पैकेज फेज-2के तहत सोन नदी से पानी लिफ्ट कर पंचायत के सरकारी तालाबों और फटहा बांध तक पहुंचाया जाएगा। योजना के शुभारंभ पर पंचायत की मुखिया नाजमा खातून और समाजसेवी नवाजिश खान ने जानकारी दी कि इस योजना के पूर्ण होते ही इलाके के सभी प्रमुख जल स्रोतों को पर्याप्त जलापूर्ति मिलने लगेगी, जिससे किसानों की सिंचाई की जरूरतें पूरी होंगी और क्षेत्र का भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा।

## सोन नदी से लिफ्ट कर फटहा बांध और तालाबों तक पहुंचेगा पानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत मोकहर कला पंचायत के किसानों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी योजना की शुरुआत हो गई है। मंगलवार से शुरू हुई इस योजना के तहत पलामू पाइप लाइन इरिगेशन पैकेज फेज-2 के तहत सोन नदी से पानी लिफ्ट कर पंचायत के सरकारी तालाबों और फटहा बांध तक पहुंचाया जाएगा।
योजना के शुभारंभ पर पंचायत की मुखिया नाजमा खातून और समाजसेवी नवाजिश खान ने जानकारी दी कि इस योजना के पूर्ण होते ही इलाके के सभी प्रमुख जल स्रोतों को पर्याप्त जलापूर्ति मिलने लगेगी, जिससे किसानों की सिंचाई की जरूरतें पूरी होंगी और क्षेत्र का भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा।
योजना की जिम्मेदारी संभाल रही गुजरात की लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट इंजीनियर अभिषेक सिंह ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और सरकार की पहल के चलते यह परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि योजना के तीसरे चरण में उन किसानों को भी लाभान्वित किया जाएगा, जिनके पास न्यूनतम पांच एकड़ कृषि भूमि है। इस योजना से लंबे समय से सूखा और अकाल झेल रहे इस क्षेत्र के किसानों के बीच खुशी और उम्मीद की लहर दौड़ पड़ी है। परियोजना पूरी होते ही मोकहर कला पंचायत कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर सकेगा।

## खूंटी के कांग्रेस नेता फिलमोन हेरेंज का निधन

**खूंटी :** खूंटी जिला आदिवासी कांग्रेस के संरक्षक फिलमोन हेरेंज का निधन सोमवार की रात उनकें जोजोटोली खूंटी स्थित पैतृक आवास में हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उनके निधन की खबर मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी में शोक की लहर दौड़ गई। फिलमोन हेरेंज के निधन पर सांसद कालीचरण मुंडा, प्रदेश कांग्रेस सचिव पीटर मुंडू, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जेम्स तोपनो, जुलियूस भेंगरा, मगरीता खेस, ईन्दुआन्ना हस्सा, सुन्दरमनी हंस, शांता खाखा, हेलेन तिड़ू, सुषमा भेंगरा, फुलचंद टूटी, रोबा गुड़िया, अनिता नाग सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

## पत्रकारों पर हमले को लेकर प्रेस क्लब में हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद प्रेस क्लब ने गांधी सेवा सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें पत्रकारों पर हमले के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर चर्चा की गई। यह हमला रणधीर वर्मा चौक पर हुआ था, जब कांग्रेस के नेता राशिद राजा अंसारी, उनके बेटे और भाइयों ने पत्रकारों पर हमला किया था। इस हमले में पत्रकारों के मोबाइल छीन लिए गए, और उन्हें गाली-गलौज और पिटाई का सामना करना पड़ा। घटना 16 अप्रैल की है। घटना के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई है। कांग्रेस के नेता राशिद राजा अंसारी उनके भाई और बेटे के द्वारा कांग्रेस के दूसरे गुट से उलझ पड़े आपस में झगड़ रहे थे, जिसका कवरेज पत्रकारों ने करना शुरू कर दिया था। इससे नाराज होकर उन्होंने पत्रकारों पर हमला किया।

**प्रेस क्लब की बैठक**

पत्रकारों पर हमले के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रेस क्लब के द्वारा बैठक में चर्चा की गई अगर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो जिला प्रशासन को एक पत्र देकर गुरुवार, 24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन और विरोध किया जाएगा।

**पत्रकारों की मांग**

पत्रकारों पर हमला करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग। पत्रकारों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग। 24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन और विरोध किया जाएगा। प्रेस क्लब के पदाधिकारी ने सभी पत्रकारों को एकजुट होने को कहा है। प्रेस क्लब के बैठक में पदाधिकारी ने कहा कि इस मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर ऐसी घटना को अंजाम देने वालों पर गिरफ्तारी अभी तक क्यों नहीं हो पा रही है। पत्रकारों का कहना है कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के लिए 124 लाभुकों का चयन, सूची किया सार्वजनिक

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया नगरपंचायत क्षेत्र में शहरी क्षेत्र के गरीबों व आवास से वंचित लोगों को आवास देने के लिए वीतीय वर्ष 2024-25 के तहत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत आवेदन मंगाई गई थी। जिसमें कुल 320 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इसमें 124 लाभुकों का चयन किया गया। इसकी सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है। उक्त जानकारी नगरप्रबंधक शशिप्रकाश ने दिया। इन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास के लिए प्रति आवास 2 लाख 25 का आवंटन केन्द्र सरकार द्वारा किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। कहा कि सूची सार्वजनिक कर कार्यालय के सूचना पट्ट पर लगा दिया गया है। यदि किसी को कोई आपति हो तो वे 22 अप्रैल 2025 से 26 अप्रैल 2025 तक साक्ष्य के साथ अपनी आपति कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार की कोई आपति मान्य नहीं होगा। साथ ही जो किसी कारणवश छंट गये हैं और वह भी अपना तथ्य के साथ आवेदन दे सकते हैं।

### समाजसेवी कल्याण चंद्र सिंह ने किया कुकड़ू बीडीओ से मुलकात



**कुकड़ू :** मंगलवार को कुकड़ू प्रखंड के बाबूडीह राज परिवार के सदस्य सह ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी कल्याण चंद्र सिंह ने ने कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राजश्री ललिता बाखला से शिष्टाचार भेंट किया। इस अवसर पर समाजसेवी कल्याण चंद्र सिंह ने कुकड़ू प्रखंड के राजश्री ललिता बाखला को शॉल देकर सम्मानित किया। बीडीओ से बातचीत के क्रम में समाजसेवी कल्याण चंद्र सिंह ने बढ़ते हुए गर्मी को देखते हुए कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में खराब पड़े चापाकलों को जल्द दुरुस्त कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खराब पड़े चापाकलों को दुरुस्त करा देने से लोगों को गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत नहीं होगी। इस दौरान इन्होंने और कई सामाजिक मुद्दों पर भी बीडीओ से चर्चा किया। मौके पर अश्वनी सिंहदेव, पिंटू आदि उपस्थित थे।

### गुरुनानक स्कूल में मना पृथ्वी दिवस, बच्चों ने प्रस्तुत की पेंटिंग



**रामगढ़ :** पृथ्वी दिवस पर रामगढ़ जिले के बच्चों ने पृथ्वी के संरक्षण के विषय को लेकर कई आकर्षक पेंटिंग प्रस्तुत की। गुरुनानक स्कूल के बच्चों ने यह बताया कि हमारी पृथ्वी पर जीवन तभी संभव है। जब हम अपने इस धरती को संरक्षित करेंगे। पूरे देश में 55 वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना, दूषित हवा और जल, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई के प्रति जागरूक करना है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना है। पृथ्वी दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी के संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण किया। प्ले कार्ड के माध्यम से बच्चों ने पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया और कविता पाठ भी किया। बच्चों ने पृथ्वी दिवस से संबंधित चित्रकारी और स्लोगन लेखन गतिविधि में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह ने बताया कि इन बच्चों का संदेश जन साधारण तक पहुंच रहा है। हम पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगा सकते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम कर सकते हैं, पानी और बिजली की बचत कर सकते हैं और कचरे को सही ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार करामजीत सिंह ने बच्चों की ओर से दिए गए संदेश की सराहना की।

## सरायकेला-खरसावां में 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल समाप्त, सेवाएं बहाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला-खरसावां :** जिले में पिछले 12 अप्रैल से जारी 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल रविवार को समाप्त हो गई है। सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में सम्मान फाउंडेशन, 108 एंबुलेंस कर्मियों और जिला प्रशासन के बीच त्रिपक्षीय वार्ता के बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। सिविल सर्जन ने बैठक के बाद जानकारी दी कि वर्तमान में 8 एंबुलेंस संचालन योग्य स्थिति में हैं और उनका परिचालन शुरू कर दिया गया है। शेष 6 एंबुलेंस को मरम्मत के बाद 1 मई से सेवा में लाया जाएगा। हड़ताल पर गए कर्मचारियों की मुख्य मांगों में समय पर वेतन भुगतान, वेतन वृद्धि, ब्रेकडाउन एंबुलेंस की स्थिति में वेतन की स्थिरता और सभी एंबुलेंस की मरम्मत शामिल थी। कर्मचारियों ने ब्रेकडाउन की स्थिति में वेतन कटौती का विरोध किया और इसे परिवारिक जीवन पर प्रभावी बताया। इस मुद्दे पर सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मामला राज्य स्तर पर उठाया जाएगा। सम्मान फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य रूप से खराब एंबुलेंस की मरम्मत कर उसे सेवा में लगाया गया है और बाकी भी समयबद्ध तरीके से चालू कर दी जाएंगी। बैठक में एंबुलेंस कर्मी जयप्रकाश सिंह कर्मकार, मनोरंजन महतो, जय हरी प्रमाणिक, लक्ष्मण महतो, भुवन, संतोष, बबलू, लखविंदर, अशोक समेत सभी कर्मचारी उपस्थित थे। अब जिले में पुनः एंबुलेंस सेवा सामान्य हो गई है जिससे मरीजों को बड़ी राहत मिली है।

## कोल्हान विश्वविद्यालय में जेनरिक और मैथड पेपर की परीक्षा जल्द आयोजित हो : शुभम झा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** सोमवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाईजेशन का प्रतिनिधिमंडल कुलपति की अनुपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश सचिव मंडली सदस्य शुभम कुमार झा ने कहा कि लगातार छात्रों की मांग के बावजूद कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक जेनेरिक पेपर और मैथड पेपर की परीक्षाएं आयोजित नहीं करना छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। उक्त मांग पर 15 दिनों के अन्दर सकारात्मक परिणाम नहीं आने पर छात्र समुदाय उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिवमंडली सदस्य सविता सोरेन, सगुण हांसदा, बबीता सोरेन, जतिन दास,समीर कुमार महतो, जगदीश महाली, अमित दलाई, किरण बेसरा, बालेमा, सूर्या,नूतन बानरा सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

**अन्य मांगें**

- PHD प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जल्द जारी करें
- स्नातक ओल्ड सिलेबस की सभी परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित की जाएं

## खूंटी में जोर-शोर से हो रहा है बोरी बांध का निर्माण

**खूंटी :** जिला प्रशासन के नेतृत्व में ग्राम सभाओं और एनजीओ के सहयोग से जिले के विभिन्न प्रखंडों में जल संरक्षण और सिंचाई सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए बोरी बांध निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। यह पहल स्थानीय नागरिकों के श्रमदान से संचालित हो रही है, जिसमें लोग स्वेच्छा से भागीदारी कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में जल संकट की संभावना को देखते हुए यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। बोरी बांध न केवल वर्षा जल को संचित करने में सहायक होगा, बल्कि खेती-किसानी के लिए पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत मिलेगा, जिससे उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। जिला प्रशासन ने जल संरक्षण के इस प्रयास को जन आंदोलन का रूप देने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया है। जिला प्रशासन ग्रामीणों को जल की महत्ता और बोरी बांध के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। यह अभियान ग्रामीण सहभागिता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जिसमें समुदाय अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहा है।

# आदित्यपुर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**आदित्यपुर :** सरायकेला-खरसावां जिले की पुलिस ने सोमवार को तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ये गिरफ्तारियां आदित्यपुर और गम्हरिया थाना क्षेत्रों में हुईं।

**छिनतई कांड में आरोपी पवन गोराई गिरफ्तार**

आदित्यपुर थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 114/25 (धारा-304/3(5) बीएनएस) के तहत अभियुक्त पवन गोराई (25), पिता- सुख रंजन गोराई, निवासी- सालडीह बस्ती, को गिरफ्तार किया गया। पवन ने वादिनी का मोबाइल छीनने के बाद उसे वापस करने के एवज में 8000 रुपये की मांग की थी। जब वह आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में पैसे लेने पहुंचा तो पुलिस ने उसे घेराबंदी कर रंगे हाथ मोबाइल और चार चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

**मोटरसाइकिल चोरी में चन्दन सिंह पकड़ा गया**

आदित्यपुर थाना कांड संख्या 115/25 (धारा-303(2) बीएनएस) में चोरी गई बाइक (संख्या-जेएच05बीएम5315) के साथ चन्दन सिंह (25), पिता- चन्द्र शेखर सिंह, निवासी- आलजानीपुर, थाना- हसनपुर, जिला- सिवान (बिहार), वर्तमान पता- छोटा गम्हरिया, को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी को गम्हरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

**मर्डर केस में फरार चल रहे मोगली उर्फ धनंजय महतो की गिरफ्तारी**

आदित्यपुर थाना कांड संख्या 303/24 (धारा-126(2)/109(1)/140(1)/109 बीएनएस) में वांछित और सदानंद बारीक हत्याकांड के प्रमुख अभियुक्त मोगली उर्फ धनंजय महतो (25), पिता- जवाहर लाल महतो, निवासी- आदित्यपुर रोड नं0-4, को पुलिस ने लंबे समय बाद धर दबोचा। आरोपी लंबे समय से फरार था। पुलिस की सक्रियता और सतर्कता से इन तीनों मामलों में सफलता मिली है। सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।**
**अति-अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं० - 02/2025-26 (प्रथम आमंत्रण)**
**ई-निविदा**
दिनांक 22.04.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :- | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा। |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | :- | 26.04.2025 के अपराह्न 11.00 बजे तक। |
| 4. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 02.05.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक |
| 5. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 02.10.2023 के आलोक में निविदा का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 02.05.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) | :- | 03.05.2025 को अपराह्न 04.00 बजे। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं० | :- | 06525-350233 |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं० | :- | 06525-350233 |

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की अनुमानित संख्या | प्राक्क० राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विप० का मूल्य (रू० में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for R/M To D/T required for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division No. 01, Simdega. | I | Major – 642 Minor 321 Total - 963 | 749368.00 | 15000.00 | 1250.00 | सितम्बर 2025 तक |
| 2 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for R/M To D/T required for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division No. 02, Simdega. | II | Major – 425 Minor- 213 Total - 638 | 496195.00 | 10000.00 | 750.00 | सितम्बर 2025 तक |
| 3 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for R/M To D/T required for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division Kolebira. | III | Major – 719 Minor- 360 Total - 1079 | 839226.00 | 17000.00 | 1250.00 | सितम्बर 2025 तक |

निविदा की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
PR 350839 Simdega(25-26)D

# विचारों का उपवन हैं पुस्तकें

प्रकृति के सुकुमार कविवर सुमित्रानंदन पंत की ये पंक्तियां प्रकृति और पुस्तक के बीच एक सुंदर समन्वय स्थापित करती है। उनने कविता में पुस्तकों को "विचारों का उपवन" कहा है। जो शाश्वत सत्य है। आज का युग तकनीकी क्रांति का युग है। स्मार्टफोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और वर्चुअल रियलिटी ने मानव जीवन को एक नई दिशा दी है। सूचनाएँ अब उंगलियों के इशारे पर उपलब्ध हैं, और डिजिटल उपकरणों ने समय और स्थान की सीमाओं को लगभग मिटा दिया है। फिर भी, इस तेज रफ्तार डिजिटल दुनिया में पुस्तकें अपनी एक खास जगह बनाए हुए हैं। पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि मानवता की संस्कृति, इतिहास, भावनाओं, और कल्पनाशीलता का जीवंत दस्तावेज भी हैं। पुस्तकें मानव सभ्यता की रीढ़ रही हैं। प्राचीन मिस्र के पेपिरस से लेकर भारत के ताड़पत्रों तक, और मध्ययुगीन यूरोप की हस्तलिखित पांडुलिपियों से लेकर आधुनिक मुद्रित पुस्तकों तक, इनका योगदान अतुलनीय है। वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, बाइबिल, कुरान, और गुरु ग्रंथ साहिब जैसी पुस्तकों ने न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया, बल्कि नैतिकता, दर्शन, और सामाजिक मूल्यों को भी परिभाषित किया। ये ग्रंथ आज भी प्रासंगिक हैं, क्योंकि ये मानव जीवन की जटिलताओं को समझने का एक गहरा दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। टेक्नालॉजी ने सूचनाओं को तीव्र और सुलभ बना दिया है, लेकिन पुस्तकों की गहराई और प्रामाणिकता का कोई विकल्प नहीं है। एक पुस्तक न केवल तथ्यों का संग्रह होती है, बल्कि यह लेखक के विचारों, अनुभवों, और भावनाओं का एक संगम भी होती है। पाठक जब पुस्तक के पन्नों को पलटता है, तो वह लेखक के साथ एक संवाद में प्रवेश करता है, जो समय और स्थान की सीमाओं को पार कर जाता है। यह अनुभव डिजिटल स्क्रीन पर उपलब्ध संक्षिप्त और अस्थायी सामग्री से कहीं अधिक गहन और स्थायी होता है। पुस्तकें समाज को एक सूत्र में बांधती हैं। साहित्य, इतिहास, और दर्शन की पुस्तकें विभिन्न पीढ़ियों, संस्कृतियों, और समुदायों के बीच एक सेतु का काम करती हैं। उदाहरण के लिए, प्रेमचंद की कहानियाँ और उपन्यास भारतीय ग्रामीण जीवन की कठिनाइयों और सामाजिक असमानताओं को आज भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। इसी तरह, शेक्सपियर के नाटक, टॉल्सटॉय के उपन्यास, और रवींद्रनाथ टैगोर की कविताएँ मानवीय भावनाओं और अनुभवों की सार्वभौमिकता को दशार्ती हैं। ये रचनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि चाहे युग कितना भी बदल जाए, मानव हृदय की बुनियादी भावनाएँ और संघर्ष वही रहते हैं। टेक्नालॉजी के इस युग में सोशल मीडिया और वीडियो कंटेंट ने मनोरंजन और सूचना के स्वरूप को बदल दिया है। लेकिन ये माध्यम अक्सर सतही और क्षणिक होते हैं। एक ट्वीट या रील कुछ पलों में हमारा ध्यान खींच सकता है, लेकिन वह गहन चिंतन या भावनात्मक जुड़ाव प्रदान नहीं करता। दूसरी ओर, एक उपन्यास या कविता-संग्रह पाठक को घंटों तक बाँधे रखता है। पाठक कहानी के पात्रों के साथ हँसता है, रोता है, और उनके अनुभवों को अपने जीवन से जोड़ता है। यह भावनात्मक और बौद्धिक जुड़ाव पुस्तकों को डिजिटल माध्यमों से अलग करता है। शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तकों की भूमिका निर्विवाद है। पाठ्यपुस्तकें विद्यार्थियों को आधारभूत और गहन ज्ञान प्रदान करती हैं। ऑनलाइन कोर्स, वीडियो लेक्चर, और डिजिटल संसाधनों ने शिक्षा को सुलभ बनाया है, लेकिन पुस्तकें अब भी गहन अध्ययन और संदर्भ सामग्री का प्रमुख स्त्रोत हैं। एक पुस्तक पढ़ते समय पाठक अपनी गति से सीखता है, महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करता है, और विचारों को आत्मसात करता है। यह प्रक्रिया दीर्घकालिक स्मृति और समझ को बढ़ावा देती है, जो डिजिटल माध्यमों में अक्सर अनुपस्थित होती है। पुस्तकें न केवल शैक्षिक ज्ञान प्रदान करती हैं, बल्कि वैचारिक विकास में भी योगदान देती हैं। दर्शन, विज्ञान, और साहित्य की पुस्तकें पाठक को प्रश्न उठाने, तर्क करने, और नए दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उदाहरण के लिए, कार्ल मार्क्स की "दास कैपिटल" या सिगमंड फ्रायड की मनोविश्लेषण संबंधी रचनाएँ आज भी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विचारधारा को प्रभावित करती हैं। ये पुस्तकें हमें अपने समाज और स्वयं को गहराई से समझने का अवसर देती हैं। टेक्नालॉजी ने पुस्तकों को अप्रासंगिक बनाने के बजाय, उन्हें नए रूप में प्रस्तुत किया है।

# भारत में शहरी नक्सलवाद के इरादे

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

एक राष्ट्र अपने मूर्खों और यहां तक कि महत्वाकांक्षी लोगों से भी बच सकता है। हालांकि, यह आंतरिक विश्वासघात का सामना नहीं कर सकता। द्वार पर खड़ा एक विरोधी कम शक्तिशाली होता है क्योंकि वह ज्ञात होता है और अपना झंडा फहराता है। हालांकि, देशद्रोही द्वार के अंदर उन लोगों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमता है, उसकी चालाक फुसफुसाहट सभी गलियों में गूंजती है और यहां तक कि सरकार के अपने हॉल तक भी पहुंचती है। क्योंकि देशद्रोही उस तरह दिखता नहीं; वह उन बोलियों में बात करता है जो उसके शिकारों के आदी हैं, उनकी शक्ल और विचारों को अपनाता है और उस नीचता का फायदा उठाता है जो सभी लोग अपने अंदर गहराई से पालते हैं। वह एक राष्ट्र की आत्मा को सड़ा देता है, शहर के स्तंभों को कमजोर करने के लिए रात में गुप्त रूप और बिना पहचाने काम करता है और राजनीतिक शरीर और मन को इस हद तक संक्रमित कर देता है कि वह अब विरोध नहीं कर सकता। एक हत्यारा कम भयावह होता है।- रोमन राजनेता मार्कस टुलियस सिसेरो, (63 ईसा पूर्व में वाणिज्य दूत थे)

भारत शहरी नक्सलवाद सहित नक्सलवाद के समान मुद्दे से निपट रहा है। हालांकि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब 38 हो गई है। केंद्र सरकार की योजना 2026 तक नेटवर्क को खत्म करने की है। हालांकि, मार्कस सिसेरो के बयानों में शहरी नक्सलवाद का खतरनाक रूप समझा जा सकता है। एक समाज और राष्ट्र के रूप में हम इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप बहुत पीड़ित हैं। वे अब 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' के खिलाफ लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं।

शहरी नक्सली, ऐसा शब्द जो हाल के वर्षों में लोकप्रिय हुआ है, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी विद्रोह के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं। शहरी नक्सली और माओवादी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं और शत्रुतापूर्ण देशों में उनके कई समर्थक हैं, जिनके साथ हम कई वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। ये शहरी नक्सली और माओवादी, स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापार दिग्गजों की तरह, भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श माध्यम हैं। ये शहरी समर्थक छद्म बुद्धिमान, अच्छे वक्ता होते हैं और खुद को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् या मानवाधिकार अधिवक्ता बताते हैं। उनका असली लक्ष्य युवा, भोले-भाले दिमागों को भर्ती करके और माओवादी प्रचार करके देश को अस्थिर करना है। एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं। ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के आदर्शवाद और कमजोरी का फायदा उठाते हैं। वे सामाजिक न्याय के समर्थक बनकर विद्यार्थियों में कट्टरपंथी धारणाएं भरते हैं, उन्हें सरकार का विरोध करने तथा हिंसक, विद्रोही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

भारत विरोधी नारे और हिंसा जो भी हम अलग-अलग शिक्षा परिसरों में देखते हैं, वह काफी हद तक शहरी नक्सलियों द्वारा छात्रों को प्रभावित करने का परिणाम है। इस तरह का ब्रेनवॉश समाज और राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को कमजोर करता है। ये नक्सली, वैश्विक डीप स्टेट मार्केट ताकतों की मदद से, हर उस चीज को खारिज करते हैं जो राष्ट्र के पक्ष में है और अंतरराष्ट्रीय मालिकों और फाइनेंसरों के अनुकूल है जिनके लिए वे स्वार्थी कारणों से काम करते हैं। उन्हें केवल जाति विवाद, कश्मीरी अलगाववाद और खालिस्तानी आंदोलन जैसे विभाजन को भड़काते है, जो अजीब तरह से ज्यादातर सोशल मीडिया, मुख्यधारा के मीडिया और कैंपस चिटचैट जैसे प्लेटफार्मों पर अनिवासी भारतीयों द्वारा फैलाया जा रहा है। इससे पहले कि आप यह जान पाएं, भारत को पूरी तरह से भीतर से नष्ट करने के लिए पर्याप्त आत्म-कट्टरपंथी तयार हो जाते है। यहां तक कि उनके अनुयायियों और कार्यकताओं के साथ-साथ माओवादी प्रभावित क्षेत्रों के अधिकांश लोगों का भी माओवाद से बहुत कम सैद्धांतिक संबंध है। उदाहरण के लिए, बिहार में जाति विवाद, आंध्र प्रदेश में जमींदारों के प्रति दुश्मनी, आदिवासी क्षेत्रों में वन कानूनों से असंतोष, युवा बेरोजगारी और मुस्लिम कट्टरपंथ सभी को आग्नेयास्त्रों के उपयोग के माध्यम से सत्ता हासिल करने के साधन के रूप में निर्धारित किया जाता है। कट्टरपंथियों के अंतिम लक्ष्यों और नतीजों के बारे में जनता की समझ बढ़ाने की सख्त जरूरत है, साथ ही स्थानीय शिकायतों को बेहतर प्रशासन और बडी जिम्मेदारी के माध्यम से ठीक से हल किया जाना चाहिए।

माओवादी शहरीकरण के साथ आने वाली प्राकृतिक दरारों का भी फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जब्त किए गए दस्तावेजों के अनुसार, "सर्वेक्षण" शहरी लामबंदी अभियान का पहला चरण है। इस चरण में शहरी परिदृश्यों की उनकी भौगोलिक रूपरेखा के अनुसार जाँच करना शामिल है, जिसमें यह भी शामिल है कि वे औद्योगिक या अविकसित अंतर्देशीय क्षेत्र की सेवा करते हैं; कार्यबल की संरचना में परिवर्तन; भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों की बारीकी से जाँच; शहरों के भीतर आर्थिक असमानताएँ; और घेट्टोकरण में शामिल प्रक्रियाएँ, क्योंकि ये उनके रंगरूटों के लिए संभावित प्रजनन स्थल हैं, जिनका वे आसानी से भारतीय राज्य के हितों के विरुद्ध काम करने के लिए ब्रेनवॉश कर सकते हैं। हाल के वर्षों में, कई कॉलेज परिसरों में छात्र अशांति रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के नाम पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध इन सभी संस्थानों को एकजुट करता है जिन्हें युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। एक नजदीकी जाँच से पता चलता है कि सरकार "लोकतांत्रिक सिद्धांतों" को दबाती नहीं है लेकिन एक तस्वीर इस तरह से चित्रित की जाती है। इन विरोधों में सक्रिय रूप से भाग लेने या उन्हें समर्थन देने के द्वारा कुछ संकाय सदस्यों ने भी उन्हें तीव्र करने का प्रयास किया। औसत व्यक्ति को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि, छात्र भारत विरोधी कैसे हो गए? ये सभी संस्थान अचानक संकट में क्यों हैं?

धमकी के पहले संकेत पर वे जहर उगलेंगे और अपने गंदे दिलों से लोकतंत्र को लुभाएँगे। वे आज भी अंग्रेजों के दिमाग का हिस्सा बने हुए हैं, जिनके पास उत्कृष्ट शिक्षा है लेकिन सामाजिक जागरूकता बहुत कम है। उनके पास एक पश्चिमी दृष्टिकोण है और हर घरेलू मुद्दे को पश्चिमी समाज के दृष्टिकोण से देखा जाता है। उनकी अंतिम रणनीति समाज की निराशाजनक तस्वीर पेश करना है क्योंकि वे देश के प्रलय की भविष्यवाणी में विश्वास करते हैं। वे केवल भावनाओं में विश्वास करते हैं; वे आँकड़ों, तथ्यों या डेटा में विश्वास नहीं करते। वे भारत को ध्वस्त करना चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि चीन और पश्चिमी सभ्यता एक आदर्श दुनिया का प्रतिनिधित्व करती है, जो उनका मानना है कि भारत कभी नहीं हो सकता। वे वैचारिक तर्क और रसद सहायता देकर नक्सली संगठनों के लिए भर्ती को बढ़ावा देते हैं, अंततः विद्रोही आंदोलन को बढ़ाते हैं। हालाँकि शहरी नक्सली सशस्त्र युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल नहीं हैं, लेकिन उनकी हरकतें हिंसा, दंगे और नागरिक अशांति को भड़काती हैं, जिससे महानगरीय क्षेत्र अस्थिर होते हैं। शहरी नक्सलियों के इर्द-गिर्द होने वाला विमर्श राजनीतिक ध्रुवीकरण को गहरा करता है, जिससे सामाजिक विभाजन होता है और संभावित रूप से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से समझौता होता है। शहरी नक्सलियों के प्रति सरकार की प्रतिक्रिया से प्रायः मानवाधिकार संबंधी चिंताएं उत्पन्न होती हैं, जिनमें मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां और असहमति के दमन के दावे शामिल हैं, जिससे व्यापक सार्वजनिक अशांति पैदा होती है। शहरी नक्सली जंगल के नक्सलियों को रसद और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं। वे सामाजिक खामियों का फायदा उठाते हैं और बड़ी भीड़ को संगठित करके हिंसक और अहिंसक दोनों तरह के विरोधों को भड़काते हैं ताकि व्यवस्था को अंदर से कमजोर किया जा सके। पकड़े गए नक्सलियों को कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। इसके अलावा, मानवाधिकारों की आड़ में व्यवस्था को मजबूर किया जाता है। झूठे विमर्श फैलाकर नए सदस्यों को आकर्षित करना जो नक्सल संघर्ष का सैन्य या बौद्धिक रूप से समर्थन कर सकते हैं। चूंकि ट्रेड यूनियनों और शैक्षणिक संस्थानों के सदस्यों को नक्सल आंदोलन में शामिल होने के लिए आसानी से बहकाया जा सकता है, इसलिए इन संगठनों में लोगों को रखकर ऐसा किया जाता है। व्यवस्था को कमजोर करने का एक और तरीका है अपने लोगों को राजनीतिक, कानूनी और नौकरशाही क्षेत्रों में अधिकार के पदों पर बिठाना। सबसे जोखिम भरा तरीका है नक्सल कथा को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए पत्रकार के रूप में प्रस्तुत होना। इसके अतिरिक्त, यह राष्ट्रवादी, आतंकवाद विरोधी और नक्सल विरोधी ताकतों को गलत तरीके से प्रस्तुत करता है।

## सूडोकु नवताल- 7409

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7408 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# धधकती धरती : विकास की दौड़ या विनाश की ओर?

**योगेश कुमार गोयल**

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल, वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है।

प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सबकुछ नष्ट कर डालने में पलभर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है,जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी।

धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है,जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल,अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है,उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार है।)**

# पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी है

**ललित गर्ग**


विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'अपने तरीके से पढ़ें', यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषतः बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस ड्रून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्कों ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरूआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए।

पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गांधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- कोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है। इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है। यही कारण है कि मोदीजी भारत को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं। पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

## दैनिक पंचांग

**23 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 08.47 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 11.00 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.28 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.39 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.53 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.09 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.15 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 02.01 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 03.34 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 05.04 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 113 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 16.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 12.08 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 18.51 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 05.34 बजे, विष्टि 16.44 बजे तदनन्तर बव 03.43 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 33'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872323
**जूलियन दिन** 2460788.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 24

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** जयनगर प्रखंड सभागार में मंगलवार प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की उपस्थिति में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने की बैठक में पंचायत समिति सदस्य, उप प्रमुख राजनारायण सिंह, जयनगर प्रखंड क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायतों के मुखिया गण, सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज विवेक कुमार के द्वारा पूर्व बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया। इसके पश्चात सभी विभागों की क्रमवार समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों से अद्यतन स्थिति पर जानकारी ली गई। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य, पेयजल एवं बिजली



विभाग को विशेष रूप से सक्रिय रहने और आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस जरूरी दवाइयों एवं प्राथमिक उपचार की उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को खराब चापाकलों की मरम्मत एवं वैकल्पिक पेयजल स्त्रोतों की व्यवस्था पर कार्य करने को कहा गया। साथ ही बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ट्रांसफार्मर मरम्मत में तत्परता बरतने के निर्देश दिए गए। बैंकिंग प्रणाली को सरल एवं जनसुलभ बनाने के लिए भी बैठक में चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खातों का एनपीसीआई मैपिंग, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, डीबीटी भुगतान में तथा अन्य प्रकार बैंकिंग कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करें। वीएलडब्ल्यू एवं बैंक मित्रों को इसके लिए विशेष रूप से सक्रिय किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिन लोगों के पास पक्का आवास नहीं है या जो आवासविहीन हैं, वे अवश्य अपना सर्वे करवा लें ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने, भुगतान में विलंब न हो, इस पर बल दिया गया। पंचायतवार लंबित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित जेई एवं रोजगार सेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) के तहत संचालित स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना की गई। उन्हें स्वावलंबी बनाने, बैंकिंग सुविधा से जोड़ने और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित करने हेतु प्रयास तेज करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और केटीपीएस स्कूल को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। इन संस्थानों में छात्राओं की नामांकन प्रक्रिया, भोजन, साफ-सफाई और पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। बैठक के अंत में प्रखंड प्रमुख श्रीमती अंजू देवी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## भीषण गर्मी से लोगों का हाल हुआ बेहाल, शीतल पेय बना सहारा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** जिले का तापमान एक बार फिर से बढ़ गया है। लगातार तीन दिनों की छुट्टी के बाद स्कूल, कॉलेज खुले और बच्चे भीषण गर्मी में स्कूल से लौटते वक्त बच्चों का बुरा हाल हो गया। खासकर जो बच्चे वाहन से अपने घर पहुंचे उन्हें तो कुछ राहत मिली, लेकिन प्रतिदिन कार्य करने वाले मजदूर, ठेला चालक और आम आवाम सामान के खरीदारी करने के लिए भरी दोपहर में नजर आए। सोमवार को झुमरी तिलैया का तापमान लगभग 38 डिग्री रहा। इस दौरान छात्र-छात्राओं के अलावा पुरुष, महिला, बच्चे छाता, दुपट्टा एवं गमछा लेकर कार्यों को अंजाम देते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का प्रभाव और बढ़ेगा। तापमान 40 डिग्री के पार होने के बाद लोगों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इधर मनुष्य के साथ-साथ पशु, पक्षियों को भी गर्मी की वजह से परेशानी झेलनी पड़ रही है इधर शादी, विवाह वाले वर वधु परिवार की भी परेशानी बढ़ी हुई है। दिन में तेज धूप और शाम को उमस भरी हवा से शरीर पसीना से तर बतर हो जा रहा है। गर्मी की वजह से गन्ना का जूस, ककड़ी, तरबूज, सतू, कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, खीरा की बिक्री बढ़ गई है। वही गर्मी से बचाव के लिए लोग कूलर, एसी में रहकर राहत की सांस ले रहे हैं ठीक हैं।

## लेबर कोड के खिलाफ 20 मई को देशव्यापी हड़ताल : संजय पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** सोवियत क्रांति के नायक ब्लादिमीर लेनिन की 155 वीं जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि देते हुए मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि लेनिन मजदूर वर्ग के विशाल हृदय में बस्ते हैं। वे हमारे शिक्षक हैं। उनके सिद्धांत आज भी हमारे साथ है। लेनिन पूरी दूनिया में सर्वहारा वर्ग के नेता हैं। मार्क्सवादी दर्शन को महान सोवियत क्रांति के माध्यम से पहली बार व्यवहार मे लाते हुए, गरीब मेहनतकश मजदूर और किसान के राज्य को साकार किया. जिसके कारण पूरी दुनिया में साम्राज्यवाद विरोधी राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनो को प्रेरणा प्राप्त हुई और जिसका असर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर भी पड़ा। सीटू नेता ने कहा कि क्रांतिकारी वैज्ञानिक भावना दोनों का मिलन ही




मार्क्सवाद है। लेनिन ने कहा था कि ठोस परिस्थितियों का ठोस विश्लेषण के आधार पर ही वास्तविक क्रांति संभव है। चुनौतियों का मुकाबला इसी रास्ते से किया जा सकता है। आज देश में भाजपा सरकार की कॉरपोरेट परस्त नीतियों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर हो गई है।आज देश कमरतोड़ महंगाई व बेरोजगारी के गंभीर संकट से गुजर रहा है।मोदी सरकार के द्वारा जनविरोधी नीतियों को थोप कर देश की जनता पर लगातार हमला किया जा रहा है। देश की तमाम सार्वजनिक क्षेत्रों बैंक, बीमा, रेल, कोयला, स्टील आदि का निजीकरण कर पूंजीपतियों के हांथो में सौंप रही है।सरकारी नौकरियाँ समाप्त कर नौजवानों के भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है। हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश में विभाजन की राजनीति की जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में संविधान निमार्ता डॉ० अम्बेडकर का अपमान और अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर खुली आलोचना कर हमारी संस्कृति, लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला किया जा रहा है। मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदल दिया है।

## प्राकृतिक से प्रेम कीजिए हरी भरी होगी पृथ्वी : लेमांशु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस को लेकर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार की देर शाम नंदनी अपार्टमेंट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के द्वारा यहां 2 डस्टबिन भी लगाया गया। जहां अपार्टमेंट के लोग कुड़ा करकट को इसमें डालेंगे और नगर परिषद का वाहन यहां से कूड़ा का उठाव कर सकेगा। इधर मारवाड़ी युवा मंच कि प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि मंच का उद्देश्य समाज सेवा है और इसी के तहत विश्व पृथ्वी दिवस को ले जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।मौके पर बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद के सिटी मैनेजर लिमांशु कुमार, विशिष्ट अतिथि आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामसागर सिंह, तथा जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धीरज



जोशी उपस्थित हुए। सीटी मैनेजर ने लिमांशु कुमार ने कहा कि प्राकृतिक से प्रेम कीजिए और हरी भरी पृथ्वी हो इसके लिए सभी को सार्थक प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा प्राकृतिक संसाधनों के साथ पृथ्वी हमें ऐसी तमाम चीज प्रदान करती है। जिससे जीवन में समृद्धि का संचार होता है लेकिन समय के साथ बढ़ते इंसान की लालसा ने पृथ्वी को नुकसान पहुंचा है। लगातार पेड़ों का काटना, जल दोहन और जीवों का शिकार पर्यावरण संतुलन के लिए खतरा बन रहा है। इसके अलावा बढ़ते प्रदूषण के कारण भी दिक्कत हो रही है हालांकि अब पृथ्वी को फिर से प्राकृतिक संपदा के मामले में प्रयास किया गया है। मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के द्वारा इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर उपस्थित लोगों ने शपथ लिया इस पृथ्वी दिवस पर लिए हम सब मिलकर प्रण ले कि जिस प्रकार हम अपने घरों को साफ और स्वच्छ रखने हैं उसी प्रकार हम अपने इस पृथ्वी को भी साफ और स्वच्छ रखें, अपने आसपास के कूड़े को कूड़ेदान में ही डालें तथा मैं एक जिम्मेदार नागरिक बनकर स्वच्छ और सुंदर विश्व के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

## रोटरी बाल विद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**झुमरीतिलैया :** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा द्वारा संचालित रोटरी बाल विद्यालय में आज बच्चों के बीच विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के बच्चों को पृथ्वी संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और वृक्षारोपण के विषय में लाभप्रद जानकारी दी गई. शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को कलाकृति एवं चित्रकला के माध्यम से पृथ्वी दिवस की महत्व को बतलाया गया. सभी बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के साथ-साथ आज बच्चों को नए सत्र के लिए पुस्तक कॉपी डायरी इत्यादि उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा रोटेरियन कुमार पुजारा के सौजन्य से सभी बच्चों को नए सत्र का आई कार्ड उपलब्ध कराया गया। साथ ही रोटेरियन अश्वनी राजगढ़िया के द्वारा सभी बच्चों को टाई, बेल्ट, रुमाल इत्यादि प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में रोटरी बाल विद्यालय के निदेशक महेश दारुका, कोषाध्यक्ष सुरेश सेठी, कुमार पुजारा, कमल सेठी, गोपाल सराफ तथा बाल विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं कुछ बच्चों के अभिभावक-गण उपस्थित थे।

# जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। बंदियों के बीच आयोजित विधिक जागरूकता शिविर के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच को हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करे तथा अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बंदियों को प्ली-





बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय सविंधान में बंदियों के लिए प्रदत मौलिक अधिकारों को काफी विस्तार से बताया अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते है यदि वह अपराध बच्चो एवं महिलाओ के विरुद्ध नहीं हो। वही श्री कुमार ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नही माने एल ए डी सी एस के अधिवकता नवल किशोर ने बंदियों को दिए जाने वाले अधिकारों को काफी विस्तार से बताया, वहीं उन्होंने प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इसके अलावा एल ए डी सी एस के अधिवकता राजेंद्र मंडल एवं अश्विनी शरण ने भी अपने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के मार्ग दर्शन में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार ने नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बंदियों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया तथा इसके तहत दर्जनों बंदियों की जाँच की गई। मौके पर सहायक जेलर अभिषेक कुमार सिंह, न्यायलयकर्मी संतोष कुमार सिंह, जेल कर्मी राजीव कुमार, मोहम्मद मोईउद्दीन सहित सैकड़ो बंदी मौजूद थे।

## एक नजर

### उडान दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन 24 को

**झुमरी तिलैया :** भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया की नयी कमिटि का शपथ ग्रहण समारोह उडान दायित्व के तहत 24 अप्रैल को संध्या 06:30 बजे से झुमरी तिलैया के बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी सत्र 2024-25 के निवर्तमान अध्यक्ष प्रो० कैलाश राणा सचिव छोटेलाल पांडेय कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होनें बताया कि सत्र 2025-26 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरूण ओझा, सचिव विमल पचीसिया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश राय अपने टीम के साथ शपथ ग्रहण लेंगे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद नॉर्थ के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रवेश पांडेय, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में केटीपीएस के मुख्य अभियंता मनोज ठाकुर तथा भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी आश्विनी तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### जम्मूतवी में 3 मई तक नौ रूम, स्लीपर व थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच

**झुमरीतिलैया :** कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में 3 मई तक स्लीपर में नो रूम है। कंफर्म टिकट मिलना दूर वेटिंग टिकट की बुकिंग भी मुश्किल हो गई है। थर्ड एसी में भी लंबी प्रतीक्षा सूची है। इसके मद्देनजर रेलवे ने अलग-अलग दिनों में स्लीपर व थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही दूसरी कई ट्रेनों में भी स्लीपर व एसी के अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। इन ट्रेनों में जुड़ेंगे अतिरिक्त कोच- 12495 बीकानेर-कोलकाता एक्सप्रेस 24 को एक थर्ड एसी व एक स्लीपर का अतिरिक्त कोच, 12496 कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस में 25 अप्रैल को एसी व एक स्लीपर का अतिरिक्त कोच, गंगा-सतलज एक्सप्रेस में बिहार की बुकिंग बंद होने से जम्मूतवी एक्सप्रेस पर बढ़ा दबाव, कोडरमा, गया होकर चलने वाली फिरोजपुर कैंट जाने वाली गंगा-सतलज एक्सप्रेस में अक्टूबर से बिहार के लिए सभी श्रेणियों की आरक्षित टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी आन सोन, सासाराम, कुदरा व भभुआ रोड स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव पहले की तरह ही है। पर आरक्षित टिकटों की बुकिंग नहीं हो रही है। बिहार जाने के लिए धनबाद से पंडित दीन दयाल उपाध्याय तक का आरक्षण कराने की बाध्यता है। इस वजह से कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में बिहार जानेवाले यात्रियों क दबाव बढ़ गया है।

### वी. एस. जैन जैसा बड़ा दिल दिखाए वर्तमान चेयरमैन : बीएकेएस

**बोकारो :** 1997 वेज रीविजन में भी 48 माह का बकाया एरियर के रुप में 1417.79 करोड़ रुपया सेल प्रबंधन द्वारा भुगतान किया गया था। उस समय के सेल चेयरमैन वी. एस. जैन ने कंपनी के मुनाफा में आते ही कर्मचारियों के बकाया एरियर का भुगतान किया था । जबकि वर्तमान चेयरमैन के 3 साल पहले से सेल भारी मुनाफा में है । बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेल प्रबंधन तथा एनजेसीएस यूनियनो पर हमला बोला है । सेल प्रबंधन द्वारा 2003 में जनवरी 1997 से दिसम्बर 2000 के बीच 48 माह का एरियर का भुगतान किया गया था। उस समय सेल अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वेतन समझौता एक समान दस वर्ष की अवधि के लिए किया गया था । 48 माह के एरियर का भुगतान 2003 मे एडहॉक भुगतान के रुप में सेल प्रबंधन द्वारा किया गया था। परंतु 2017 के वेज रीविजन में एनजेसीएस यूनियनो की विफलता के कारण एक तो 2 प्रतिशत कम एमजीबी तथा 8.5 प्रतिशत कम पर्क्स पर अवैध एमओयु किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अभ्यार्थियों को मिला जेएमएम का भरपूर सहयोग : वीरेंद्र



**कोडरमा :** जिला स्तर पर आत्मा की ओर से एटीएम एवं बीटीएम पद पर चयनित अभ्यार्थियों की बहाली को रद्द कर देने के विरोध में चयनित सभी अभ्यर्थी कोडरमा समाहरनालय परिसर के आगे अनिश्चितकालीन धरना पर जो डटे थे। उनका आठवें दिन मंगलवार को धरना प्रदर्शन कोडरमा जेएमएम के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय की नेतृत्व वाली एक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा कोडरमा उपायुक्त से सार्थक वार्ता के उपरांत समाप्त हो गया। प्रयोजना निदेशक आत्मा के रविशंकर वर्णवाल अभ्यार्थियों से मिले एक आम सहमति बनी और इसी दरमियाँ प्रयोजना निदेशक आत्मा के रविशंकर वर्णवाल ने अभ्यार्थियों से कहा की कोडरमा जिला अन्तर्गत संविदा आधारित बीटीएम एवं एटीएम के स्वीकृत पद के विरुद्ध वर्तमान में रिक्त पद पर विज्ञापन प्रकाशित कर नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया एक महिने के अन्दर पूर्ण कर लिया जाऐगा। सभी धरने पर बैठे अभ्यार्थियों को जूस पिलाकर धरना स्वच्छा से समाप्त करा लिया गया। वही इस दौरान जेएमएम के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय ने कहा की अभ्यार्थियों को मिला जेएमएम का भरपूर सहयोग, हमेशा हम छात्रों के साथ खड़े रहेंगे प्रतिनिधिमंडल में शामिल जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव बैद्यनाथ मेहता संजय पांडे वीरेंद्र कुमार मेहता दीपक नवीन चंद्रवंशी के साथ-साथ धरने पर बैठे अभ्यर्थी लोग भी शामिल थे।

### एक पुरानी नींव जो हमारे बीच अब नहीं रहा तिलकधारी बाबू को नमन : डॉ. के.पी शर्मा

**कोडरमा :** कोडरमा लोकसभा के कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह का बीते सोमवार को नवजीवन हॉस्पिटल गिरिडीह में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे। बता दे की तिलकधारी सिंह का जन्म- 8 जनवरी 1938 को गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड अंतर्गत चतरो गांव में हुआ था। उन्होंने बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद 1962 ई. में शिक्षक बने और चकाई उच्च विद्यालय में अपनी सेवा दी। 1968 ई. पहली बार ग्राम पंचायत के चुनाव में नामांकन कर मुखिया का चुनाव जीतकर मुखिया बने। वर्ष 1980ई.में विधानसभा चुनाव लड़कर राजधनवार विधानसभा के विधायक के तौर पर निर्वाचित हुए तथा कांग्रेस पार्टी के टिकट पर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से वर्ष 1984 से 1989 एवं 1999 से 2000 ई. तक सांसद रह चुके हैं। इस संबंध में मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू विद्यालय डोमचांच के अध्यक्ष डॉ.(प्रो.) के.पी. शर्मा ने कहा कि एक पुरानी नींव जो आज हमारे बीच नहीं रहा, स्वर्गीय तिलकधारी बाबू को श्रद्धांजलि व नमन। उनका वह वाक्य आज भी कौंधता है जो उन्होंने चौपारण में कहा था ₹ प्रोफेसर साहब आप ही नौजवानों को समझते हैं और समझायें₹ काश तिलकधारी बाबू आप आज हमारे साथ रहते तो हम मिलकर काम करते, आप की पैठ स्वभाव से जनता के बीच हमसे कहीं ज्यादा थी, पुन: दुख के साथ नमन करता हूं। शोक व्यक्त करने में मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय के निदेशक रजनीश कुमार के अलावे विद्यालय के प्राचार्य

### तीन दिवसीय शिविर का आयोजन 27 से



**झुमरीतिलैया :** पतंजलि परिवार योग समिति,युवा भारत स्वाभिमान, महिला पतंजलि किसान सेवा समिति, पतंजलि योग समिति के द्वारा योग तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन ग्रांड सूर्या के लोन में किया जा रहा है। योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार के परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य केंद्रीय प्रभारी युवा भारत स्वामी विश्व देव जी महाराज व केंद्रीय प्रभारी युवा भारत स्वामी कौशल देव जी महाराज का आगमन कोडरमा जिला में हो रहा है।उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल से स्वामी जी का तीन दिवसीय शिविर सुबह में आयोजित की जाएगी।उसके बाद स्कूल और कॉलेज का भ्रमण के साथ शाम में कथा का भी आयोजन किया जाएगा। स्वामी जी के द्वारा योग से बीमारी कैसे ठीक कर सकते हैं आयुर्वेद के माध्यम से कैसे बीमारी से मुक्त हो सकते हैं घरेलू खान-पान के बारे में विशेष जानकारी देंगे। उन्होंने सभी से योग शिविर में आने की अपील की है। शिविर प्रतिदिन 5:00 से 7:30 बजे तक होगा। योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा कि यह शिविर 27, 28 व 29 अप्रैल को होगी। यह तीन दिन शिविर सुबह में चलेगा, उसके बाद विद्यालय में भी संपर्क किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिन्हें भी शरीर से कष्ट है एक बार शिविर में जरूर आए। चाहे घुटना दर्द हो, कमर दर्द, ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट का प्रॉब्लम हो बाल का समस्या हो गैस बनना, खांसी का प्रॉब्लम मां पिता नहीं बन पाना सारे बीमारी का निदान का मार्गदर्शक मिलेगा। और यह कार्यक्रम नि:शुल्क है। यह कार्यक्रम में सभी संगठन और पतंजलि परिवार के द्वारा किया जा रहा है। समय पर पहुंचे और इसका लाभ जरूर लें। इस कार्यक्रम को लेकर सभी जगह बैठक किया जा रहा है। और सभी लोगों को कार्यक्रम को सफल बनाना है। सभी ने हाथ उठाकर शपथ लिया की प्रचार प्रसार भी शहर और गली-गली में करना है और सबको लाभ मिले इसके लिए कड़ी मेहनत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए गायत्री देवी, विनीत मोदी, डॉक्टर उपेंद्र भदानी, डॉक्टर मनोज भदानी, अविनाश सेठ, प्रदीप हिसारिया, संजय अग्रवाल, गोपाल शर्मा, पूनम बरनवाल, उपेंद्र दुबे, अनिल सिंह, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, प्रवीण बरनवाल, वीरेंद्र मोदी, सुरेश सिंह, संजय बरनवाल, राजेंद्र बरनवाल, राजेंद्र साव, सविता बरनवाल, बबीता देवी, संगीता देवी, रीना देवी, राजेश वर्मा, कैलाश राणा, सभी के सहयोग से आयोजित की जा रही है।
रामप्रवेश पांडेय के अलावे अन्य शिक्षकों ने शोक जताया।

### एक लाख के करीब पहुँचा सोना, चॉदी में भी 700 रुपए का उछाल

**झुमरी तिलैया :** वैश्विक बाजार में उथल पुथल की स्थिति होने के कारण स्वर्ण आभूषण की कीमत लगातार नयी ऊॅचाईयॉ छु रही है। वहीं अमेरिकी टैरिफ की घोषणा के बाद तेजी से गिरा सोने का भाव दोबारा उतनी ही तेजी से बढ़ा है। इधर सोमवार को बाजार खुलने के बाद सोने के रेट में 1300 रुपए की बढोतरी तथा चॉदी में 700 रुपए का उछाल आया है। 18 को गुड फायडे 19 और 20 शनिवार व रविवार की छुटटी के वजह से भाव 22 कैरेट का 91 हजार की करीब था इधर 7 करोबारी दिवस में उसने 7 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न ग्राहको को दिया। यह लाभ इतना अधिक है कि बैंक पूरे साल भर में भी इतना ब्याज नहीं देते। इसके चलते सोने में तेजी से निवेश हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने 2 अप्रैल को टैरिफ की घोषणा की थी जो 9 अप्रैल से लागू होनी थी। 2 अप्रैल को सोना उस समय तक की सर्वोच्च कीमत 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था और उसी दिन सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया था लेकिन जैसे ही टैरिफ की घोषणा हुई। सोने में गिरावट हुई और 8 अप्रैल को सोना 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गया था लेकिन इसके बाद जब 90 दिन के लिए टैरिफ टला तो सोने की कीमतों में फिर से वृद्धि शुरू हो गई। इस दौरान सोमवार को सोना 1300 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर 22कैरेट का 92100 रुपये जीएसटी सहित पर पहुंच गया है ।

## एक नजर

### पुलिस ने अज्ञात शव किया बरामद

**साहिबगंज/बोरियो:** थाना क्षेत्र के पुलिस ने मंझवैय से एक 30 वर्षीय व्यक्ति की शव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मृत व्यक्ति विक्षिप्त था। बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात शव को मंझवैय फुटबॉल मैदान के समीप एक वृक्ष के नीचे से बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार मृत का पहचान नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में पूछ ताछ कर रही है।

### बोकारो धनबाद क्षेत्रीय राजपूत समाज के जोनल अध्यक्ष बने माणिक सिंह



**बोकारो :** धनबाद क्षेत्रीय राजपूत समाज झारखंड प्रदेश के जोनल चार कमिटी के अध्यक्ष बनने पर ग्रामण व युवायो के द्वारा अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर नव निर्वाचित अध्यक्ष माणिक सिंह को बधाई दी। मौके पर ग्रामीणों ने कहा नए अध्यक्ष पर समाज को काफी उम्मीद है आनेवाले समय में वे समाज को बेहतर दिशा में ले जाने का काम करेंगे। वही नव निर्वाचित अध्यक्ष माणिक सिंह ने कहा की जिस आसा और विश्वास के साथ लोगो ने मुझे चुना है उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मौके बधाई देने वालो में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ सिंह मुखिया शीतल सिंह साधन सिंह,राजेश प्रसाद सिंह द्वारिका प्रसाद सिंह दीपनारायण सिंह बरूण सिंह विकाश सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### आंतरिक संसाधनों से हॉट स्ट्रिप मिल के क्रेन संख्या 17 का नवीनीकरण



**बोकारो :** बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के नवीनीकृत क्रेन संख्या 17 का उद्घाटन 22 अप्रैल को अधिशासी निदेशक सी आर महापात्रा द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश कुमार तिवारी एवं हॉट स्ट्रिप मिल के मुख्य महा प्रबंधक विपिन कुमार सिंह के साथ वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह के नेतृत्व यांत्रिकी अनुभाग के महाप्रबंधक एस एन भगत के दिशा निर्देशन में क्रेन 17 के 110 टन क्षमता वाले पुराने एवं क्षतिग्रस्त टोंग का जीर्णोद्धार किया गया। क्रेन 17 के क्षतिग्रस्त टोंग की मरम्मत एवं नवीनीकरण की जिम्मेदारी एस. सी. मोहापात्रा के नेतृत्व में सहायक महाप्रबंधक एस के रॉय, वरीय प्रबंधक एस एस यादव और क्रेन अनुभाग के कर्मियों ने उठाई जिसे उन्होंने रिकॉर्ड समय में पूरा किया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूर्ण करने में हॉट स्ट्रिप मिल के महाप्रबंधक एस के सेन ने न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। बल्कि तकनीकी सलाह भी प्रदान की। सामान्य अनुरक्षण विभाग के एन के बेहरा, महाप्रबंधक तथा राजेश यादव की टीम के द्वारा मात्र 16 घंटे में इसे स्थापित कर एक नया कीर्तिमान बनाया गया है। अधिशासी निदेशक सी आर महापात्रा ने इस कार्य से सम्बंधित सभी विभागों तथा कार्मिकों के प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के अभिनव पहल करने की अपील की।

# हत्या मामले में दो आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम उलीडीह थाना क्षेत्र के खड़िया बस्ती में 19 अप्रैल की रात हुई कारपेंटर ननकू लाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में खड़िया बस्ती निवासी कृष्णा सिंह उर्फ लल्ला और डिमना रोड स्थित स्वर्ण रेखा प्रोजेक्ट के निवासी जसबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से हत्या में प्रयुक्त देसी कट्टा, दो कारतूस, एक मोटरसाइकिल और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि हत्या में एक और युवक शामिल था, जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार ननकू लाल और कृष्णा सिंह के बीच लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा था और पूर्व में दोनों के बीच कई बार मारपीट हो चुकी थी। घटना वाली रात को कृष्णा और जसबीर क्रिकेट मैदान में बैठकर शराब पी रहे थे, तभी उन्हें ननकू लाल दिख गया। पहले से रंजिश के चलते दोनों ने मिलकर ननकू को दबोचा और उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने मंगलवार को बताया कि कृष्णा और जसबीर अक्सर तिर्की गार्डन के पीछे स्थित इसी मैदान में अड्डेबाजी किया करते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों वहां से फरार हो गए थे। फिलहाल पुलिस तीसरे आरोपित की तलाश में जुटी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जायेगा।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने पृथ्वी दिवस पर किया पौधरोपण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी द्वारा पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए और पर्यावरण की रक्षा के लिए आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 25-25 वृक्ष लगाए। वही सभी कार्यकताओं ने यह संकल्प लिया कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता से अपने अपने क्षेत्र में 25-25 वृक्षा रोपण करेंगे। वही आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे ने वन प्रमंडल साहिबगंज को धन्यवाद दिया की नर्सरी में सरल तरीके से वहां पेड़ पौधे उपलब्ध किया जा रहा है। वही उन्होंने लोगो से अपील किया की वे लोग भी अपने आस पास वृक्ष अवश्य लगाए। इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिला सचिव मणिकांत, विकास कुमार, शशिकांत दुबे, गोविंद सिंह, नारायण सिंह, मोहम्मद जैनुद्दीन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला को परिवार वालों ने मारपीट कर किया घायल, अस्पताल में भर्ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजुमन नगर में घरेलू विवाद में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, घायल महिला को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा उपचार किया गया बताया जा रहा है कि राजमहल फुलवरिया निवासी मोहम्मद करीम की 19 वर्षीय पत्नी सादिया खातून व उनके परिवार राजमहल फुलवरिया से साहिबगंज अंजुमन नगर ओलिमा (बहुभोज) में आया था, और घरेलू विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल के भाई मोहम्मद आदिल ने आरोप लगाते हुए बताया कि साहिबगंज अंजुमन नगर से राजमहल फुलवरिया 20 अप्रैल को स्वर्गीय अहमद अली के मोहम्मद छोटू अली का बारात गया था। इस दौरान छोटी-मोटी बात पर परिवार वालों में झगड़ा हो गई थी। 22 अप्रैल मंगलवार को बहुभोज अंजुमन नगर में हो रहा था,और राजमहल से परिवार वाले पहुंचे थे। उसी बात को लेकर मुन्नी खातून, रेशमा खातून, मोहम्मद अमन व उनके परिवार वालों ने लात घुसा चोटी पड़कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर घायल महिला के भाई थाने में आवेदन देने की तैयारी में कर रहे थे। इधर डॉ मुकेश कुमार के देखरेख में महिला का इलाज चल रहा है।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। मैके पर उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान बिजली विभाग से संबंधित मामले, प्रधान से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित, सड़क आदि से संबंधित मामले से एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## मुख्यमंत्री लघु व कुटीर हस्त शिल्प का पहाड़िया जनजातियों को दिया प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंगलवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के तत्वावधान में आत्मनिर्भर साहिबगंज की परिकल्पना को साकार करने हेतु मंडरो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत मंडरो के बसहा गांव में पहाड़िया जनजाति के युवाओं को बांस शिल्प प्रशिक्षण प्रदान किया गया, वहीं जानिभिठा पहाड़ क्षेत्र की पहाड़िया महिलाओं को सॉफ्ट टॉयज निर्माण का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के नए अवसरों से जोड़ा गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य जनजातीय समाज को स्वरोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और कौशल विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान, डिजाइन कौशल, और विपणन के आधुनिक तरीकों से भी अवगत कराया, जिससे वे भविष्य में स्थानीय बाजार के साथ-साथ बाहरी बाजारों में भी अपने उत्पादों को बेच सकें। यह पहल न केवल पहाड़िया समुदाय के लिए रोजगार सृजन का अवसर है, बल्कि यह जनजातीय सशक्तिकरण और स्थायी ग्रामीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आर्द्रभूमि और जलवायु परिवर्तन विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** उधवा अर्थ आइडियाज फाउंडेशन और साहिबगंज वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर आद्र्भूमि और जलवायु परिवर्तन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उधवा हाई स्कूल में किया गया। इस अवसर पर अर्थ आइडियाज फाउंडेशन से शहनवाज सिद्दीकी ने जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्याओं और इसके स्थानीय प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए संगठन की भूमिका और प्रयासों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामूहिक और जागरूक प्रयासों की आवश्यकता है। साहिबगंज कॉलेज के बॉटनी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. वसीम रजा ने वेटलैंड्स की जलवायु परिवर्तन से निपटने में भूमिका और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आर्द्रभूमियों को प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का अहम आधार बताया। मंदार नेचर क्लब से राहुल ऋतश्वर ने पक्षियों और जैव विविधता के महत्व को समझाया और बताया कि कैसे यह पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में सहायक हैं। तिलका मांझी विश्वविद्यालय से शोधार्थी प्रियंका, जय कुमार जय और निवेदिता ने जल प्रदूषण, साइटोजेनेटिक्स और प्रवासी पक्षियों पर अपने शोध कार्य साझा किए। विद्यालय की प्राचार्या नुसरत जहां ने जलवायु परिवर्तन और उससे जुड़े लैंगिक मुद्दों पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। वहीं शिक्षक संतोष कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अर्थ आइडियाज फाउंडेशन की टीम से सोहन सिंह, शीतल सिलास मुर्मू और शाहरयार सिद्दीकी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण सहित जिला परियोजना पदाधिकारी उपस्थित रहे। अर्थ आइडियाज फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि स्थानीय समुदाय, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बना।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना डेटाबेस की प्रशिक्षण व लंबित आंकड़ों का सत्यापन




**साहिबगंज:** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर तालझारी थाना परिसर में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस का प्रशिक्षण व मामले से संबंधित आंकड़ों का सत्यापन की समीक्षा की गई।मुख्य रूप से प्रशिक्षक के तौर पर आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार के द्वारा संबंधित थाना प्रभारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। आई.आर.ए.डी, ई.डी.ए.आर, के तत्वाधान में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला के तीन थाना प्रभारी व केस के आई.ओ को लंबित मामलों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। जिला के तालझारी थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आई.आर.ए.डी) एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस से संबंधित मामले में लंबित मामलों को लेकर प्रशिक्षण उपरांत लंबित आंकड़ों का सत्यापन कराया गया। इस क्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी केस के आई.ओ उपस्थित थे।

### चौकीदार नियुक्ति के दस्तावेज सत्यापन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण




**साहिबगंज:** सिद्धो कान्हू सभागार भवन में चौकीदार की नियुक्ति के तहत दस्तावेज सत्यापन का कार्य चल रहा है। इस प्रक्रिया का उपायुक्त हेमंत सती ने निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य पारदर्शी और सुचारु ढंग से किया जाए।उपायुक्त ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से कहा कि कोई भी गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी अभ्यर्थियों को समय पर जानकारी मिले और उन्हें कोई असुविधा न हो। दस्तावेज सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे थे, जिन्हें कतारबद्ध तरीके से बुलाया जा रहा था। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि नियुक्ति प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए ताकि योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिले। सत्यापन प्रक्रिया अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी।

### मॉडल कॉलेज में प्रारंभ हुई डिप्लोमा की परीक्षा



**साहिबगंज/राजमहल:** प्रखंड में 22 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को मॉडल कॉलेज राजमहल में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची के अंतर्गत डिप्लोमा तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 2024 का शुभारंभ हुआ। परीक्षा के पहले दिन ड्रेस डिजाइन और गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 5 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए सभी परीक्षार्थियों को कदाचार मुक्त एवं निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद भी प्रदान किया।डॉ. रणजीत सिंह ने जानकारी दी कि सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की यूजी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा 23 अप्रैल 2025 से आरंभ होगी। इस परीक्षा में मॉडल कॉलेज राजमहल एवं बी.एल.एन.एल. बोहरा कॉलेज के लगभग 600 छात्र भाग लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के सफल संचालन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे परीक्षा व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित बनी हुई है।

### मोटरसाइकिल व ई रिक्शा के टक्कर में युवक घायल



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज मुस्लिम टोला में सोमवार की रात तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दिया वहीं संभलते ही पुनः एक ई रिक्शा ने दोबारा जोरदार टक्कर मार दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी मो. ऐनुल खान का पुत्र मो. शाहरुख 25 वर्षीय है। घायल ने बताया कि वह अपने दोस्त के घर के पास खड़ा था अचानक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ने धक्का मार दिया। तब तक संभल पाता की सामने से ई रिक्शा ने भी जोरदार धक्का मार दिया। उक्त युवक बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। वहीं मौके पर से मोटरसाइकिल चालक धक्का मार कर फरार हो गया और ई रिक्शा को धर दबोचा। वहीं परिजनों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया, जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया।

### गोबर गैस प्लांट का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, 8 परिवारों को मिल रहा सीधा लाभ



**साहिबगंज:** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गोवर्धन योजना के तहत साहिबगंज जिले के मठिया गांव में निर्मित गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, लाभार्थियों की प्रतिक्रिया और संचालन की व्यवस्था की जानकारी ली। यह गोबर गैस प्लांट गांव के आठ परिवारों को जोड़कर संचालित किया जा रहा है, जिससे उन्हें स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल रसोई गैस की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि गोबर का बेहतर उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल रही है। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और पशु अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है।निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने प्लांट से मिलने वाले लाभ की सराहना की और कहा कि इससे उनके खर्च में कमी आई है। उपायुक्त हेमंत सती ने संबंधित को निर्देश दिया कि इस योजना का विस्तार अन्य गांवों तक भी किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

# मेरे आग्रह पर पंचायती राज दिवस पर पी.एम आ रहे

## मुंगेर में ललन सिंह ने की योजनाओं की समीक्षा, बोले-37 हजार जीविका दीदियां बनीं लखपति






**मुंगेर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय पशुपालन मंत्री ललन सिंह ने केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन ने अधिकतर योजनाओं में लक्ष्य हासिल कर लिया है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य पूरा हो चुका है। 37,596 जीविका दीदियां लखपति बन चुकी हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में 457 गांव खुले में शौच से मुक्त हो चुके हैं। हालांकि, दो क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। ग्रामीण सड़कों का निर्माण और रखरखाव तथा हर घर नल-जल योजना का रखरखाव अभी धीमी गति से चल रहा है। मंत्री ने जिलाधिकारी को इन विभागों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।विकास की नई योजनाओं में जिले में डेयरी प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। मुंगेर नगर निगम के 13 वार्डों में जहां अभी तक प्रधानमंत्री जलापूर्ति योजना शुरू नहीं हुई है। वहां जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया गया है।प्रधानमंत्री की सभा होगी ऐतिहासिक बिहार के प्रधानमंत्री के आगमन के सवाल पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मेरे आग्रह पर पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मधुबनी में होने वाली प्रधानमंत्री की सभा ऐतिहासिक सभा होगी। इस बैठक में जमुई सांसद अरुण भारती, तारापुर जदयू विधायक राजीव कुमार सिंह , भाजपा विधायक प्रणव कुमार यादव ,जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सहित सभी विभाग के अधिकारी इस समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

## मां कसम खाकर बोल रहे है 2000 हजार लगा



**वैशाली।** के बिदुपुर प्रखंड कार्यालय में एक डाटा ऑपरेटर द्वारा रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए वीडियो में डाटा ऑपरेटर विकास कुमार कार्यालय की दीवार के पास खड़े होकर महिला से पैसों की मांग कर रहे हैं। महिला ने आर्थिक तंगी बताते हुए 200 रुपए दिए।उन्होंने बीमारी का हवाला देते हुए बाकी पैसे बाद में देने की बात कही। लेकिन ऑपरेटर ने इनकार कर दिया। हालांकि इस मामले में बीडीओ मनीष भारद्वाज ने कार्रवाई करते हुए डाटा ऑपरेटर विकास कुमार को निलंबित कर दिया है। दरअसल घटना 3 अप्रैल से पहले की बताई जा रही है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया कि घटना पानापुर की रहने वाली रिंकू देवी से जुड़ी है। वह तीन महीने से अपने दो बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रही थीं।

## उत्पाद विभाग के वाहन को मारी टक्कर, चालक घायल



**औरंगाबाद।** जिले के देव केताकी नहर रोड पर मंगलवार सुबह एक शराब तस्कर ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया। बाइक से भागने के दौरान उसने विभाग के वाहन चालक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल चालक राजेश कुमार को सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि एक बाइक सवार भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है। इस सूचना पर सब इंस्पेक्टर रमज जमा के नेतृत्व में टीम ने देव केताकी नहर रोड पर वाहन जांच शुरू की। जांच के दौरान जैसे ही एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, उसने रफ्तार बढ़ा दी और उत्पाद विभाग के चालक राजेश कुमार को टक्कर मार दी। इस टक्कर में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया गया है कि घटना के तुरंत बाद टीम ने बाइक सवार तस्कर को खदेड़कर पकड़ लिया। उसके पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। उसकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।जिले में पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब शराब तस्करों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया हो। इससे पहले कुटुंबा थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष कमलेश पासवान और थाना मैनेजर गगेश कुमार को बोलेरो सवार शराब तस्कर ने रौंद दिया था। एक अन्य घटना में संडा मटपा पथ पर शराब से भरी स्कॉर्पियो ने थानाध्यक्ष कमलेश राम और उनके चालक को टक्कर मार दी थी।

## लालू राज में विकास नहीं, फिरौती का धंधा चलता था



**बेगूसराय।** में बीजेपी के सीनियर नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू राज में विकास नहीं, फिरौती का धंधा चलता था। विपक्ष से पूछिए कि उन्होंने अपने शासनकाल में क्या किया। क्या सिमरिया में सिक्स लेन पुल बना दिया। उनके शासनकाल में पटना से बेगूसराय आने में 5 घंटे से अधिक का समय लगता था। अभी डेढ़ घंटा लग रहा है। यह पुल को मोदी जी और नीतीश कुमार के शासनकाल में बना है। बिहार की जनता सब देख रही है। मैं तो लोगों से कहता हूं देखो बरौनी फर्टिलाइजर बंद हो गया था। उसको किसने खुलवाया। इस फैक्ट्री में अब फिर से यूरिया बन रहा है।बरौनी रिफाइनरी, बरौनी एनटीपीसी, मुंगेर पुल, सिमरिया पुल यह विकास नहीं तो और क्या है। विपक्षी दल लोगों को भ्रम में डालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह चलने वाला नहीं है। लालू यादव ने अपने जमाने में केवल लूटपाट और फिरौती का धंधा ही किया है। आज लोगों को रोजगार मिल रहा है।बंगाल में हिंदुओं को परेशान किया जा रहा हैपश्चिम बंगाल में बीजेपी ने हिंदू वोटरों के लिए मुस्लिम बाहुल्य इलाके में अलग से पोलिंग बूथ बनाने की मांग की है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग को एक्शन लेना चाहिए। बंगाल बीजेपी ने जो मांग की है, इससे पता चलता है कि वहां मुसलमान काफी परेशान कर रहे हैं।ममता बनर्जी के नेतृत्व में हिंदू वोटरों को चुनाव में धमकाया जाता है। वोट डालने नहीं देता है। इसलिए बंगाल बीजेपी की मांग में दम है। ममता बनर्जी के व्यवहार से वहां के हिंदू वोटर डरे हुए हैं। चुनाव आयोग ने अगर स्पेशल एक्शन नहीं लिया तो हिंदू वोटरों को बड़ी दिक्कत होगी।

## मटन पार्टी में फायरिंग एक के सिर में लगी गोली,मौत



**मुंगेर।** में सोमवार देर रात एक मटन पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी हुई। इस घटना में एक व्यक्ति के सिर में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महेशपुर मनियारचक शिल्हा गांव निवासी रवि कुमार उर्फ रावो पासवान(35) के रूप में हुई। घटना के संबंध में बताया गया कि नेता भाजपा नेता बी आर अमरेश ने अपने घर पर मटन पार्टी का आयोजन किया था। इस दावत में छोटू मंडल ने रवि कुमार को सिर में गोली मार दी। घायल रवि को मुंगेर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पहले भी कर चुका था हत्या का प्रयास मृतक के परिजनों ने बताया कि छोटू मंडल और रवि कुमार के बीच 2020 से रंजिश चल रही थी। इससे पहले भी छोटू ने रवि को जान से मारने की कोशिश की थी। इसी रंजिश में छोटू मंडल के ससुर कार्तिक चौधरी की भी हत्या हुई थी।परिजनों ने भाजपा नेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नेता ने दोनों को एक साथ बुलाकर हत्या की साजिश रची। मृतक के भाई राम लाल पासवान ने बताया कि भाजपा नेता बीएम अमरेश ने एक मंदिर निर्माण को लेकर रवि कुमार को धमकी दी थी घटना के बाद भाजपा नेता फरार पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना के बाद आरोपी छोटू मंडल और भाजपा नेता दोनों फरार हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल पर साक्ष्य को जुटा रखी है। गांव में तनाव ना हो इसको लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई। आपसी रंजिश में हत्या की आशंका है।

जबकि सदर डीएसपी अभिषेक आनंद, मुफस्सिल थानाध्यक्ष बिके सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस घटना स्थल पर पहुंच घटना की जांच में जुटी हुई है। आरोपी सहित भाजपा नेता घर मे ताला मारकर परिजनों साथ फरार हो गए है।

## बदमाशों ने छात्रा को चलती ट्रेन से फेंका, मौत

### बैग लूटकर भाग रहे चोर का पीछा कर रही थी; बहन बोली-RPF मदद करती तो जिंदा होती



**भागलपुर।** के सबौर में बदमाशों ने मंगलवार सुबह छात्रा को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। 21 साल की काजल चोर के पीछे भाग रही थी। ट्रेन से गिरने की वजह से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर ही करीब एक घंटे तक एंबुलेंस के इंतजार में छात्रा ने दम तोड़ दिया।छात्रा के पिता और छोटी बहन ने सबौर रेलवे पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 'हमने एक घंटे तक लगातार RPF जवानों से मदद मांगी गई, लेकिन वे मदद के नाम पर सिर्फ इतना कहते रहे कि इंतजार कीजिए, एंबुलेंस आ रही है।'छात्रा की पहचान खगड़िया की रहने वाली 21 साल की काजल के रूप में हुई है। वो ग्रेजुएशन के बाद बैंकिंग की तैयारी कर रही थी।घटना के बाद छात्रा के पिता सुनील ने बताया- 'मैं अपनी 2 बेटियों काजल, जया, बेटे और पत्नी के साथ असम में कामाख्या मंदिर पूजा के लिए गया था। सुबह गया-कामाख्या एक्सप्रेस से लौट रहे थे। हमें खगड़िया के लिए ट्रेन पकड़नी थी और हमारा रिजर्वेशन भागलपुर तक था। भागलपुर स्टेशन से पहले ट्रेन सबौर रेलवे स्टेशन पर रुकी थी।'चोर ने धक्का दिया बेटी प्लेटफार्म पर गिर गई'हम लोग भी उतरने के लिए सामान वगैरह समेटने लगे। बेटी के पास एक बैग था, जिसमें मोबाइल और एटीएम वगैरह था। बैग लेकर एक चोर चलती ट्रेन से नीचे कूद गया। बेटी भी चोर को पकड़ने के लिए उसके पीछे भागी।''चोर का एक साथी था, जो पीछे थे। बेटी और हम लोग उसे देख नहीं पाए, न ही समझ पाए कि वो भी चोर के साथ है। बेटी जैसे ही चोर को पकड़ने गई, पीछे से चोर के साथी ने उसे ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे वो प्लेटफार्म पर गिर गई।'पिता ने बताया, 'बेटी के प्लेटफार्म पर गिरते ही किसी ने चेन खींच दी। जिससे बाद हम लोग नीचे उतरे। देखा तो काजल बुरी तरह से घायल थी। हम लोगों ने तत्काल RPF जवानों से कॉन्टैक्ट किया। उन्होंने हमें एक घंटे तक इंतजार कराया और कहते रहे कि एंबुलेंस आ रही है। RPF जवानों की लापरवाही है। इसी कारण मेरी बेटी की मौत हुई है।' मृतका की बहन ने बताया, 'मेरी बहन की मौत RPF की वजह से हुई है। मैं उनसे हाथ जोड़कर भीख मांगती रही। कहती रही हमारी मदद कीजिए। प्राइवेट अस्पताल ले चलिए, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। हमने बड़ा वाला गेट खुलवाया। ऑटो अंदर लेकर आए। अगर आज उन्होंने हमारी मदद की होती तो मैं अपनी बहन के साथ घर लौटती।'

# मल्लिकार्जुन खड़गे को बिहार में कोई नहीं जानता

### JDU विधायक गोपाल मंडल बोले- उनके आने से कोई फर्क नहीं पड़ता, राजनीति में निशांत की एंट्री को बताया जरूरी





**भागलपुर।** के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से JDU विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि खड़गे को बिहार में कोई नहीं जानता। क्या खड़गे...खड़गे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बिहार में उनका कोई जनाधार नहीं है। कोई नहीं जानता है। उन्होंने आगे कहा कि, राहुल गांधी को लोग इसीलिए जानते हैं क्योंकि वह सोनिया गांधी के बेटे हैं, लेकिन खड़गे को कौन जानता है ? उनकी सभा में तो कुर्सियां खाली ही रहेंगी। उनके आने से कोई फर्क नहीं पड़ता। राजनीति में निशांत की एंट्री को बताया जरूरी वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर पूछे गए सवाल पर गोपाल मंडल ने कहा, उनका राजनीति में आना तय है। अगर वह नहीं आए, तो जदयू का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। पार्टी में ऐसा कोई नेता नहीं है जो नीतीश कुमार की तरह पार्टी को संभाल सके। उन्होंने कहा कि फिल्मों में पहले हीरो का जूता दिखाया जाता है, फिर पायजामा और फिर घड़ी। राजनीति में भी कुछ वैसा ही है। ठीक इसी तरह निशांत को भी एंट्री होगी।विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर की जा रही आलोचनाओं पर भी गोपाल मंडल ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बड़बोले हैं, बस बोलते रहते हैं। 2005 से पहले बिहार की क्या हालत थी, लोग भूल गए हैं। उस समय कई IAS अधिकारियों ने आत्महत्या कर ली थी और कुछ ने तो जहर तक खा लिया था। अपराध चरम पर था। आज की स्थिति उस समय की तुलना में बेहतर है। तेजस्वी सिर्फ इसलिए बोले जा रहे हैं क्योंकि वह मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### भोजपुर में करंट लगने से युवक की मौत



**भोजपुर।** के बड़हरा थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घर में दीवार पर पेंट करते समय अचानक बिजली का झटका लगा और जमीन पर गिर पड़ा। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही जान चली गई। घटना बखोरापुर गांव की है। मृतक असित कुमार(30) रांची माइंस में सुपरवाइजर के पोस्ट पर तैनात था। 4 दिन बाद चचेरी बहन की शादी होनी थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर आया था। पिता की मौत के बाद घर में कमाने वाला अकेला था।मृतक के चाचा संतोष सिंह ने बताया कि उनकी बेटी हर्षू की शादी 26 अप्रैल को होनी वाली है। बहन की शादी के लिए असित रांची से 18 अप्रैल को गांव आया था। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। मामले की सूचना पर पुलिस टीम सदर अस्पताल पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पिता की मौत के बाद घर की जिम्मेदारी इकलौते बेटे असित पर ही था। मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ऑपरेशन के दो दिन बाद मरीज की मौत



**मोतिहारी।** के सुगौली नगर पंचायत के वार्ड पार्षद पति मुस्ताक आलम (45) की मौत हो गई। बताया गया कि वे पथरी के ऑपरेशन के मोतिहारी के एक निजी क्लिनिक में भर्ती हुए थे। जिसके दो दिन पहले उनका सफल ऑपरेशन हुआ था। सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। जिसके बाद उनके परिजनों ने डॉक्टर और कंपाउंडर को खोजा। लेकिन अस्पताल में सिर्फ एक नाबालिग बच्चा मौजूद था। वह कोई मदद नहीं कर पाया। इसी दौरान मरीज की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल का समूचा स्टाफ मौके से फरार हो गया। परिजनों का आरोप है कि बड़े अस्पताल में रात में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। इसलिए समय पर इलाज नहीं मिल सका। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोशित परिजनों को शांत कराया। परिजन शव लेकर घर चले गए। अस्पताल प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। लोग मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।

### भागलपुर में कपल और परिजनों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा



**भागलपुर।** के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र में प्रेमी जोड़े और परिजनों के बीच जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। लड़की एक साल पहले घर छोड़कर अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। दोनों ने दिल्ली में जाकर शादी कर ली। आज ही शहर लौटी थी बाल्टी कारखाना के पास लड़की के परिजन उसे देखते ही भड़क गए। जबरदस्ती घर ले जाने लगे। लेकिन वो मां-पिता के साथ जाना नहीं चाहती थी। लड़की का कहना है कि कुछ भी हो जाए, इसी लड़के के साथ रहूंगी। जबकि परिजनों का कहना है कि बेटी अभी नाबालिग है।हंगामा बढ़ने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों को थाने लेकर आ गई। प्रेमिका मौसम कुमारी ने बताया कि हम दोनों ने एक-दूसरे से सच्चा प्यार किया है। मैं बालिग हूं और अपनी मर्जी से अजय के साथ शादी किया है। मैं उसके साथ ही रहूंगी। वहीं, प्रेमी अजय ने कहा कि हम दोनों प्यार करते हैं। एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। हर हाल में घर लेकर जाएंगे लड़की के चाचा राजीव कुमार ने कहा कि मेरी भतीजी अभी नाबालिग है। उसे बहला-फुसलाकर भगाया गया है। हर हाल में वापस अपने घर ले जाना चाहते हैं। पुलिस का कहना है कि मेडिकल जांच और दस्तावेजों के आधार पर लड़की की उम्र का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पटना में दिनदहाड़े 6 राउंड से अधिक फायरिंग



**पटना ।** के पीरबहोर इलाके रामसहाय लेन में अपराधियों ने 6 राउंड से अधिक फायरिंग की गई है। घटनास्थल से 3 खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। गोलीबारी की पुष्टि टाउन DSP दीक्षा ने की है। DSP दीक्षा ने बताया कि पुराने विवाद में गोली चलने की आशंका है। मौके से 3 खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। किसी को गोली नहीं लगी है। अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए हैं। CCTV फुटेज के आधार पर छानबीन हो रही है। अभी तक किसी के द्वारा इस मामले में आवेदन नहीं दिया गया है।

दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना के बाद अशोकराज पथ के इस लिंक रोड में दहशत का माहौल बन गया। गोलीबारी देखकर जो लोग वहां मौजूद थे, साइड में चले गए। वहां से हट गए। पुलिस को जैसे सूचना मिली, मौके पर पुलिस पहुंच गई। तब तक अपराधी वहां से निकल चुके थे।पहले भी इसी जगह पर दो पक्षों में लड़ाई हुई थी। एक पक्ष ने दूसरे के खिलाफ सुल्तानगंज थाने में शिकायत की थी। पुलिस को आशंका है कि इसी लड़ाई में वर्चस्व कायम करने के लिए गोलीबारी की गई है। हालांकि थानेदार अब्दुल हलीम का कहना है कि अभी तक दोनों पक्ष में से किसी पक्ष ने गोलीबारी की शिकायत नहीं की है।



# लॉग टर्म कोर्स की बजाय रोजगार पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं आज के युवा

**नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवतः उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं।**

एक ऑनलाइन शैक्षिक कंपनी, टलेंटेज और मार्किट रिसर्च एजेंसी के एक ताजा सर्वे के अनुसार भविष्य में लंबी अवधि के कॅरियर की योजना बनाना संभव नही होगा, क्योंकि विकास की गति जॉब मार्केट में बढ़ रही है और युवाओं को लगातार समय की मांग के मुताबिक खुद को ऐसे परिवेश में ढालना बेहद जरूरी होगा। वहीं इससे पहले किये गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक आधा से ज्यादा नौकरी तलाश करने वालों ने लंबी अवधि के कॅरियर के उचित अवसर और विकास के लिए अपने कौशल को बढ़ाने के लिए लॉकडाउन अवधि का उपयोग किया। नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवत : उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं। डेटा साइंस और एनालिटिक्स कोर्स (22 प्रतिशत), इसके बाद डिजिटल मार्केटिंग (20 प्रतिशत), और वित्त और जोखिम प्रबंधन (16 प्रतिशत) शीर्ष पाठ्यक्रमों में से थे जो नौकरी ढूढ़ने वालों द्वारा चुने गए थे।

## गेजिंग इन टू द फ्यूचर

यंग इंडिया, देयर एस्पिरेशंस एंड कॅरियर चॉइस के एक सर्वेक्षण के अनुसार, अल्पकालिक पेशेवर योजना ही एक सही रास्ता है। उत्तरदाताओं ने कहा कि वे तेजी से एक 'नौकरी' के बारे में सोचेंगे और 'कॅरियर' नही, क्योंकि उनके आसपास की चीजें तेजी से बदल रही हैं और वे अगले पांच वर्षो में भी ऐसे जीवन कॅरियर की कल्पना नहीं कर सकते हैं जब बहुत सारे वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के होते हुए भी शायद ही कुछ ऐसे होंगे जो एक उचित परिपेक्ष्य में, अनुकूल और लाभप्रद रोजगार दे सकेंगे। टलेंटेज ने 20,000 छात्रों में से ऐसे उत्तरदाताओं की पहचान की है जिन्होंने इस संस्था में पिछले वर्ष नामांकन किया था, उनमें से 60 उत्तरदाताओं ने इस सर्वे में भाग लेने के लिए फाइनल कट दिया है। सर्वेक्षण पर आधारित यह अध्ययन लगभग पांच वर्षो तक किया गया, जिसमें से मानव संसाधन प्रमुखों, सीएक्सओ, कॅरियर काउंसलर और समाजशास्त्रियों के उत्कृष्ट विचारों को संज्ञान में लिया गया, ताकि इस उभरते हुए झुकाव की विस्तृत तस्वीर सामने आ सके और उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन मिल सके। टलेंटेज के आदित्य मालिक ने एक बिजनेस समाचार पत्र में दिए गए एक वक्तव्य में बताया कि 29 साल की औसत आयु के साथ भारत 2026 तक दुनिया का सबसे युवा देश होगा। उन्होंने बताया की वो युवा भारतीयों के विचारों को, उनके कॅरियर के विकल्पों की संभावनाओं को और उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में समझना चाहते थे। अध्ययन में पाया गया कि डिग्रियों का कम्पित अधिग्रहण कॅरियर का एक नया मापदंड होगा, जैसा कि उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें क्रियाशील व व्यावहारिक तजुर्बो से सीखना होगा और जरूरत पड़ने पर और अधिक डिग्री हासिल करनी होगी। विशेषज्ञों ने इस सर्वेक्षण पर विचार विमर्श किया और पाया की शिक्षा सिर्फ एक बार का मामला नहीं होगा बल्कि एक सतत प्रक्रिया होगी जिसमें युवा जैसे जैसे आगे बढ़ते जायेंगे, डिग्रियां हासिल करते रहेंगे। आदित्य मालिक ने आगे बताया कि कॉर्पोरेट दुनिया के साथ बढ़ती निराशा युवाओं के जूनून को काम में परिवर्तित करने में उन्हें आगे ले जाएगी। लीक से हटकर बढ़ते हुए पाठ्यक्रमों ने नए कॅरियर को पंख दे दिए हैं। और आज के युवा भी शायद इसे ही ज्यादा महत्त्व दे रहे हैं और अपना रुझान भी इसी पर केंद्रित कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार के लिए आज एक बहुत बड़ा स्कोप खुल गया है, यह स्वीकार करते हुए कि वे इस बात को लेकर निश्चित नही थे कि यह कितना आकर्षक होगा, क्योंकि इसके लिए बहुत अधिक प्रयास और परिश्रम की आवश्यकता होती है। तो अगर आप एक युवा हैं और अपने कॅरियर को लेकर गंभीर हैं तो शायद आप अच्छी तरह से समझ गए होंगे कि शार्टटर्म का कोई मनचाहा कोर्स आपको सही दिशा में ले जायेगा या फिर कोई लॉन्गटर्म वाला कोर्स।





# जीवाश्म विज्ञानी के रूप में तलाशें रोजगार की संभावनाएं

**एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं।**

पृथ्वी पर जीवन की शुरूआत लाखों-करोड़ों साल पहले ही हो गई है। ऐसे कई जीव व जानवर हैं, जो सालों पूर्व धरती पर मौजूद थे, लेकिन अब वह विलुप्त हो चुके हैं। लेकिन उनके जीवाश्म की मदद से पृथ्वी पर जीवन के इतिहास के अध्ययन को ही पेलियोन्टोलॉजी कहा जाता है। यह जीवाश्मों के अध्ययन के माध्यम से पृथ्वी पर पिछले जीवन की जांच है। जीवाश्म पौधों, जानवरों, कवक, बैक्टीरिया और अन्य एकल-कोशिका वाले जीवित जीवों के अवशेष या निशान हैं जो भूवैज्ञानिक अतीत में रहते थे और पृथ्वी की क्रस्ट में संरक्षित हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि पेलियोन्टोलॉजिस्ट सिर्फ डायनासोर का अध्ययन करते हैं, जबकि यह सच नही है। बल्कि यह जीवाश्मों की मदद से पृथ्वी पर जीवित चीजों की पूरी प्रजातियों का अध्ययन है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

## क्या होता है काम

एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं। वे प्रागैतिहासिक जीवन रूपों और जीवाश्मों की परीक्षा के माध्यम से पौधे और पशु जीवन के विकास पर शोध करते हैं। वे विलुप्त प्रजातियों के बारे में जानने के लिए जानवरों की हड्डियों, गोले और कास्ट का उपयोग करते हैं। साथ ही वह जीवाश्मों का पता लगाने और जीवाश्मों के बारे में प्रासंगिक तथ्यों की पहचान करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करते हैं। उनके कार्यक्षेत्र में जीवाश्मों का पता लगाना और उनकी खुदाई करना, निष्कर्षों की पहचान, अनुसंधान और उन्हें साझाकरण करना शामिल है।

## पर्सनल स्किल्स

पेलियोन्टोलॉजिस्ट को कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होनी चाहिए और सांख्यिकीय विश्लेषण में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा उसमें मौखिक और लिखित संचार कौशल भी होने चाहिए, क्योंकि उन्हें पेशेवरों की एक टीम के साथ काम करना होता है।

पैलियोन्टोलॉजिस्ट के पास उच्च जिज्ञासा स्तर और इमेजिनेशन पावर होनी चाहिए। उन्हें तार्किक और गंभीर रूप से सोचने में सक्षम होना चाहिए, जिज्ञासु और अत्यंत विश्लेषणात्मक होना चाहिए, और एकत्रित डेटा या जानकारी से निष्कर्ष निकालने की क्षमता भी इस क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी है। चूंकि जीवाश्म विज्ञान एक कठिन काम है, जिसमें जीवाश्मों को खोजने और खुदाई करने के लिए बहुत से बाहरी काम करने की आवश्यकता होती है, एक इच्छुक व्यक्ति को धैर्यपूर्ण होना चाहिए।

## योग्यता

पैलियोन्टोलॉजी एक विज्ञान से संबंधित लेकिन व्यापक क्षेत्र है। इसलिए एक जीवाश्म विज्ञानी को भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भूविज्ञान को जानना आवश्यक है। जीवाश्म विज्ञान में अधिकांश प्रवेश स्तर के पदों के लिए भूविज्ञान या पृथ्वी विज्ञान में मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। वहीं रिसर्च और कॉलेज टीचिंग के लिए पीएचडी होना आवश्यक है। कई भाषाओं का ज्ञान इस क्षेत्र के लिए एक अतिरिक्त लाभ है।

## रोजगार की संभावनाएं

एक पेलियोन्टोलॉजिस्ट के रूप में आप कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थान, संग्रहालयों, या राज्य और संघीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों, प्रयोगशालाओं आदि में काम कर सकते हैं। जीवाश्म विज्ञानी सार्वजनिक व निजी दोनों ही क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## आमदनी

एक जीवाश्म विज्ञानी की आमदनी उनके शिक्षा के स्तर, अनुभव व जहां पर वे काम करते हैं, उस पर निर्भर करती है। निजी क्षेत्र में आपकी योग्यता व अनुभव के आधार पर अच्छा वेतन मिलता है। शुरूआती रूप में एक जीवाश्म विज्ञानी 15000 से 25000 रूपए प्रतिमाह आसानी से कमा सकता है। इसके बाद आपके अनुभव के आधार पर आमदनी बढ़ती जाती है।

## प्रमुख संस्थान

भारत में केवल एक संस्थान जीवाश्म विज्ञान में एक पाठ्यक्रम प्रदान करता है और यह हैदराबाद के बंडलागुडा में स्थित जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया है।



# अलग-अलग भाषाओं के साथ लैक्सोग्राफी में बना सकते हैं कॅरियर

**एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं।**

वर्तमान समय में, छात्रों के लिए संभावनाओं का एक खुला आसमान है, जहां पर वह विचरण करके एक सुखद व सफल भविष्य बना सकते हैं। ऐसा ही एक क्षेत्र है लेक्सोग्राफी। हो सकता है कि आपके लिए यह शब्द नया हो, लेकिन हम आपको बता दें कि शब्दकोश प्रारूप में 'शब्द' लिखने की कला को लेक्सोग्राफी कहते हैं। लैंग्वेज स्टडी के इतिहास में इसका एक अहम् स्थान है। जिसमें शब्दकोश निर्माण के दौरान इतिहास, थ्योरी, मैथडोलॉजी और टाइपोलॉजी शामिल है। अगर आप भी अलग-अलग भाषाओं के साथ अपना भविष्य देखते हैं तो आप लैक्सोग्राफी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं अपना कॅरियर-

## क्या होता है काम

लेक्सोग्राफर एक प्रोफेशनल भाषाविद् होते हैं, जो डिक्शनरी, एनसाइक्लोपीडिया व अन्य रेफरेंस टेक्स्ट जैसे लॉ और मेडिकल डिक्शनरी बनाने के लिए रिसर्च, लेखन, संकलन व संपादन करते हैं। आमतौर पर, लेक्सोग्राफी को दो शाखाओं में विभाजित किया गया है, पहला प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी और दूसरा सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी। प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी में शब्दकोशों का संकलन, लेखन और संपादन की प्रक्रिया शामिल है। वहीं सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी में लैंग्वेज की स्टडी और इसकी शब्दावली के अध्ययन पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस प्रकार अगर देखा जाए तो एक लेक्सोग्राफर का काम सिर्फ परिभाषाएं लिखना ही नहीं होता, बल्कि सही लोगों के लिए सही परिभाषा लिखना होता है।

**पर्सनल स्किल्स** – एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं। इसके अलावा आपको ग्रामाटिकल और कम्प्यूटेशनल भाषा का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। एक बेहतरीन क्रिटिकल थिंकिंग, ओपन-मांइडेड, व हर छोटी बातों पर गहरी नजर होनी चाहिए। लेक्सोग्राफी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आपको कड़ी मेहनत और पूर्ण रूप से जिम्मेदारी निभाना आना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता** – इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को अंग्रेजी या किसी अन्य संबंधित भाषा में मास्टर या डॉक्टरेट की डिग्री होना आवश्यक है। वर्तमान में देश में ऐसे कई विश्वविद्यालय हैं, जो विभिन्न भाषाओं जैसे अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, तमिल, पंजाबी आदि में लेक्सोग्राफी पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

**संभावनाएं** – लेक्सोग्राफर कई पब्लिशिंग हाउस के लिए काम करते हैं। वह अपना कॅरियर असिसटेंट एडिटर या फिर जूनियर एडिटोरियल असिसटेंट के तौर पर शुरू कर सकते हैं। कुछ अनुभव प्राप्त करने के बाद आप बतौर लेक्सोग्राफर काम कर सकते हैं।

**आमदनी** – यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लोग सैलरी के लिए नहीं, बल्कि अपनी खुशी के लिए काम करते हैं। एक पब्लिशिंग हाउस में काम करने वाले लेक्सोग्राफर 15000 से 20000 रूपए प्रतिमाह कमा सकते हैं। वैसे कई लेक्सोग्राफर एक फ्रीलांसर के तौर पर काम करते हैं और इस तरह वह हर प्रोजेक्ट के लिए चार्ज करते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- डेक्कन संस्थान, पुणे
- पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला
- मद्रास विश्वविद्यालय केरल विश्वविद्यालय, केरल
- भारथिअर यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर



# डॉक्टर बनने के लिए जरूरी है नीट परीक्षा ऐसे करें तैयारी

**नीट परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।**

नीट मतलब नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट! यह परीक्षा देशभर में मेडिकल कॉलेजेज में एडमिशन लेने के लिए आयोजित की जाती है। 12वीं के बाद अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं और इससे संबंधित एमबीबीएस अथवा बीडीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं तो आप को इस नीट का एग्जाम देना ही पड़ेगा। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा इसके लिए एंट्रेंस एग्जामिनेशन प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।

जान लें कि अगर आपने 12वीं की पढ़ाई ठीक ढंग से की है, खासकर बायोलॉजी, फिजिक्स व केमिस्ट्री में, तो आप इस परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं, किंतु ध्यान रखने वाली बात यह है कि यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एकमात्र मेडिकल परीक्षा है। अत : कंपटीशन बेहद कठोर होता है। अत : मुश्किल तो होगी, किन्तु यह नामुमकिन कतई नहीं है! परीक्षा के माध्यम की बात करें तो हिंदी और अंग्रेजी में इसके प्रश्न दिए जाते हैं। अगर आप इस परीक्षा में पास हो जाते हैं तो ऑनलाइन इसकी काउंसलिंग होती है और नेशनल लेवल के अलावा स्टेट लेवल पर भी इसकी काउंसलिंग कंडक्ट की जाती है। इसमें अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से सीटों को आवंटित किया जाता है। एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर इसकी दूसरी कई जानकारियां आपको मिल जाएंगी। यहां तक कि आप मॉक टेस्ट का पेपर भी यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं और उस हिसाब से अपनी तैयारी को धार दे सकते हैं। कॅरियर एक्सपर्ट्स तैयारी के लिए सलाह देते हैं कि आपको काफी पहले से इस पर ध्यान देना होता है, किंतु जिस स्तर का टफ एग्जामिनेशन होता है, उसे देखते हुए आपको अंतिम के तकरीबन 2 महीने बेहद सटीकता से रिवीजन पर बिताना होगा। इसके लिए आपको न केवल स्ट्रेस से बचना होगा, बल्कि बेहतरीन तैयारी के लिए पूरी शेड्यूलिंग करके अलग-अलग सब्जेक्ट पर ध्यान देना होगा। ध्यान रहे! यह कोई साधारण एग्जामिनेशन नहीं है, इसलिए आप भिन्न एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन लेने में संकोच ना करें। इसमें पिछले वर्ष के टॉपर्स का इंटरव्यू आपको मिल जाएगा, जिसे आपको पढना-सुनना चाहिए। इसी प्रकार से जो दूसरे एक्सपर्ट्स हैं, उनकी राय भी आपको काफी लाभ पहुंचा सकती है। किन्तु अंत में आपका डिसिप्लिन और बेहतरीन रिवीजन के साथ मॉक टेस्ट पेपर अधिक से अधिक बार सॉल्व करना आप के लिए सबसे मददगार साबित हो सकता है। कंप्रिहेंसिव रिवीजन इसमें काफी फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए आपको एनसीआरटी बुक्स का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। अंत में आपको संपूर्ण सिलेबस पर ध्यान देना होता है और सिलेक्टिव टॉपिक्स को स्टडी करने से बचना है। आपको सम्पूर्ण कोर्स के अधिक से अधिक हिस्सों को, कम से कम समय में कवर करने की कोशिश करनी चाहिए। ध्यान रहे, इसका कोई शॉर्टकट नही है, बल्कि कड़ी मेहनत ही आपको इसमें इक्षित परिणाम दे सकती है।



# सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के इरादे से उतरेगी मुम्बई इंडियंस



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का मुकबला मुम्बई इंडियंस से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। सनराइजर्स को हालांकि अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। मुम्बई इंडियंस लगातार दो मैच जीतकर अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सनराइजर्स की टीम नौवे नंबर पर है। ऐसे में मुंबई का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि पिछले दो मैच जीतने से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। सनराइजर्स की ताकत उसकी बल्लेबाजी है और उसमें वह इस सत्र में असफल रही है जिसके कारण उनकी संभावनाएं कम हो गयी हैं। सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स के लिए आगे की रहा भी कठिन है । उसके आक्रामक बल्लेबाज विफल रहे हैं इसके अलावा गेंदबाज भी लय में नहीं दिखे। सनराइजर्स को अब तक धीमी और टर्निंग पिचों पर दिक्कतें आई है। कप्तान पैट कमिंस की ये टीम पिछले दो मैच अपने घरेलू मैदान पर हारी है। वहीं वानखेड़े स्टेडियम की कठिन पिच पर मुंबई ने उसे चार विकेट से हराया और इसी मैच में उसकी कमजोरियां उभर आयीं थीं। सनराइजर्स की ओर से रन बनाने की जिम्मेदारी सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड पर रहेगी। पावरप्ले में उनका सफल रहना टीम के लिये जरूरी है। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां पिछले मैच में 55 गेंद में 141 रन बनाए बनाकर अपनी क्षमता दिखायी थी पर हेड के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। सनराइजर्स को अब उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सनराइजर्स ने 24 में से 10 मैच जीते और 14 हारे हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के लिये अपने मैदान से बाहर अपने को आजमाने का और लय बनाए रखने का यह अच्छा अवसर है। इससे प्लेऑफ के लिए भी उसकी संभावनाएं बनेंगी। पिछले मैच में अनुभवी रोहित शर्मा के भी फार्म में आने से मुम्बई को लाभ होगा। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव व तिलक वर्मा जैसे अच्छे बल्लेबाज उसके पास है। उसकी गेंदाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पर आधारित रहेगी। वहीं मुम्बई के बल्लेबाजों का हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंट और मोहम्मद शमी से सावधान रहना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

# जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है।

जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्डतोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके।

महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है।

बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

# आईपीएल 2025 में मैच फिक्सिंग के आरोप !, लखनऊ से हार के बाद राजस्थान रॉयल्स पर उठे सवाल



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** आईपीएल 2025 में मैच फिक्सिंग की खबरें सामने आ रही हैं और शक के घेरे में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली टीम राजस्थान रॉयल्स है। जयपुर में लखनऊ सुपर जायंट्स के हाथों राजस्थान की 2 रन से मामूली हार को मैच फिक्सिंग से जोड़ा जा रहा है और इसे लेकर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने हरकत में आते हुए औपचारिक जांच की मांग की है।

राजस्थान की टीम 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय में नजर आ रही थी लेकिन आवेश खान के अंतिम ओवर ने मैच को लखनऊ के पक्ष में रुख नहीं बदल दिया। आखिरी छह गेंदों पर सिर्फ 9 रनों की जरूरत थी, राजस्थान टीम लड़खड़ा गई जिससे प्रशंसकों और अधिकारियों के बीच संदेह और रोष फैल गया। RCB की सरकार द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति के संयोजक और श्रीगंगानगर के विधायक जयदीप बिहानी ने राजस्थान के प्रदर्शन की वैधता पर गड़बड़ी की बात कही है। एक मीडिया हाउस से बातचीत में बिहानी ने कहा, 'अपने घरेलू मैदान पर, जब अंतिम ओवर में इतने कम रन चाहिए होते हैं, तो आप कैसे हार जाते हैं? कुछ तो गड़बड़ है। एमओयू न होने का बहाना बेकार है। अगर कोई एमओयू नहीं है, तो आप अभी भी हर मैच के लिए जिला परिषद को भुगतान क्यों कर रहे हैं?' राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल 2025 में प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उन्होंने अपने पिछले चारों मैच गंवाए हैं जिससे वह 8 में से मात्र 2 ही मैच जीत पाई है। इससे राजस्थान 4 अंक और -0.633 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में 8वें स्थान पर है और टीम के प्लेऑफ में क्वालीफाई करने की राह मुश्किल नजर आ रही है।

# आईपीएल में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में बदलाव, सुदर्शन और कृष्णा शीर्ष पर पहुंचे




**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तकरीबन आधे मैच हो गये हैं। इसम दौरान सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में भी बदलाव आया है। शुरुआत से शीर्ष पर चल रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन की जगह पर अब गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ऑरेंज कैप की दौड़ में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। सुदर्शन ने इस सत्र में अब तक 8 मैचों में 59.57 की औसत से 417 रन बनाये हैं। वह 400 रनों तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अर्धशतक लगाकर पूरन को पीछे छोड़ा। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए।

उन्होंने 8 मैचों में 52.57 की औसत से 368 रन बनाए हैं। वहीं अब पूरन दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में गुजरात के जोस बटलर तीसरे स्थान पर पहुंच हैं। बटलर 8 मैचों में 345 रन बना चुके हैं। उनका औसत 69.00 का है। बटलर के कारण सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली चौथे और पांचवें स्थान पर फिसल गये हैं। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार ने 8 मुकाबलों में 55.50 की औसत से 333 रन बनाये हैं। आरसीबी के कोहली ने आठ मैचों में 64.40 की औसत से 322 रन बनाये हैं।

ऑरेंज कैप ही नहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में भी बदलाव आया है। इसमें गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में नंबर एक पहुंच गये हैं। उन्होंने अब तक 14 विकेट लिए हैं। वहीं 12 विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव दूसरे और इतने ही विकेट लेकर गुजरात के साई किशोर तीसरे नंबर पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के स्पिनर नूर अहमद और आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भी 12-12 विकेट लिए हैं और ये चौथे व पांचवें नंबर पर हैं।

## सुदर्शन ने आईपीएल में पांच अर्धशतक लगाकर टीम इंडिया के दावेदारी पेश की



कोलकाता । गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक अपना पांचवा अर्धशतक लगा दिया है । इससे सुदर्शन सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली औरेंज कैप की दौड़ में भी शीर्ष पर पहुंच गये हैं । सुदर्शन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तेजी से अर्धशतक लगाकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को भी करारा जवाब दिया है । बीसीसीआई ने एक दिन पहले ही केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा की थी पर उसमें सुदर्शन का नाम शामिल नहीं था । वहीं केवल एक शतक लगाने वाले ईशान किशन को तक अनुबंध में जगह मिली है। सुदर्शन के प्रदर्शन में जो निरंतरता है । उससे उन्होंने भारतीय टम में जबह के लिए भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है । साई के अब 33 आईपीएल मुकाबलों में 48 की औसत के साथ 1451 रन हो गए हैं । उनके नाम पर एक शतक और 11 अर्धशतक हो गए हैं । वह आईपीएल इतिहास में 33 मैच खेलकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं । उनकी आईपीएल में शुरूआत साल 2022 में हुई थी जब उन्होंने 5 मैचों में 145 रन बनाए थे । इसके बाद 2023 सीजन में उन्होंने 8 मैचों में 362 रन तो 2024 सीजन के 12 मैचों में 527 रन बनाए थे । साई को उनके प्रदर्शन के कारण फेंचाइजी ने आईपीएल नीलामी से पहले ही 8.5 करोड़ रुपए में रिटेन कर लिया था ।

# जुलाई में सिंगापुर में होगी आईसीसी की सलाना बैठक, तीनो प्रारुपों को लेकर अहम फैसले होंगे

दुबई । विश्व क्रिकेट की शीर्ष संस्था (आईसीसी) की सालाना कॉन्फ्रेंस जुलाई में सिंगापुर में होगी । इसमें (आईसीसी) तीनो ही प्रारुपों को लेकर खेल से जुड़े कुछ अहम फैसले ले सकती है । इसमें एकदिवसीय क्रिकेट के भविष्य को बचाये रखने पर भी बात होने की संभावना है। नये आईसीसी प्रमुख जय शाह पहली बार इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे । इस बैठक में क्रिकेट समिति की सिफारिशों पर भी बात होगी । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली समिति ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए कुछ सुझाव भी दिये हैं । जिसमें 25वें ओवर से एक ही गेंद का इस्तेमाल किये जाने की बात कही गयी है। अभी दो गेंद प्रयोग में लायी जाती है । इस तरह पचासवें ओवर में जो गेंद इस्तेमाल होती है व 25 ओवर पुरानी ही गेंद होती है । इस बदलाव से रिवर्स स्विंग करने वाले तेज गेंदबाजों को सहायता मिलेगी जिससे गेंद और बल्ले की टक्कर बराबरी की होगी । वहीं टेस्ट मैच में इन-गेम क्लॉक को शुरू करने पर विचार होगा जिससे कम अंतराल में ही ओवर हो और प्रतिदिन 90 ओवर पूरे किये जा सकें ।



# आईपीएल : शुभमन नर्वस नाइंटी का शिकार होने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने



कोलकाता । गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में 90 रनों पर आउट हो गये । इस प्रकार शुभमन आईपीएल इतिहास में दो या अधिक बार नर्वस नाइंटी का शिकार होने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए है। इससे पहले भारत के रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल और विराट कोहली भी 90 रनों पर पहुंचने के बाद आउट हुए थे । इस सूची में पहले नंबर पर रुतुराज हैं । रुतुराज तीन बार 90 रनों तक पहुंचने के बाद आउट हुए हैं ।

इससे पहले साल 2022 में शुभमन पंजाब किंग्स के खिलाफ 96 रन पर आउट हुए थे । शुभमन इस मैच में खेली पारी के साथ ही 300 रनों से ऊपर पहुंच गये हैं । अब उनके नाम 8 पारियों में 153.26 की स्ट्राइक रेट से 305 रन हो गये हैं, जिसके साथ वह ऑरेंज कैप की रेस में 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं । शुभमन के साथ ही साई सुदर्शन ने भी इस मैच में 36 गेंदों पर 52 रन बनाकार औरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया है। सुदर्शन के अब 8 पारियों में 152.18 की स्ट्राइक रेट से कुल 417 रन हो गये हैं । आईपीएल में 90 पर आउट होने वाले आठ खिलाड़ी इस प्रकार हैं। इसमें चार विदेश भी हैं। रुतुराज गायकवाड़, ग्लेन मैक्सवेल, डेविड वार्नर, क्रिस गेल, फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली, शुभमन गिल और केएल राहुल.

# कैप्टन कूल धोनी बोले- मैं लस्सी नहीं पीता, 5 लीटर दूध रोज की कहानी है झूठी



**मुंबई (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी ने जब करियर के शुरुआती दिनों में जब पाकिस्तान के खिलाफ 183 रन की पारी खेली थी तो ऐसे अफवाह उड़ी थी कि धोनी बड़े छक्के लगाने के लिए रोज 5 लीटर दूध पीते हैं। उक्त बात में कितनी सच्चाई है इसका खुलासा महेंद्र सिंह धोनी ने खुद ही एक कार्यक्रम के दौरान कर दिया है। दरअसल, एमएस धोनी वर्तमान में आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की अगुआई कर रहे हैं। रुतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उन्हें फिर से नेतृत्व की भूमिका दी गई। प्रचार कार्यक्रम के दौरान धोनी से उनके जीवन की सबसे अजीब अफवाह के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के दूध की कहानी के बारे में बात की।

बहरहाल, धोनी ने कहा कि मैं दिन में 5 लीटर दूध पीता हूं। जैसे ही उन्होंने यह कहा, एंकर को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि यह एक अफवाह थी। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने फिर स्पष्ट किया कि एक औसत व्यक्ति प्रतिदिन 5 लीटर दूध नहीं पी सकता। उन्होंने कहा कि मैं शायद दिन भर में एक लीटर दूध पीता था। लेकिन चार लीटर - यह किसी के लिए भी थोड़ा ज्यादा है।

बता दें कि धोनी ने बीते दिनों चेन्नई की अगले साल की योजनाओं पर भी बड़ा संकेत दिया था। उन्होंने कहा कि टीम इस अभियान में भी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना चाहेगी, अगर ऐसा नहीं होता है, तो लक्ष्य अगले साल के लिए योजनाएं तैयार करना है। ये हमारे सामने सवालिया निशान हैं, कुछ कैच हैं और इससे मदद मिलेगी। इसके अलावा हम सिर्फ कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे सामने जितने भी खेल हैं, उनमें से हमें जीतना है, हम एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे और अगर हम कुछ हार जाते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन प्राप्त करना महत्वपूर्ण होगा। आप नहीं चाहते कि बहुत सारे खिलाड़ी बदले जाएं, जो महत्वपूर्ण होगा वह है कोशिश करना और क्वालीफाई करना, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो अगले साल के लिए सुरक्षित 11 प्राप्त करना और मजबूत वापसी करना।


आईपीएल 2024 की अंक तालिका में फिलहाल पॉइंट टेबल में आखिरी स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स ने सिर्फ 2 ही गेम जीते हैं। टूर्नामेंट के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना उनके लिए बहुत मुश्किल है क्योंकि उन्हें अब अपने सभी बचे हुए गेम जीतने होंगे। हाल ही में उन्हें इस सीजन की छठी हार का सामना करना पड़ा, जब उन्हें रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने हराया। फ्रैंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अगले गेम में मजबूत वापसी करने के लिए उत्सुक होगी।

# हसन अली को पाकिस्तान टीम में वापसी की उम्मीद, दिया कड़ा संदेश

**कराची (पाकिस्तान)(एजेंसी) ।** कराची किंग के तेज गेंदबाज हसन अली ने चयन समिति को एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि 'अभी खत्म नहीं हुआ है' और पाकिस्तान सुपर लीग में अपने शानदार प्रदर्शन को राष्ट्रीय टीम में भी जारी रखते हुए पाकिस्तान के लिए 'अधिक' योगदान देना चाहते हैं। हसन ने PSL के 10वें संस्करण में कराची के तेज गेंदबाज के रूप में काम किया है। सरल गेंदबाजी एक्शन, परिवर्तनशील गति और विविधताओं का मिश्रण पाकिस्तान के प्रमुख टी20 टूर्नामेंट में उनकी सफलता के पीछे प्रमुख कारक रहे हैं। 30 वर्षीय जो 14 मई, 2024 को आयरलैंड के खिलाफ टी20आई में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने के बाद से टीम से बाहर हैं, राष्ट्रीय टीम में अधिक योगदान देने की दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

हसन ने एक मीडिया हाउस से कहा, 'मैं 30 साल का हो गया हूं, अभी खत्म नहीं हुआ हूं। मैं पाकिस्तान के लिए और अधिक योगदान देना चाहता हूं, लेकिन मुझे पता है कि चयन प्रदर्शन पर निर्भर करता है। मेरा काम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना है।' उन्होंने कराची के लिए सफेद गेंद से अपने प्रभावशाली स्पेल से कमाल दिखाया है और टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 5 पारियों में 10 विकेट लिए हैं, उनका औसत 16.00 रहा है जबकि इकॉनमी 8.00 रही है।

अपनी सफलता को समझते हुए हसन ने अपनी तकनीकी वृद्धि का श्रेय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन में कठोर सत्रों को दिया। उन्होंने बताया, 'मैंने अपनी गेंदबाजी में खामियों को पहचाना, अपने बेसिक्स पर काम किया और कुछ चीजों को संशोधित या फिर से संशोधित किया। इसके साथ ही मैंने अपने आहार और चोट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, जिसने सामूहिक रूप से बड़ा प्रभाव डाला।'



# आईपीएल से पीएसएल का कोई मुकाबला नहीं : अकमल



लाहौर । पाकितान के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने पाक सुपर लीग (पीएसएल) की तुलना इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करने पर जमकर फटकार लगायी है । अकमल ने कहा कि आईपीएल ओर पीएसएल में कहीं कोई मुकाबला नही है । अकमल ने पीएसएल आयोजन को लेकर पीसीबी प्रबंधन को भी आड़े हाथों लिया है । इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि पीएसएल में खेल रहे खिलाड़ियों और टीमों का प्रदर्शन बहद घटिया है। साथ ही कहा कि पीएसएल फेंचाइजी की मेंटेलिटी भी सही नही है । अकमल ने सोशल मीडिया में आईपीएल और पीएसएल की तुलना करते हुए कहा, कि आईपीएल में क्या जबरदस्त मैच देखने को मिल रहा है और क्यों न कहें कि वह नंबर 1 क्रिकेट लीग है । क्रिकेट की क्वालिटी देखें, बड़े से बड़ा स्कोर टीमें हासिल कर रही हैं । कही कोई परेशानी नही है सभी आराम से खेल रहे हैं । यही आईपीएल की सबसे बड़ी सफलता है वह इतनी बड़ी लीग बन गई है, जहां पहुंचने का कोई सोच भी नही सकता । वहीं हमारे यहां पीएसएल में खिलाड़ी हैरान हैं और दर्शकों को भी रोमांच मैच देखने नही मिल रहे । साथ ही कहा कि हमारे खिलाड़ियों का आईपीएल देखकर सीखना होगा। अकम ने कहा गुजरात और दिल्ली के मैच को लेकर कहा अहमदाबाद दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम हैं, जहां 70-80 हजार लोग बैठे होंगे । वहां पर गुजरात ने किस तरह से 200 से ऊपर का स्कोर हासिल कर लिया। दिल्ली ने 203 रन बनाए। सारे बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। गुजरात के बल्लेबाजो ने भी कमाल का प्रदर्शन करके मैच जीता। इनकी बल्लेबाजी को हमारे बल्लेबाजो को देखना चाहिए, कि कैसे मैच बनाया जाता है। हमारे पीएसएल में भी ऐसे ही लक्ष्य का पीछा करना आना चाहिये । वहीं पीएसएल में जो भी टीम जीत रही है उसमें विदेशी खिलाड़ियों की ही भूमिका है ।

# मेरे पर कौन सा दहेज का केस, मैं तो कुंवारा हूं : अमित मिश्रा

नई दिल्ली - अनुभवी भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा ने स्पष्ट किया कि वह 'अविवाहित' हैं और उन्होंने उन मीडिया रिपोर्टों का जोरदार खंडन किया जिनमें उन पर घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए गए हैं । मिश्रा ने कहा, 'यह देखना वाकई निराशाजनक है कि क्या प्रसारित किया जा रहा है। मेरी तस्वीर का इस्तेमाल एक फर्जी खबर चल रही है। मैं अविवाहित हूं और यह बात सभी जानते हैं, फिर भी मेरी तस्वीर के साथ ऐसी निराधार कहानी प्रकाशित की जा रही हैं। आखिर ये मीडिया हाउस क्या कर रहे हैं? अगर वे अपनी गलती नहीं सुधारते हैं, तो मैं उनके खिलाफ कार्रवाई करूंगा। मेरा परिवार इससे बहुत परेशान है। यह पत्रकारिता नहीं है।' मिश्रा की नाराजगी कई मीडिया रिपोर्टों के जवाब में आई है, जिसमें दावा किया गया है कि एक क्रिकेटर और उसके परिवार पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है जिसमें उसकी 'पत्नी' द्वारा एक करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग और 10 लाख रुपए और एक कार की दहेज मांग का आरोप लगाया गया है। हालांकि रिपोर्ट में मिश्रा का नाम स्पष्ट रूप से नहीं था, लेकिन कुछ आउटलेट्स ने कहानी के साथ उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया, जिसे उन्होंने 'बेहद निराशाजनक' करार दिया है।



# 9 बल्लेबाज थे, फिर भी नहीं जीते, आरोन फिंच से उठाए इस टीम पर सवाल

**खेल डैस्क।** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप 2021 विजेता कप्तान आरोन फिंच को कोलकाता की बल्लेबाजी रणनीति 'बेहद अजीब' लगी। मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में खरीदे गए श्रेयस अय्यर 19 गेंदों में सिर्फ 14 रन बनाकर संघर्ष करते दिखे। उनके आउट होने पर केकेआर का स्कोर 11.3 ओवर में 84/3 था, और रन रेट 13 प्रति ओवर से ऊपर पहुंच चुका था।

फिंच ने कोलकाता की रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके पास 9 बल्लेबाज थे, जिससे पता चलता है कि वे शुरू से आक्रामक रुख अपनाएंगे और रन रेट को लक्ष्य के करीब या उससे आगे रखने की कोशिश करेंगे, ताकि बाद में विकेट गिरने पर गुंजाइश बनी रहे। लेकिन 200 रनों का पीछा करने के लिए यह बहुत खराब रणनीति थी। उन्होंने आगे कहा कि 10 ओवर बाद खेल खत्म हो चुका था। उन्होंने रन रेट को इतना बढ़ने दिया कि बस रन बनाने की कोशिश में लगे रहे। यह एक अजीब पारी थी।

फिंच ने कोलकाता की लंबी बल्लेबाजी लाइनअप, जिसमें अंगकृष रघुवंशी नंबर 9 पर बल्लेबाजी करने आए, के बावजूद विकेट बचाने की रणनीति को आलोचना का पात्र बताया। उन्होंने कहा कि वे हार को 100 रनों तक सीमित करने के इरादे से खेले। यह ऐसा था जैसे वे 160 रन बनाकर संतुष्ट हों। यह एक भयानक बल्लेबाजी प्रदर्शन था।'

मैच में कोलकाता की शुरुआत खराब रही। क्विंटन डी कॉक की जगह ओपनिंग करने आए रहमानुल्लाह गुरबाज पहले ही ओवर में मोहम्मद सिराज द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। सुनील नरेन 13 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुए। अजिंक्य रहाणे ने 36 गेंदों में 50 रन बनाए, जो टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर रहा। रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो गया था। रघुवंशी ने 13 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर हार का अंतर कुछ कम किया। कोलकाता की यह 8 मैचों में पांचवीं हार थी, जिससे उनके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कमजोर हो गई हैं।



## अमृतपाल समर्थकों ने रची शाह समेत कई नेताओं पर हमले की साजिश!

चंडीगढ़ (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर हमले की साजिश रचने के आरोप मे पंजाब पुलिस ने मोगा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर लीक हुई चैट में अमित शाह, बिट्टू, मजीठिया और तलवाड़ा जैसे नेताओं पर हमले की योजना का जिक्र था। ग्रुप में विदेशी फंडिंग, हथियारों की खरीद और भड़काऊ सामग्री के प्रचार जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी।इस साजिश का खुलासा एक व्हाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब डे टीम की लीक हुई चैट से हुआ है। यह व्हाट्सएप ग्रुप कथित तौर पर अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा चलाया जा रहा था, जो इस समय असम के डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद हैं। पुलिस ने इस मामले में लखदीप सिंह सरदारगढ़ (बठिंडा), बलकार सिंह (खन्ना) और पवनीदीप सिंह (मोगा) को मुख्य साजिशकर्ताओं के रूप में चिन्हित किया है। वहीं, बलकार सिंह और पवन्दीप सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। मोगा के साइबर क्राइम थाने मे रिपोर्ट दर्ज की गई है।बिक्रम मजीठिया ने अमृतपाल के कथित ऑडियो क्लिप्स जारी किए हैं, जिसमें वो गैंगस्टरों से रिश्तों, लूट के माल और राजनैतिक साटगांठ की बात कर रहा है। मजीठिया ने एनआईए जांच की मांग की है और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। उधर, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सुरक्षा एजेंसियों ने लीक चैट को गंभीरता से लेते हुए सभी लक्षित नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है।

## गूगल से मिलता-जुलता नकली ईमेल बना दिया साइबर ठगों ने

नई दिल्ली (एजेंसी)। साइबर अपराधियों ने गूगल से मिलता-जुलता नकली ईमेल बना दिया। साइबर ठगों ने एक युवक को मेल भेजकर उससे गूगल अकाउंट की जानकारी मांगी। युवक ने जब मेल में आए लिंक पर क्लिक किया तो वह ऐसे सपोर्ट पोर्टल पर चला गया, जो गूगल से होस्ट किया गया लगता था, लेकिन वह भी एक चाल थी। ऐसा करके साइबर अपराधी युवक के गूगल अकाउंट का पासवर्ड और यूजरनेम चुराना चाहते थे। गूगल की जानकारी में यह मामला आया है और अब आगे की कार्रवाई की जा रही है। नीक डॉट ईटीएच नाम के यूजर ने अपने साथ हुए वाकये को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। बताया है कि वह एक फिशिंग अटैक का शिकार हो गया। निक का कहना है कि उसने गूगल को इस मामले पर लिखा था। एक बग रिपोर्ट सबमिट की, लेकिन गूगल ने उसे सिक्योरिटी बग नहीं माना है। निक का कहना है कि ऐसी स्थिति में लोगों को अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि उन्हें गूगल से मिलती-जुलती आईडी से ईमेल आ सकता है और वह फिशिंग अटैक हो सकता है। निक नाम के यूजर का कहना है कि उसे 15 अप्रैल को एक ईमेल मिला। ऐसा ही ईमेल अड्रेस गूगल का भी है। उस ईमेल में निक से उनके गूगल अकाउंट की जानकारी मांगी गई थी और एक लिंक था। जब निक ने लिंक पर क्लिक किया तो वह एक अन्य सपोर्ट पेज साइट्स गूगल डॉट कॉम पर होस्ट कर दिए गए। निक का कहना है कि वह पेज गूगल की असली वेबसाइट जैसा ही लग रहा था। लेकिन असली नहीं था। वह एक धोखा था। उसका मकसद यूजर की डिटेल जैसे यूजरनेम और पासवर्ड चुराना था। बता दें कि लोगों की मेहनत गाढ़ी कमाई हजम करने के लिए साइबर अपराधी लोगों को निशाना बनाने के लिए हरेक तरकीब आजमा रहे हैं।

## राजौरी में मिला विस्फोटक मोर्टार शेल, सुरक्षा बलों ने किया नष्ट, जांच शुरु

राजौरी (एजेंसी)। सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के थानामंडी क्षेत्र के मन्याल गांव में एक उच्च विस्फोटक मोर्टार शेल को नष्ट कर दिया। पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है कि मोर्टार शेल गांव तक कैसे पहुंचा। सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर के सभी संवेदनशील जगहों पर सतर्कता बरत रहा है जिसका नतीजा है कि विस्फोटक बरामद किया गया। जम्मू-कश्मीर में हाल कि आतंकी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा बल चौकस है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक राजौरी के एक गांव से यह विस्फोटक बरामद किया है। अभी तक ये पता नहीं चला है कि इसे किस उद्देश्य से छिपाकर रखा गया था और इसके पीछे किसका हाथ था। बता दें कि इसी महीने में जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया था। इससे पहले 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चैकिंग के दौरान तीन कथित नार्को तस्करों को गिरफ्तार किया था और 22 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ जब्त किया था। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध लोग जम्मू से उधमपुर जा रहे एक वाहन में यात्रा कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया, जिसके बाद वाहस से संदिग्ध मादक पदार्थ बरामद किया गया था। पुलिस स्टेशन रहमबल में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि तस्करी के प्रयास के पीछे बड़े नेटवर्क का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने किया बीजेपी की मांग का समर्थन बोले-बंगाल में हिंदू डरे हुए हैं...

बेगूसराय (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल बीजेपी द्वारा हिंदू मतदाताओं के लिए अलग मतदान केंद्र बनाए जाने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि पश्चिम बंगाल में हिन्दू डरे हुए हैं, हिंदुओं को वोट तक नहीं डालने दिया जात हैं। गिरिराज ने कहा कि पश्चिम बंगाल बीजेपी ने जो मांग की है, वह बताती है कि पश्चिम बंगाल के ममता बनर्जी के नेतृत्व में हिंदू वोटरों को धमकाया जाता है और उन्हें वोट भी डालने नहीं देते हैं। वहां के हिंदू मतदाता सीएम ममता बनर्जी के व्यवहार से डरे हुए हैं। चुनाव आयोग ने अगर एक्शन नहीं लिया तो वहां के हिंदू वोटरों को बड़ी कठिनाई होगी। इससे पहले बीजेपी नेता सुवेन्दु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की थी। सुवेन्दु ने कहा कि बंगाल में हिन्दूओं को सताया जा रहा है, उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन के अंदर चुनाव कराना चाहिए। बिना राष्ट्रपति शासन के बंगाल में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव नहीं हो सकता है। जहां हिन्दू 50 फीसदी से कम हैं, वहां ये लोग हिन्दुओं को वोट डालने नहीं देंगे।


# नास्तिक हो रहा है दक्षिण कोरिया, अब तक 50 प्रतिशत बौद्धों ने धर्म छोड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण कोरिया में धर्म के प्रति लोगों का मोहभंग हो रहा है। वे नास्तिक बन रहे हैं और धर्म से कोई रिश्ता रखना नहीं चाहते हैं। इस तरह नास्तिक बनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है।प्यू रिसर्च सर्वे के अनुसार बौद्ध बहुल देश दक्षिण कोरिया में तो धर्म के प्रति आस्था लगातार कम हो रही है। सर्वे में जानकारी आई है कि साउथ कोरिया में करीब 50 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो वयस्क होने पर अपने उस धर्म से ही नाता तोड़ लेते हैं, जिसमें उनका जन्म हुआ होता है। इस मामले में हिंदू और मुसलमानों की स्थिति बेहतर है और उनका प्रतिशत बेहद कम है। प्यू रिसर्च के अनुसार भारत, बांग्लादेश में हिंदुओं का धर्मांतरण ना के समान है। यह सर्वे 36 देशों के 80,000 लोगों पर किया गया है।

दिलचस्प बात यह भी है कि यदि हिंदू धर्म छोड़ने वाले लोगों की संख्या कम है तो उसमें जुड़े वाले लोग भी कम हैं। सर्वे में भारत, श्रीलंका, अमेरिका और बांग्लादेश के हिंदुओं की जानकारी जुटाई गई है। इसमें सामने आया है कि भारत के 99 फीसदी हिंदू अपने जन्मजात धर्म पर कायम हैं। ऐसी ही स्थिति बांग्लादेश की है। श्रीलंका में 11 फीसदी हिंदू अपने जन्मजात धर्म को छोड़ रहा है तो वहीं अमेरिका में यह आंकड़ा सबसे बड़ा यानी 18 फीसदी है। अपने धर्म को छोड़ने वाले लोगों की बात की जाए तो उनमें सबसे ज्यादा लोग पढ़े-लिखे युवा हैं। यही नहीं लैंगिक आधार पर देखा जाए तो बड़ी संख्या पुरुषों की है। महिलाएं अमूमन अपने जन्मजात धर्म पर कायम रहती हैं।

हिंदू धर्म से नाता तोड़ने वाले लोगों की संख्या अमेरिका में सबसे ज्यादा है। भारत या अन्य देशों से अमेरिका में जाकर बसे हिंदुओं का सर्वे किया गया तो पता चला कि 18 फीसदी लोगों ने अपना धर्म बदल लिया है, जिसमें वे जन्मे थे। इनमें से ज्यादातर लोग अब खुद को नास्तिक कहलाना पसंद करते हैं या फिर ईसाई धर्म को अपना लिया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर श्रीलंका है। यहां के 11 फीसदी हिंदू ऐसे हैं, जिन्होंने अपने धर्म को छोड़ दिया है। ये लोग ईसाई बन गए हैं। लेकिन भारत और दुनिया भर के अन्य देशों का सर्वे करें तो हिंदुओं का आंकड़ा ईसाई और बौद्ध धर्म के लोगों के मुकाबले काफी कम है, जिन्होंने अपना धर्म छोड़ा हो। हिंदू और मुसलमानों की बड़ी आबादी ऐसी है, जो अपने जन्मजात धर्म पर कायम है।

अपने जन्मजात धर्म को छोड़ने वालों में सबसे बड़ी संख्या ईसाई और बौद्ध लोगों की है। स्पेन, स्वीडन, नीदरलैंड, जर्मनी, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और इटली जैसे देशों में ईसाई समुदाय के लोग तेजी से अपना धर्म छोड़ रहे हैं। यही नहीं इस धर्म में शामिल होने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। आंकड़ा बताता है कि स्पेन में 36 फीसदी ईसाई युवा होने पर अपने जन्मजात धर्म को छोड़ देते हैं। अमेरिका में यह आंकड़ा 22 फीसदी, ब्रिटेन,



फ्रांस में 28 और जर्मनी, नीदरलैंड एवं स्वीडन जैसे देशों में 30 फीसदी है। कनाडा में भी 29 फीसदी ईसाई अपने धर्म से नाता तोड़ लेते हैं। इनमें से ज्यादातर लोग नास्तिक कहलाना पसंद करते हैं। अब बौद्धों की बात करें तो साउथ कोरिया, जापान जैसे देशों में धर्म के प्रति आस्था और रुचि लगातार घट रही है।

## इस जन्म में बीजेपी बंगाल में ममता बनर्जी को नहीं हरा सकती : पप्पू यादव

पटना। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बड़ा दावा कर कहा है कि इस जन्म में बीजेपी बंगाल में ममता बनर्जी को नहीं हार सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा ममता बनर्जी को चुनौती नहीं दे सकती। सांसद यादव ने कहा कि भाजपा भारत में कभी भी अपने दम पर चुनाव नहीं जीत सकती। वे किसी के कंधे पर बंदूक रखकर ही जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी भाजपा सरकार नहीं बनाएगी, वहां राष्ट्रपति शासन के तहत शासन करना चाहती है। बता दें कि बंगाल में सियासत जबरदस्त तरीके से तेज है। मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर भाजपा ममता बनर्जी की सरकार पर हमलावर है। ममता पर भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगा रही है। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर राज्य के मुर्हिदाबाद जिले में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर तीखा हमलाकर उन पर धर्मनिरपेक्षता की आड़ में तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। सीएम धामी ने कहा कि बंगाल में जिस तरह के मुद्दे हो रहे हैं, उससे पूरा देश आंदोलित है। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर ममता बनर्जी जिस तरह की तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं, वह हमें 1947-48 की याद दिलाती है।



## एचसीएल जिगसॉ के छठे एडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**दिल्ली।** एचसीएल ने देश के सबसे बड़े प्रॉब्लम-सॉल्विंग प्लेटफॉर्म, एचसीएल जिगसॉ का छठा एडिशन पेश किया है। यह प्लेटफॉर्म खासतौर पर स्कूल के छात्रों के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनमें नवाचार, विश्लेषण और तार्किक सोच को बढ़ावा दिया जा सके। एचसीएल जिगसॉ का उदेश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समझने और सुलझाने में सक्षम बनाना है। इसमें कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों का मूल्यांकन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण स्किल्स के आधार पर किया जाता है, जिनमें रिसर्च, क्रिटिकल थिंकिंग और कम्युनिकेशन शामिल है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र या स्कूल www.hcljigsaw.com पर जाकर 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कुल 12 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि फाइनलिस्ट्स को दी जाएगी, जिसमें एचसीएल के इनोवेशन लैब्स में लर्निंग अवसर भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एचसीएल जिगसॉ सभी स्कूल के छात्रों को बिना किसी शुल्क के भाग लेने का मौका देता है। छठे एडिशन में, प्रोजेक्ट-आधारित चुनौती का उद्देश्य 'कोलैब, क्रिएट और कॉन्कर' रहेगा, जो इस साल के मिशन के तौर पर पेश किया गया है। सम्पूर्ण भारत के लिए संचालित की जा रही यह पहल भारत के शीर्ष युवा प्रॉब्लम सॉल्वर्स के विकास को बढ़ावा देने पर आधारित है, जो उनके क्रिटिकल थिंकिंग कौशल को एक सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से मजबूत करती है और इसके लिए उन्हें पुरस्कृत भी करती है। यह पहल भारत की नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप है, जो कॉग्निटिव लर्निंग (संज्ञानात्मक शिक्षा) और भविष्य के लिए तैयार स्किल्स को बढ़ावा देती है। इस पहल पर विचार करते हुए, रजत चंदोलिया, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और हेड- ब्रांड, एचसीएल ग्रुप, ने कहा, एचसीएल में, हमारा उद्देश्य युवाओं की क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि वे गतिशील दुनिया के साथ-साथ आगे बढ़ सकें। एचसीएल जिगसॉ कोई क्विज या ओलंपियाड नहीं है, बल्कि यह एक लॉन्चपैड है, जो युवा विचारकों, सहयोगियों और रचनाकारों को समर्पित है। अब तक हमें मिली भागीदारी शानदार रही है।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अब बेटे जीशान को मिली धमकी, मांगे 10 करोड़

### ईमेल भेजने वाले ने खुद को बताया डी कंपनी का सदस्य, पुलिस कर रही जांच

मुंबई (एजेंसी)। पिछले साल मुंबई में दबंग एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी और उनकी मौत ने सभी को चौंका दिया था। यह घटना ऐसे समय में हुई थी जब सलमान खान को जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं और बॉलीवुड भाईजान के घर के बाहर गोलियां चलाई गई थीं। कुछ दिन पहले ही सलमान को एक और धमकी मिली थी और यह धमकी मुंबई ट्रैफिक पुलिस के फोन पर आए एक व्हाट्सएप मैसेज के जरिए दी गई थी।

इस बीच अब बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने खुलासा किया है कि उन्हें ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है, जिसमें 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई है। महाराष्ट्र के पूर्व विधायक और एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी ने दावा किया कि उन्हें जो ई-मेल मिला है उसमें कहा गया है कि अगर उन्होंने डी-कंपनी का सदस्य होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को 10 करोड़ रुपए नहीं दिए तो उनके पिता बाबा सिद्दीकी की तरह उनकी भी हत्या कर दी जाएगी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और जीशान सिद्दीकी का बयान दर्ज किया जाएगा। जीशान ने कहा है पिछले तीन दिनों से उन्हें लगातार ई-मेल मिल रहे हैं, जिसमें लिखा है कि अगर आप 10 करोड़ रुपए नहीं देंगे तो बाबा सिद्दीकी की तरह उनकी भी हत्या कर दी जाएगी। ई-मेल भेजने वाले ने डी-कंपनी का सदस्य होने का दावा किया है और पुलिस से संपर्क न करने की चेतावनी दी है।

एनसीपी नेता जीशान ने कहा कि धमकी भरे संदेश उनके निजी ई-मेल अकाउंट पर भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि ई-मेल भेजने वाले ने दावा किया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ नहीं है, बल्कि डी-कंपनी है। डी-कंपनी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के



मुंबई में संगठित अपराध सिंडिकेट को दिया गया एक नाम है। जीशान ने कहा कि बार-बार मिल रहे ई-मेल से तंग आकर वह बांद्रा पुलिस से संपर्क किया।

## 'न संसद, न कार्यपालिका, संविधान सर्वोच्च है', उपराष्ट्रपति धनखड़ के बयान पर कपिल सिब्बल का पलटवार



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने एक बार फिर से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि न तो संसद और न ही कार्यपालिका बल्कि संविधान सर्वोच्च है। सिब्बल ने यह भी दावा किया कि अदालत ने जो कुछ भी कहा वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप था और राष्ट्रीय हित से प्रेरित था। सिब्बल की टिप्पणी एक्स पर पोस्ट के तुरंत बाद आई जब धनखड़ ने कहा कि संवैधानिक प्राधिकरण द्वारा बोला गया हर शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से निर्देशित होता है। हाल ही में शीर्ष अदालत की एक पीठ ने भारत के राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा उनकी मंजूरी के लिए आरक्षित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने की समयसीमा निर्धारित की है। निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका 'सुपर संसद' की भूमिका नहीं निभा सकती और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आ सकती। कपिल सिब्बल ने एक्स पर लिखा कि न संसद, न कार्यपालिका सर्वोच्च है। संविधान सर्वोच्च है। संविधान के प्रावधानों की व्याख्या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती है। इस देश ने अब तक कानून को इसी तरह समझा है! दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, धनखड़, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं, ने कहा कि संवैधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया हर शब्द राष्ट्र के सर्वोच्च, उदात्त हित से निर्देशित होता है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह बात दिलचस्प लगती है कि कुछ लोगों ने हाल ही में यह विचार व्यक्त किया है कि संवैधानिक पद औपचारिक और सजावटी हो सकते हैं। इस देश में हर किसी की भूमिका के बारे में गलत समझ से कोई भी दूर नहीं हो सकता है - चाहे वह संवैधानिक पदाधिकारी हो या नागरिक।'

## महाराष्ट्र की राजनीति में बन रहे नए सीमकरण, अजित और शरद पवार के बीच बढ़ रहीं नजदीकियां

मुंबई (एजेंसी)। मात्र 15 दिनों में चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार के बीच तीन बार मुलाकात हुई है। ये मुलाकात भले ही चाचा भतीजे के बीच हुई हो लेकिन सियासी गलियों में नए समीकरणों पर चर्चा होने लगी है। दोनों नेताओं ने मंच साझा किया है। दोनों नेताओं के बीच पहले जैसी तल्खी भी नहीं दिखी। इससे महाराष्ट्र की राजनीति में कयास फिर से तेज हैं कि दोनों नेता साथ आ सकते हैं। ये चर्चाएं ऐसे दौर में शुरू हुई हैं, जब शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे और मनसे लीडर राज ठाकरे के भी एकजुट होने के कयास लग रहे हैं।



ऐसे में यदि पवार परिवार में पावर की जंग कम हुई और एकता स्थापित होती है तो फिर यह बड़ा उलटफेर होगा। इस उलटफेर को यूं भी बल मिला है क्योंकि सुप्रिया सुले का कहना है कि भले ही हमने राजनीतिक रूप से अलग राहें अपना ली हैं, लेकिन परिवार के तौर पर हमारे रिश्ते कभी खराब नहीं रहे। सुप्रिया सुले के इस अच्छे रिश्तों वाले बयान से भी एकता की अटकलें लग रही हैं।

हालांकि इन कयासों के बीच राजनीतिक तंज भी शुरू हो चुके हैं। उद्धव सेना के लीडर संजय राउत ने तो साफ कहा कि ऐसा लगता है कि वे साथ आ गए हैं। संजय राउत ने कहा, दोनों पवार पहले ही साथ आ चुके हैं। क्या आपने कभी हमें एकनाथ शिंदे के साथ मंच पर देखा है? हम उनसे नहीं मिलते और न मिलेंगे। यही नहीं पवार फैमिली पर तंज कसते हुए राउत ने कहा कि हमारे शुगर और एजुकेशन से जुड़े संस्थान नहीं हैं। हमारे पास वसंत दादा शुगर इंस्टिट्यूट नहीं है। बता दें कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने भी अलग-अलग बयानों में साथ आने के संकेत दिए थे। दोनों का कहना था कि उनके लिए महाराष्ट्र और मराठी का हित पहले है। उद्धव ठाकरे का कहना था कि हम महाराष्ट्र के हित में साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

यही नहीं इस बीच उद्धव सेना के एक नेता का कहना है कि यदि शरद पवार और अजित पवार साथ भी आ जाएं तो कोई हैरानी की बात नहीं होगी। यही नहीं उद्धव सेना के लीडर ने कहा कि चाचा और भतीजे तो पहले ही साथ आ चुके हैं। शिवसेना के मंत्री संजय शिरसाट का कहना है कि यदि कुछ दिनों में शरद पवार और अजित पवार हाथ मिला लें तो फिर कोई हैरानी की बात नहीं होगी। सोमवार को शरद पवार और अजित पवार जब साथ आए तो तेजी से कयास लगने लगे। दोनों नेता ऐग्रिकल्चर और शुगर इंडस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। पुणे में आयोजित इस आयोजन को लेकर जब बात हुई तो अजित पवार ने ज्यादा चर्चा नहीं की। इतना ही कहा कि परिवार हमेशा साथ रहता है और हमारी मुलाकातों पर कयास नहीं लगाने चाहिए।

## बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित रामबन पहुंचे सीएम उमर अब्दुल्ला

**-केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा, जल्द सड़क मार्ग शुरु किया जाएगा**



जम्मू (एजेंसी)। बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए जम्मू-कश्मीर के रामबन में राहत कार्य जोरों पर जारी हैं। केंद्र यहां राहत कार्यों में समन्वय बनाये हुए है और खुद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि सबसे प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद प्रशासन अपना सर्वश्रेष्ठ काम कर रहा है। डीसी बसीर चौधरी व्यक्तिगत रूप से प्रभावित क्षेत्र में जमा हुए हैं। बिजली आपूर्ति बहाल की जा रही है। उन्होंने कहा है कि कई जलापूर्ति योजनाएं चालू कर दी गई हैं और शेष योजनाओं पर बहाली का काम जारी है।

वहीं जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को रामबन शहर में बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का निरीक्षण करने के बाद कहा कि काम में जितनी तेजी लाई जा सकती है उतनी तेजी लाई जा रही है। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि लोगों की कीमती जान ना जाए। हमारी सरकार ने लोगों को मौके से निकाला और उन्हें दूसरी जगहों पर बसाया... हमारी दूसरी प्राथमिकता सड़क को जोड़ना है, क्योंकि सड़कों के बिना राहत सामग्री लाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि अफसरों ने हमें यकीन दिलाया है कि अगले 24 घंटे में यह हाईवे सिंगल ट्रैक पर खोल दिया जाएगा। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि केंद्र सरकार की ओर से हमें जो मदद मिलनी चाहिए वह मिलेगी... हमारा पूरा प्रयास है कि अगले 24 घंटे के भीतर हाईवे खोला जाए। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी और खासकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मौके पर लाया जाए। बता दें कि उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि रामबन जिले में भारी बारिश और बादल फटने से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन्होंने प्रभावित परिवारों को पर्याप्त राहत देने का आश्वासन दिया है।

# जारी आंकड़ों ने चौंकाया, दिल्ली में इस साल 80 फीसदी बढ़े अपराध

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में 2025 के शुरुआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। वहीं, आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी दिल्ली पुलिस के आंकड़ों से मिली है। आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि में 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे।

इसी प्रकार एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। दिल्ली में रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले साल के 957 से बढ़कर इस साल 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ के मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में बढ़ोतरी के कारण हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित अलग-अलग कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है। 2025 के शुरुआती तीन महीनों में 6,836 मामले दर्ज किए गए हैं, जो 2024 में इस अवधि में 4,143 मामलों और 2023 में दर्ज 4,080 मामलों से काफी अधिक हैं। अधिकारी ने कहा कि आबकारी और एनडीपीएस मामलों में वृद्धि पुलिस के सक्रिय प्रयासों और अवैध शराब एवं मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ अभियानों की सफलता को दर्शाती है।

पुलिस इसके लिए शहर में निगरानी उपकरणों और मुखबिरों के नेटवर्क का भी इस्तेमाल कर रही है। आंकड़ों के मुताबिक दर्ज अपराधों के कुल मामलों में मामूली गिरावट देखी गई है। यह पिछले साल के शुरुआती तीन महीने में दर्ज 24,226 मामलों से बढ़कर इस साल इस अवधि में 27,066 हो गए हैं। हालांकि घरों में चोरी की घटनाएं 3,644 से घटकर 3,578 हो गईं। मोटर वाहन चोरी की घटनाएं भी काफी हद तक अपरिवर्तित रहीं, 2025 में 9,070 मामले दर्ज किए गए हैं।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**